जबलपुर
सोमवार, 15 सितंबर 2025
आश्विन मास कृष्ण पक्ष-08
वर्ष : 20, अंक : 139
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 31
न्यून. 24

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## भारतीय महिला बॉक्सर जैस्मिन लंबोरिया ने रचा इतिहास

# विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में जीता गोल्ड मेडल



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025 में स्वर्ण पदक जीतकर जैस्मिन लंबोरिया बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने 57 किलोग्राम वर्ग के खिताबी मुकाबले में पोलैंड की जूलिया स्जेरेमेटा को हराकर इतिहास रचा। पोलैंड की इस खिलाड़ी ने पेरिस ओलंपिक 2024 में सिल्वर मेडल जीता था। फाइनल की बात करें तो लंबोरिया पहले राउंड में पिछड़ रही थी।

■ फाइनल में पोलैंड की जूलिया को हराया

### कौन हैं जैस्मिन लंबोरिया?

विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने वाली जैस्मिन लंबोरिया 24 साल की हैं। उनका जन्म 30 अगस्त, 2001 को हरियाणा के भिवानी में हुआ था। लेंबोरिया एक मुक्केबाज परिवार से ताल्लुक रखती हैं, लेकिन फिर भी एक लड़की के लिए इस खेल में अपने करियर बनाना आसान नहीं था। हालांकि न सिर्फ उन्होंने अपने परिवार की विरासत को आगे बढ़ाया ।

## इंदौर में संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने मंत्री पटेल की 'परिक्रमा कृपा सार'

## पुस्तक का किया विमोचन

# दुनिया धर्म से चलती है, लॉजिक से नहीं निजी स्वार्थों से ही बढ़े दुनिया में टकराव

**सीएम ने कहा**-ऐसी पुस्तकें समाज में सकारात्मक बदलाव लाने और लोगों को संस्कृति से जोड़ने का काम करती हैं

**जब कोई व्यक्ति** स्वयं को दूसरों से श्रेष्ठ मानने लगता है, तभी संघर्ष और विवाद जन्म लेते हैं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने रविवार को इंदौर में कहा कि निजी स्वार्थ और अहंकार ने दुनिया में संघर्ष और टकराव को जन्म दिया है।

उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति खुद को दूसरों से श्रेष्ठ समझता है, तभी विवाद पैदा होते हैं। भागवत के अनुसार हमारी संस्कृति सिखाती है कि सभी एक ही हैं।

### दो परिक्रमा यात्राओं के अनुभवों पर लिखी किताब

मंत्री प्रहलाद पटेल ने बताया कि यह पुस्तक उनकी दो परिक्रमा यात्राओं 1994-96 और 2005 के अनुभवों पर आधारित है। पटेल ने कहा कि नर्मदा के तट पर बिताया गया समय उन्हें आध्यात्म और प्रकृति के करीब ले आया और उनके जीवन में गहरा बदलाव लाया।



### नर्मदा परिक्रमा हमें प्रकृति और संस्कृति से जोड़ने का माध्यम

*संघ प्रमुख ने अपने संबोधन में नर्मदा नदी और परिक्रमा की आध्यात्मिक व सामाजिक महत्ता पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि नर्मदा परिक्रमा केवल धार्मिक यात्रा नहीं है, बल्कि यह हमें प्रकृति और संस्कृति से जोड़ने का माध्यम है। यह अनुभव जीवन को नई दिशा देता है और व्यक्ति को आत्मचिंतन के लिए प्रेरित करता है।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल न. 1155
airtel चैनल न. 366

## खबर संक्षेप

### कई राज्यों में भूकंप के झटके, 5.8 रही तीव्रता



**नई दिल्ली।** असम के उदलगुड़ी समेत उत्तर-पूर्व भारत के कई हिस्सों में रविवार शाम को भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं, रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.8 मापी गई है। एनसीएस ने बताया कि इस भूकंप का केंद्र असम के उदलगुड़ी में था। इसकी गहराई 5 किलोमीटर थी। भूकंप के झटके दोपहर 5:20 बजे महसूस किए गए। घटना से किसी भी तरह की नुकसान की सूचना नहीं है।

### फिर स्थगित हुई माता वैष्णो देवी की यात्रा



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में स्थित प्रसिद्ध माता वैष्णो देवी मंदिर की तीर्थयात्रा लगातार बारिश के चलते अगले आदेश तक स्थगित कर दी गई है। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने एक्स पर इसकी जानकारी दी। यात्रा 19 दिन तक स्थगित रहने के बाद रविवार से फिर शुरू होने वाली थी, लेकिन मौसम की वजह से इसे फिलहाल रोक दिया गया है।

### पद्मविभूषण छन्नूलाल मिश्र अस्पताल में भर्ती



**वाराणसी।** प्रख्यात उपशास्त्रीय गायक पद्मविभूषण पं. छन्नूलाल मिश्र को शनिवार रात मिर्जापुर के रामकृष्ण मिशन अस्पताल में माइनर हार्ट अटैक आने के बाद बीएचयू के सर सुंदरलाल अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। जहां सघन चिकित्सा कक्ष में आईएमएस निदेशक प्रो. एसएन संखवार के नेतृत्व में डाक्टरों का दल उनकी निगरानी कर रहा है। रविवार को बुलेटिन जारी किया है।

### सट्टेबाजी एपः उर्वशी और मिमी को ईडी का समन



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला और पूर्व तृणमूल कांग्रेस सांसद व बंगाली अभिनेत्री मिमी चक्रवर्ती को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अवैध सट्टेबाजी एप मामले में तलब किया है। मिमी को 15 सितंबर को दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय में और उर्वशी को 16 सितंबर को पेश होने को कहा गया है। यह घटनाक्रम एप मामले की चल रही जांच का हिस्सा है।

मोदी ने रविवार को असम के दरांग जिले के मंगलदोई में 6,300 करोड़ रु. की स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की आधारशिला रखी

*प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी पूर्व की है, उत्तर पूर्व की है, उत्तर पूर्वी राज्यों के चमकने का समय आ गया*

# कांग्रेस मुझे कितनी ही 'गालियां' दे, मैं शिव भक्त, सारा जहर निगल लेता हूं



*◆ पीएम ने कहा कि कांग्रेस का पूरा ईकोसिस्टम मुझ पर टूट पड़ेगा कि मोदी फिर से रोना रोने लगा। मेरे लिए तो जनता-जनार्दन ही मेरा भगवान है, और मेरे भगवान के पास जाकर मेरी आत्मा की आवाज नहीं निकलेगी तो और कहां निकलेगी? यही मेरे मालिक हैं, यही मेरे पूजनीय हैं, यही मेरा रिमोट कंट्रोल हैं, और कोई मेरा रिमोट कंट्रोल नहीं है*

### पीएम ने कहा-पाकिस्तान का झूठ कांग्रेस का एजेंडा बन जाता है

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को असम के दरांग जिले के मंगलदोई में 6,300 करोड़ रु. की स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इस दौरान अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि देश के विकास में उत्तर पूर्वी राज्यों की अहम भूमिका है। पीएम मोदी ने कांग्रेस पर भारत रत्न भूपेन हजारिका का अपमान करने का भी आरोप लगाया। पूरा देश आज विकसित भारत के निर्माण के लिए एकजुट होकर आगे बढ़ रहा है।

**कांग्रेस चाहती है कि घुसपैठिए हमेशा के लिए भारत में बस जाएं और भारत का भविष्य घुसपैठिए तय करें**



## अब असम में बांस से बनेगा एथेनॉल

मोदी ने असम में नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड (एनआरएल) में असम बायो एथेनॉल संयंत्र का उद्घाटन किया और नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड (एनआरएल) में पॉलीप्रोपाइलीन संयंत्र की आधारशिला भी रखी। मोदी ने कहा कि यहां बांस से एथेनॉल बनाने की शुरुआत हुई है। इसका असम के लोगों को फायदा होगा। सरकार यहां के किसानों को बांस की खेती करने में मदद करेगी और खरीदी भी करेगी। असम और पूर्वोत्तर आत्मनिर्भर भारत अभियान का केंद्र है।

### मेक इन असम और मेक इन इंडिया की नींव मजबूत हो रही

उन्होंने कहा कि वो दिन भूलने नहीं है कि पिछली सरकार बांस काटने पर जेल में डाल देती थी। बांस आदिवासियों की रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा है। हमारी सरकार से बांस काटने से बैन हटा दिया। यह फैसला पूर्वोत्तर के लोगों को फायदा पहुंचा रहा है। मेक इन असम और मेक इन इंडिया की नींव मजबूत होने वाली है। अब असम की पहचान में पॉलीप्रोपाइलीन से बने उत्पाद होंगे। असम आत्मनिर्भर भारत अभियान का केंद्र है। असम को हमने बहुत बड़े अभियान के लिए चुना है।

### कांग्रेस के लोग पाकिस्तान की सेना के साथ खड़े हो जाते हैं

*कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए पीएम मोदी ने कहा कि जब कांग्रेस सत्ता में थी, तब पूरा देश आतंक से लहूलुहान होता था और कांग्रेस चुपचाप खड़ी रहती थी। आज हमारी सेना ऑपरेशन सिंदूर चलाती है, पाकिस्तान के कोने-कोने से आतंक को उखाड़ फेंकती है, लेकिन कांग्रेस के लोग पाकिस्तान की सेना के साथ खड़े हो जाते हैं। कांग्रेस के लोग हमारी सेना की बजाए आतंकियों को पालने वालों के एजेंडों को आगे बढ़ाते हैं। पाकिस्तान का झूठ कांग्रेस का एजेंडा बन जाता है। इसलिए आपको कांग्रेस के प्रति हमेशा सतर्क रहना चाहिए। कांग्रेस के लिए अपने वोट बैंक का हित सबसे बड़ा है। कांग्रेस देशहित की कभी परवाह नहीं करती है। आज कांग्रेस देशविरोधियों और घुसपैठियों की भी रक्षक बन चुकी है। जब कांग्रेस सत्ता में थी, तब वह घुसपैठ को बढ़ावा देती थी ।*

## पीएम मित्रा पार्क में शिलान्यास से पहले काम में तेजी

# 91 कंपनियों को आवंटित हुई लगभग 1300 एकड़ भूमि

मप्र के कॉटन कैपिटल बनने की ऐतिहासिक छलांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

धार जिले के भैंसोला में स्थापित होने वाले देश के पहले पीएम मित्रा पार्क (प्रधानमंत्री मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड अपैरल पार्क) के शिलान्यास के पहले ही देश की अग्रणी 114 टैक्सटाइल कंपनियों से 23 हजार करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। इन प्रस्तावों में से 91 कंपनियों और इकाइयों के आवेदन स्वीकृत कर उन्हें 1294 एकड़ से अधिक भूमि आवंटित किए जाने की अनुशंसा की जा चुकी है।

■ भूमि आवंटन की प्रक्रिया निरंतर रहेगी जारी

### रोजगार का आंकड़ा 3 लाख के पार जाएगा

*पार्क परियोजना पूर्ण विकसित होने पर रोजगार का आंकड़ा तीन लाख तक पहुंचने का अनुमान है। यह केवल संख्या नहीं, बल्कि लाखों परिवारों के जीवन में आने वाला ठोस बदलाव है। देश की जिन अग्रणी टैक्सटाइल कंपनियों को पीएम मित्रा पार्क में भूमि आवंटित की गई है, उनके बड़े स्तर पर निवेश के प्रस्ताव मिले हैं। इसमें प्रमुख रूप से वर्धमान टैक्सटाइल्स लिमिटेड 2000 करोड़ रुपए का निवेश कर 190 एकड़ भूमि पर इकाई स्थापित करेगा।*

## भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बताया

# दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनी भाजपा, 14 करोड़ सदस्य

**पार्टी में दो करोड़ सक्रिय सदस्य**



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि 14 करोड़ सदस्यों के साथ भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन गई है। भाजपा में दो करोड़ सक्रिय सदस्य हैं। नड्डा ने बताया कि पार्टी के देश भर में 240 लोकसभा सदस्य, लगभग 1,500 विधायक और विधान परिषदों में 170 से ज्यादा सदस्य हैं।

## लखनऊ एयरपोर्ट पर टला बड़ा हादसा

# टेकऑफ ही नहीं कर पाया इंडिगो का प्लेन, रोका गया



**सपा सांसद डिंपल यादव समेत 151 यात्री थे सवार**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के लखनऊ एयरपोर्ट पर रविवार को दिल दहला देने वाला नजारा सामने आया। यहां दिल्ली जा रही इंडिगो की फ्लाइट टेकऑफ के दौरान रनवे पर ही रुक गई। कैप्टन ने समय रहते विमान को रोककर 151 यात्रियों की जान बचाई। इस विमान में समाजवादी पार्टी की सांसद और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव भी मौजूद थीं। विमान ने रनवे पर तेज रफ्तार पकड़ी, लेकिन फिर भी हवा में नहीं उठ सका। फ्लाइट के कैप्टन ने चतुराई से रनवे के अंतिम छोर से पहले ही विमान को रोक दिया।

## मंडला में उल्टी-दस्त की शिकायत

# हड़कंप मचा : बीमारी से एक परिवार के 4 लोगों की मौत



**कुए का दूषित पानी हो सकता है कारण**

**मंडला।** जिले के घुघरी तहसील के लाफन ग्राम पंचायत के सिमरिया गांव में उल्टी-दस्त से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। तीन की मौत दो दिन में हुई है। मरने वालों में 18 महीने का बच्चा भी शामिल है। बताया जाता है कि सभी को डायरिया हुआ था। परिवार में अन्य लोगों की हालत भी खराब है। मृतकों में मुन्ना केराम (48), नरवदिया केराम (68), देवीसिंह केराम (44) और 18 महीने का आदित्य (अमरसिंह केराम का पुत्र) शामिल हैं।

## पहली स्वदेशी मलेरिया वैक्सीन

# खून में पहुंचते ही बना देगी कवच, नाम एडफाल्सीवैक्स



**इसे बनाने के लिए 5 भारतीय कंपनियों को दिया लाइसेंस**

**नई दिल्ली।** भारत ने मलेरिया के खिलाफ लड़ाई में एक बड़ा और ऐतिहासिक कदम उठाया है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने 5 भारतीय कंपनियों को देश में बनी पहली मलेरिया की वैक्सीन एडफाल्सीवैक्स बनाने की मंजूरी दी है। ये वैक्सीन बहुत खास है क्योंकि ये मलेरिया के कई स्टेज पर असर करती है और मरीज को सुरक्षित रखने की ताकत भी रखती है। एक्सपट्र्स का कहना है कि ये कदम भारत में 2030 तक मलेरिया को पूरी तरह खत्म करने के मिशन में मददगार साबित होगा।

## यूपीआई के नियमों में आज से नए बदलाव

सामान्य यूपीआई ट्रांजैक्शन में कोई बदलाव नहीं हुआ

# खास कैटेगरी में एक दिन में 10 लाख रु. तक लेन-देन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**काम की खबर**

अगर आप पेटीएम, गूगल पे, फोन पे का इस्तेमाल करते हैं तो यह खबर आपके लिए काम की है। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने यूपीआई लेन-देन से जुड़े कुछ अहम बदलावों का ऐलान किया है।

ये बदलाव 15 सितंबर यानी सोमवार से लागू हो जाएंगे। नए नियमों के तहत, इंश्योरेंस प्रीमियम, क्रेडिट कार्ड बिल पेमेंट और सरकारी ई-मार्केटप्लेस जैसी कैटेगरीज में प्रति लेन-देन की लिमिट 5 लाख रुपए कर दी गई है। इनमें से कुछ कैटेगरीज में आप एक दिन में 10 लाख रुपए तक का लेन-देन कर पाएंगे। सामान्य यूपीआई ट्रांजैक्शन में कोई बदलाव नहीं हुआ है। एनपीसीआई की तरफ से साफ तौर पर कहा गया है कि यह बढ़ी हुई लिमिट केवल खास कैटेगरीज पर लागू होगी। आम यूजर्स एक दिन में अधिकतम 1 लाख रुपए ही ट्रांसफर कर पाएंगे।

### नए नियम का उद्देश्य बड़े लेन-देन में सुविधा देना




*एनपीसीआई के मुताबिक नए नियम का उद्देश्य बड़े लेन-देन में सुविधा देना है। अब आप सिर्फ छोटे लेन-देन ही नहीं, बल्कि ट्रैवल और बिजनेस पेमेंट्स भी काफी आसानी से यूपीआई के जरिए कर सकते हैं। यूपीआई का इस्तेमाल शुरू में सिर्फ छोटे लेन-देन के लिए हो रहा था। लेकिन आज यूपीआई देश का एक काफी बड़ा एक डिजिटल पेमेंट प्लेटफॉर्म बन चुका है।*

### नई ट्रांजैक्शन लिमिट

| कैटेगरी | प्रति ट्रांजैक्शन लिमिट | प्रतिदिन लिमिट |
|---|---|---|
| कैपिटल मार्केट | 5 लाख | 10 लाख |
| इंश्योरेंस प्रीमियम | 5 लाख | 10 लाख |
| सरकारी ई-मार्केट प्लेस | 5 लाख | 10 लाख |
| यात्रा | 5 लाख | 10 लाख |
| क्रेडिट कार्ड बिल भुगतान | 5 लाख | 6 लाख |
| ज्वेलरी | 5 लाख | 6 लाख |
| मर्चेंट पेमेंट | 5 लाख | |
| डिजिटल अकाउंट ओपनिंग | 5 लाख रुपए | 5 लाख रुपए |





केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बोले


# कामकाज जनता की भाषा में हो तो संपर्क अपने आप बढ़ता है

## आप अपनी भाषा में पत्र दें, गृह मंत्रालय आपकी भाषा में जवाब देगा

एजेंसी ▸▸ गांधीनगर

हिंदी दिवस के अवसर पर गुजरात की राजधानी गांधीनगर में 5वां अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शिरकत की और देशभर से आए राजभाषा और भारतीय भाषाओं के विद्वानों का स्वागत किया। अपने संबोधन में केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि आज का दिन मेरे लिए विशेष अवसर है, क्योंकि पूरे देश से राजभाषा और भारतीय भाषा के उत्साही लोग एकत्रित हुए हैं। यह मेरा संसदीय क्षेत्र भी है और मैं आप सभी का हार्दिक स्वागत करता हूं। उन्होंने सम्मेलन के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि यह समारोह पहले हमेशा दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित किया जाता था, लेकिन पिछले पांच वर्षों से इसे देश के अलग-अलग हिस्सों में आयोजित करने की परंपरा शुरू की गई है।

**5वां**
अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन गांधीनगर में संपन्न हुआ



### गुजरात में हिंदी को अपनाने की परंपरा रही

केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि 2021 के बाद 5वां अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन दिल्ली के बाहर हो रहा है। पिछले चार सम्मेलनों के अपने अनुभव से हम जानते हैं कि यह नए दृष्टिकोण, ऊर्जा और प्रेरणा लेकर आता है। इस बदलाव से हमें राजभाषा और अन्य भारतीय भाषाओं के बीच संवादिता और आदान-प्रदान का शानदार अवसर मिला है। उन्होंने गुजरात की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि भले ही यह हिंदी भाषी राज्य नहीं है, लेकिन यहां हिंदी को हमेशा से अपनाने और आगे बढ़ाने की परंपरा रही है।

### कई विभूतियों ने हिंदी को स्वीकारा

अमित शाह ने कहा कि दयानंद सरस्वती, महात्मा गांधी, सरदार वल्लभभाई पटेल जैसी महान विभूतियों ने न केवल हिंदी को स्वीकार किया, बल्कि इसके प्रचार-प्रसार में भी अग्रणी भूमिका निभाई। जब सारा कामकाज जनता की भाषा में होता है तो जनता के साथ संपर्क अपने आप बढ़ जाता है।

### 'सारथी' प्रणाली समृद्ध करेंगे

सारथी एक अनुवाद की प्रणाली है। यह हिंदी से भारत की सभी भाषाओं में सरलता से अनुवाद करने की व्यवस्था है। मैं गर्व के साथ देशभर की सभी सरकारों को कहना चाहता हूं कि आप अपनी भाषा में हमें पत्र दीजिए और गृह मंत्रालय आपकी ही भाषा में जवाब देगा, हम यह व्यवस्था कर चुके हैं। आने वाले दिनों में हम इसे और समृद्ध करेंगे।

### शब्दकोश 'सिंधु' में 7 लाख से अधिक शब्द

गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल ने कहा कि हिंदी दिवस के अवसर पर, मैं आप सभी का हार्दिक अभिनंदन करता हूं और गुजरात की पावन धरती पर आपका स्वागत करता हूं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में राजभाषा विभाग ने डिजिटल हिंदी शब्दकोश 'सिंधु' जैसे प्रयास किए हैं। इन प्रयासों के माध्यम से शब्दकोश 'सिंधु' में 7 लाख से अधिक शब्द शामिल किए गए हैं।

### कल दिल्ली में एएनटीएफ प्रमुखों का दूसरा सम्मेलन

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह दिल्ली में मंगलवार को एंटी-नार्कोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) प्रमुखों के दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। यह दो दिवसीय सम्मेलन 16 और 17 सितंबर को आयोजित होगा, जिसमें 36 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के एएनटीएफ प्रमुखों के साथ अन्य सरकारी विभागों के अधिकारी और हितधारक शामिल होंगे। इस मौके पर अमित शाह नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की वार्षिक रिपोर्ट 2024 जारी करेंगे और ऑनलाइन ड्रग विनष्टीकरण अभियान की शुरुआत करेंगे। सम्मेलन का आयोजन नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) द्वारा किया जा रहा है और इसका विषय "संयुक्त संकल्प, साझा जिम्मेदारी" है।

## खबर संक्षेप

### एम. सुंदर मणिपुर के नए चीफ जस्टिस नियुक्त

**नई दिल्ली** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मद्रास हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश जस्टिस एम सुंदर को मणिपुर हाईकोर्ट का नया चीफ जस्टिस नियुक्त किया है। वे आज मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला से पद की शपथ लेंगे। मणिपुर हाईकोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस सोमशेखर 14 सितंबर को सेवानिवृत्त हो गए थे।



### अमित खरे उपराष्ट्रपति के सचिव नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी अमित खरे को नए उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन का सचिव नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि के लिए होगी। अमित खरे वर्तमान में पीएम मोदी के सलाहकार हैं। वे 12 अक्टूबर, 2021 से पीएम कार्यालय में थे।



### भुवनेश्वर: लापता हुई महिला कांस्टेबल

**भुवनेश्वर।** एक महिला पुलिसकर्मी के रहस्यमय तरीके से लापता होने के मामले में कमिश्नरेट पुलिस ने आम जनता से मदद की अपील की है। पुलिस ने सुराग देने वालों के लिए 25 हजार रुपए के नकद इनाम की घोषणा की। 25 वर्षीय महिला कांस्टेबल सुभमित्रा साहू 6 सितंबर से लापता हैं। डीसीपी जगमोहन मीणा ने यह जानकारी दी।



### पीएमजीएसवाई में 7.83 लाख किमी सड़क बनीं

**नई दिल्ली।** पीएम ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत अब तक 1.83 लाख से अधिक ग्रामीण सड़कों का निर्माण हो चुका है और इनकी कुल लंबाई 7,83,727 किलो है। साथ ही इसमें 9,891 पुलों का निर्माण किया गया है। इससे देश के ग्रामीण इलाकों में कनेक्टिविटी में काफी सुधार हुआ।



## असम में पीएम मोदी ने विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया, बोले

'डेमोग्राफी मिशन' का ऐलान

# सीमा क्षेत्रों में जनसांख्यिकी बदलाव राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा

एजेंसी ▸▸ दिसपुर

पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को असम के दरांग जिले में करीब 6,300 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और असम देश के सबसे तेजी से प्रगति करने वाले राज्यों में शामिल हो चुका है।

उन्होंने असम और पूर्वोत्तर क्षेत्र को भारत की विकास यात्रा का अहम हिस्सा बताया। पीएम मोदी ने कहा कि 'विकसित भारत' का सपना युवाओं का संकल्प है और इस सपने को पूरा करने में पूर्वोत्तर की बड़ी भूमिका है। उन्होंने कहा कि असम में 2014 से पहले केवल छह मेडिकल कॉलेज थे, लेकिन दरांग मेडिकल कॉलेज के साथ यह संख्या अब 24 हो जाएगी। उन्होंने लक्ष्य रखा कि आने वाले 4-5 साल में देश में एक लाख नई मेडिकल सीटें जोड़ी जाएंगी।



पीएम मोदी ने कहा कि असम में 2014 से पहले केवल छह मेडिकल कॉलेज थे, लेकिन दरांग मेडिकल कॉलेज के साथ यह संख्या अब 24 हो जाएगी। उन्होंने लक्ष्य रखा कि आने वाले 4-5 साल में देश में एक लाख नई मेडिकल सीटें जोड़ी जाएंगी

'विकसित भारत' का सपना युवाओं का संकल्प है **पूरा करें**

'वोकल फॉर लोकल' और 'मेड इन इंडिया' उत्पादों को **अपनाएं**



### घुसपैठिए बर्दाश्त नहीं

पीएम मोदी ने चेतावनी दी कि सीमा क्षेत्रों में जनसांख्यिकी बदलने की साजिशें राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं। उन्होंने इस चुनौती से निपटने के लिए पूरे देश में "डेमोग्राफी मिशन" शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि किसानों, युवाओं और आदिवासी समुदायों के अधिकारों की रक्षा के लिए घुसपैठियों को भारत की जमीन पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### कुरुवा-नरेंगी पुल की नींव रखी

पीएम ने दरांग मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल, जीएनएम स्कूल, बीएससी नर्सिंग कॉलेज, गुवाहाटी रिंग रोड प्रोजेक्ट और ब्रह्मपुत्र नदी पर कुरुवा-नरेंगी पुल की नींव रखी। नया रिंग रोड पांच राष्ट्रीय राजमार्गों, दो राज्य राजमार्गों, एक हवाई अड्डे, तीन रेलवे स्टेशनों और एक इनलैंड वॉटर टर्मिनल को जोड़कर असम को पहली बार मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी देगा। नया पुल गुवाहाटी और दरांग के बीच समय घटाएगा।

### जीएसटी सुधारों से मिलेगा लाभ

पीएम मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार आज नहीं बल्कि आने वाले 25-50 साल की जरूरतों को ध्यान में रखकर काम कर रही है। ठीक 9 दिन बाद नवरात्रि से जीएसटी में बड़े सुधार लागू होंगे। इसके तहत सीमेंट, दवाइयों, बीमा प्रीमियम और वाहनों पर टैक्स घटेगा, जिससे हर घर को राहत मिलेगी। उन्होंने लोगों से 'वोकल फॉर लोकल' बनने और 'मेड इन इंडिया' उत्पादों को अपनाने की अपील की।

### सीएम सरमा की प्रशंसा की

पीएम मोदी ने असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा की प्रशंसा करते हुए बताया कि उनके नेतृत्व में लाखों बीघा जमीन से घुसपैठियों को हटाया गया है। दरांग के गोरुखुटी क्षेत्र में अब कृषि सैनिक सरसों, मक्का और अन्य फसलें उगा रहे हैं।

### 10 साल में 6 बड़े पुल बनाए

पीएम ने बताया कि सरकार ने पिछले 10 साल में ब्रह्मपुत्र पर छह बड़े पुल बनाए, जबकि विपक्षी दलों के दशकों लंबे शासन में केवल तीन पुल बने थे। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में देशभर में मेडिकल कॉलेजों की संख्या दोगुनी हो गई है।

### स्मृति चिन्ह भेंट किया



इस मौके पर असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा और केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल भी मौजूद रहे। सीएम सरमा ने पीएम मोदी को 'कृषक शहीद दिवस' की स्मृति में एक स्मृति चिन्ह भेंट किया, जो 1894 में दरांग में हुए किसानों के नरसंहार की याद दिलाता है।

## एनडीए सहयोगी मांझी के बगावती सुर

# 15 सीट नहीं मिली तो अकेले 100 पर लड़ेंगे, बनाया दबाव

लक्ष्य पार्टी को मान्यता प्राप्त दल बनाना



एजेंसी ▸▸ पटना

एनडीए के सहयोगी, केंद्रीय मंत्री और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) के अध्यक्ष जीतन राम मांझी ने एक बार फिर से बड़ा बयान दिया है। उन्होने कहा कि अगर उन्हें 15 सीटें नहीं मिली तो अकेले ही उनकी पार्टी 100 सीटों पर चुनाव लड़ जाएगी। बिहार की हर विधानसभा सीट पर हमारी पार्टी (हम) के 10 से 15 हजार वोटर हैं। ऐसे में हम लोगों को 15 सीटें मिलें। मांझी ने कहा कि इस बार उनकी पार्टी का लक्ष्य हर हाल में मान्यता प्राप्त दल बनना है। इसके लिए पार्टी की कम से कम आठ सीटों पर जीत हासिल हो और कुल मतों का 6 फीसदी वोट मिले। ये तभी संभव है, जब हमें 15 सीटें दी जाएं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पार्टी को बने दस साल हो गए हैं और अब तक निबंधित पार्टी बने रहना उनके लिए अपमानजनक है।

### पहले 20 से 40 सीटें मांगी थीं

जीतन राम मांझी की इस बड़ी मांग के बाद एनडीए के अहम सहयोगी भाजपा और जेडीयू पर दबाव बन गया है। सीट बंटवारे से पहले ही मांझी ने अपने इरादे जाहिर कर दिए हैं। इससे पहले उन्होंने दावा किया था कि उनकी पार्टी को 20 से 40 सीटें मिलनी चाहिए। और अब 15 सीट पर अड़े हैं। बता दें एनडीए में भाजपा, जेडीयू, चिराग पासवान की लोजपा-आर, जीतनराम मांझी की हम और उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी आरएलएम शामिल है। बीते चुनाव 2020 में भी जीतन मांझी की (हम) एनडीए का हिस्सा थी। तब 7 सीटों पर चुनाव लड़ी थी, और 4 सीटें जीतने में सफल रही थी। इस बार मांझी 7 का आंकड़ा 15 तक पहुंचाने की कोशिश में लगे हैं।

### सभी सीटों पर बसपा चुनाव लड़ेगी




विधानसभा चुनाव को लेकर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के नेता रामजी गौतम ने कहा कि पार्टी ने बिहार की सभी 243 विधानसभा सीटों पर मजबूती से चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। पार्टी ने इसके लिए पूरी कमर कस ली है। उन्होंने कहा कि बिहार में जंगलराज अभी खत्म नहीं हुआ है। अपराध बेकाबू है, पटना जैसे शहरों में लूटपाट आम हो गई है, और गुंडे-मवालियों को सलाखों के पीछे डालना जरूरी है।

## पूर्व रक्षा मंत्री को नहीं जानते डिप्टी सीएम

# महिला ने जब नाम लिया तो पवार बोले- कौन पर्रिकर?

एजेंसी ▸▸ पुणे

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार को उस समय शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा, जब वे गोवा के पूर्व सीएम और पूर्व रक्षा मंत्री मनोहर पर्रिकर को नहीं पहचान पाए। एक महिला डिप्टी सीएम से ट्रैफिक की समस्या को लेकर शिकायत कर रही थी, उसने पर्रिकर का उदाहरण दिया कि वे लोगों की समस्याओं को जानने के लिए अचानक दौरे करते थे। इस पर पवार ने पूछा, 'कौन पर्रिकर?'



### महिला ने की शिकायत

अजित पवार शनिवार को पुणे नगर निगम (पीएमसी) प्रमुख नवल किशोर राम और अन्य अधिकारियों के साथ शहर के विभिन्न इलाकों का दौरा कर लोगों से उनकी परेशानियों के बारे में बातचीत कर रहे थे। हडपसर विधानसभा क्षेत्र के केशव नगर में नागरिकों ने यातायात जाम और अन्य समस्याओं के बारे में शिकायतें उठाईं। इस पर डिप्टी सीएम ने कहा कि समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## जयपुर में दर्दनाक सड़क हादसा

# रिंग रोड से 'बेकाबू' कार गिरी दो परिवारों के 7 लोगों की मौत

एजेंसी ▸▸ जयपुर

राजधानी जयपुर में शनिवार देर रात हुए एक भीषण सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गई। शिवदासपुरा थाना क्षेत्र में एक कार रिंग रोड से अनियंत्रित होकर करीब 16 फीट नीचे अंडरपास में भरे पानी में जा गिरी। कार में सवार दो परिवार हरिद्वार से लौट रहे थे। रविवार दोपहर हादसे की जानकारी तब सामने आई जब स्थानीय लोगों ने अंडरपास में पानी में डूबी हुई कार देखी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।



### हरिद्वार से लौट रहे थे

एसएचओ सुरेंद्र सैनी ने बताया कि मृतकों में वाटिका सांगानेर निवासी टैक्सी चालक रामराज वैष्णव, उनकी पत्नी मधु और 14 महीने का बेटा रुद्र शामिल हैं। साथ ही उनके साढू, केकड़ी (अजमेर) निवासी कालूराम, पत्नी सीमा, बेटा रोहित, और 3 साल का पोता गजराज भी इस हादसे का शिकार हो गए। जानकारी के अनुसार, ये सभी हरिद्वार से अस्थि विसर्जन कर लौट रहे थे।

## देशभर में 'विश्वकर्मा पूजा' की तैयारी



**अगरतला।** देशभर में विश्वकर्मा पूजा की तैयारी जोरों पर हैं। त्रिपुरा के अगरतला में 'विश्वकर्मा पूजा' से पहले कारीगर भगवान विश्वकर्मा की मूर्तियां तैयार करते हुए। इस वर्ष विश्वकर्मा पूजा 17 सितंबर 2025 को मध्यरात्रि 12 बजकर 21 मिनट पर शुरू होगी और 17 सितंबर को रात 11 बजकर 39 मिनट पर समाप्त होगी। विश्वकर्मा पूजा के पावन दिन पर पूरे देश में कारखानों, कार्यस्थलों, दफ्तरों, मशीनों और औजारों की साफ-सफाई कर पूजा-अर्चना की जाती है। यह पर्व भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन सूर्य कन्या राशि में प्रवेश करते हैं, जिसके कारण इसे कन्या संक्रांति भी कहा जाता है।

## 16000 करोड़ खर्च कर तैयार हुआ नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट

# सितंबर के अंत तक उद्घाटन के लिए तैयार

एजेंसी ▸▸ मुंबई

नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट सितंबर के अंत तक उद्घाटन के लिए तैयार हो जाएगा। पनवेल के पास उल्वे में स्थित यह भारत की सबसे महत्वाकांक्षी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में से एक है, जिस पर 16,000 करोड़ रुपए खर्च होने जा रहे हैं। यह सांताक्रूज-अंधेरी स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के बाद मुंबई का दूसरा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट होगा। करीब 2,865 एकड़ में फैला यह एयरपोर्ट चार टर्मिनलों के माध्यम से सालाना 9 करोड़ यात्रियों को संभाल सकेगा। पहले चरण में 2 करोड़ यात्रियों की क्षमता वाला टर्मिनल-1 परिचालन शुरू करने के लिए तैयार है। इस टर्मिनल में बेहतर सुरक्षा लाइनें और दुनिया की सबसे तेज बैगेज प्राप्ति प्रणाली शामिल होगी।

### 4 टर्मिनलों से सालाना 9 करोड़ यात्रियों को संभालेगा

पनवेल के पास उल्वे में स्थित



### शहर से मिलेगी बेहतर कनेक्टिविटी

मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे, गोवा राजमार्ग और जेएनपीटी पोर्ट के पास स्थित एनएमआईए कई परिवहन गलियारों के माध्यम से शहर से जुड़ा होगा। 22 किलोमीटर लंबा मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक या अटल सेतु, दक्षिण मुंबई से उल्वे तक यात्रा के समय को करीब 20 मिनट तक कम कर देगा। महाराष्ट्र नगर एवं औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड सीधी पहुंच के लिए 9 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड कॉरिडोर भी बना रहा है, जबकि एमएसआरटीसी ठाणे, दादर, वाशी और पनवेल से इलेक्ट्रिक बसों सहित एक्सप्रेस बसों की योजना बना रहा है।

## नागपुर का फ्लाईओवर वायरल, लोगों ने आठवां अजूबा करार दिया

लोगों ने पूछा महान इंजीनियर कौन?

# घर की बालकनी के एक हिस्से से पुल को गुजारा

एजेंसी ▸▸ नागपुर

बीते दिनों मध्य प्रदेश के भोपाल में 90 डिग्री के मोड़ वाला फ्लाईओवर सोशल मीडिया पर यह जमकर वायरल हुआ। अब एक बार फिर महाराष्ट्र के नागपुर का फ्लाईओवर इसी तरह का फ्लाईओवर चर्चा में है। यह फ्लाईओवर अशोक चौक के पास एक घर की बालकनी के एक हिस्से से होकर गुज़र रहा है। स्थानीय लोगों ने इसे आठवां अजूबा करार दिया। लोग सवाल उठा रहे हैं कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और नागपुर नगर निगम ने इस ढांचे को किसी के घर से गुज़रने की अनुमति देने से पहले कोई कार्रवाई क्यों नहीं की? लोगों ने पूछा कि क्या यह घर अधिकृत है? अगर है, तो इसे मुआवज़ा देकर अधिग्रहित क्यों नहीं किया गया, और अगर अनधिकृत है, तो इसे क्यों नहीं गिराया गया? एक यूजर ने पूछा, वह महान इंजीनियर कौन है, जिसने यह अद्भुत डिजाइन बनाई है।



### घर मालिक को आपत्ति नहीं

जिस घर की बालकनी से यह फ्लाईओवर गुजरा है, उसके मालिक प्रवीण पत्रे हैं। पत्रे ने बताया कि उनका परिवार छह पीढ़ियों से इस घर में रह रहा है और यह संपत्ति लगभग 150 साल पुरानी है। घर का 25 साल पहले नवीनीकरण किया गया था। उन्होंने कहा कि उन्हें फ्लाईओवर के उनकी बालकनी से होकर गुजरने पर कोई आपत्ति नहीं है और वे सुरक्षा जोखिमों को लेकर चिंतित नहीं हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या बालकनी अधिकृत है और क्या घर का नक्शा स्वीकृत है, तो उन्होंने टालमटोल भरे जवाब दिए।

### 998 करोड़ रुपए की गड़बड़ी?

9.2 किलोमीटर लंबे इस फ्लाईओवर का निर्माण एनएचएआई की देखरेख में 998 करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है। अधिकारियों से जब पूछा गया तो उन्होंने कहा कि नगर निगम को इस मुद्दे के बारे में पहले ही सूचित कर दिया है। अनधिकृत निर्माण को गिराना नागपुर नगर निगम की ज़िम्मेदारी है, लेकिन वहां के अधिकारी इस पर कुछ नहीं कर रहे हैं।

### विधायक ने की कार्रवाई की मांग

दक्षिण नागपुर के विधायक मोहन मते ने कहा कि उन्हें भी आश्चर्य है कि नगर निगम, एनआईटी या एनएचएआई के अधिकारियों ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। उन्होंने मांग की कि इसमें शामिल लोगों को तुरंत निलंबित किया जाए। मते ने आगे कहा कि नागपुर में विकास कार्य तो चल रहे हैं, लेकिन ऐसी खामियां शहर की प्रतिष्ठा को धूमिल करती हैं। उन्होंने कहा कि फ्लाईओवर के बालकनी तक पहुंचने से पहले ही अधिकारियों को नोटिस जारी कर इस ढांचे को हटा देना चाहिए था।



# लंदन में विरोध की आग: सड़कों पर उतरे 1 लाख से ज्यादा लोग, प्रोटेस्ट के समय पीएम फुटबॉल मैच में व्यस्त रहे

**खास बातें**

- यह रैली अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और सरकार के प्रति निराशा
- प्रदर्शन में 10 लाख लोग जुटने के हो रहे दावे

एजेंसी ▶▶ लंदन

नेपाल के बाद ब्रिटेन में अवैध अप्रवासियों की बढ़ती आबादी के खिलाफ शनिवार को लंदन में प्रदर्शन हुआ। इसमें 1 लाख से ज्यादा लोग शामिल हुए। इस प्रोटेस्ट को 'यूनाइट द किंगडम' नाम दिया गया, जिसे एंटी-इमिग्रेशन नेता टॉमी रॉबिन्सन ने लीड किया। इसे देश की सबसे बड़ी दक्षिणपंथी रैली माना जा रहा है। इस प्रदर्शन में टेस्ला मालिक इलॉन मस्क वीडियो के जरिए शामिल हुए। मीडिया चैनल के मुताबिक उन्होंने टॉमी रॉबिन्सन से बात की। मस्क ने कहा, हिंसा तुम्हारे पास आ रही है। या तो लड़ो या मरो। मस्क ने ब्रिटेन में संसद भंग करने की मांग की। उन्होंने कहा, सरकार बदलनी होगी। वही, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर उस वक्त फुटबॉल मैच देख रहे थे। वे अपने बेटे के साथ लंदन के एमिरेट्स स्टेडियम में थे, जब शहर में हिंसा हो रही थी।

## मस्क भी जुड़े, कहा- हिंसा तुम्हारे पास आ रही है... लड़ो या मरो



### अमेरिकी और इजराइली झंडे लहराए

प्रदर्शनकारियों ने यूनियन जैक और सेंट जॉर्ज क्रॉस के झंडे लहराए। कुछ ने अमेरिकी और इजराइली झंडे भी उठाए। कई प्रदर्शनकारी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से जुड़ी मेक अमेरिका ग्रेट अगेन टोपी पहने हुए थे। प्रदर्शन में प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के खिलाफ नारे लगाए गए और उन्हें वापस भेजो जैसे संदेशों वाले बैनर दिखाई दिए। कुछ लोग अपने बच्चों को भी साथ लाए।




### पुलिस पर हमला

पुलिस के मुताबिक रैली के दौरान कई पुलिस अधिकारियों पर भी हमला किया गया। बता दें कि यह रैली 'स्टैंड अप टू रेसिज्म' के विरोध प्रदर्शन के साथ शुरू हुई, जिसमें लोग शामिल हुए। इस दौरान हिंसक झड़पों को रोकने के लिए पुलिस को दिन भर काफी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस पूरे समय प्रदर्शनकारियों को पुलिस का सुरक्षा घेरा तोड़ने और नो प्रोटेस्ट जोन में जाने से रोकती रही। टॉमी रॉबिन्सन ने एक्स पर अपने पोस्ट में लिखा था कि हम अपनी आजादी के लिए सेंट्रल लंदन की सड़कों पर एकजुट हो चुके हैं। लाखों लोग यहां शामिल हुए हैं।

**खबर संक्षेप**

### रूस ने किया परीक्षण बढ़ेगी यूएस की टेंशन

**मॉस्को।** रूस ने सैन्य क्षेत्र में एक और अहम कामयाबी हासिल की है। रूस ने बेरेंट्स सागर में



जिरकोन हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। रूसी आर्मी ने रविवार को बताया कि टेस्ट के दौरान जिरकोन को सफलता के साथ टारगेट पर दागा गया। रूस ने बेलारूस के साथ संयुक्त सैन्य ड्रिल के तहत सुखोई एसयू-34 सुपरसोनिक लड़ाकू बमवर्षकों से भी हमले का अभ्यास किया है। रूस का यह परीक्षण यूक्रेन और अमेरिका की टेंशन को बढ़ा सकता है।

### किर्क को पहले मिली थी हत्या की चेतावनी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बेहद करीबी और युवाओं के चहेते चार्ली किर्क की बुधवार को यूटा वैली विश्वविद्यालय में एक बाहरी



कार्यक्रम के दौरान हत्या कर दी गई। इस बीच एक शीर्ष सुरक्षा अधिकारी के बयान हड़कंप मच गया है। दरअसल, एक सुरक्षा अधिकारी ने दावा किया कि उन्होंने चार्ली किर्क को पहले की चेतावनी दी थी कि अगर आवश्यक सुरक्षा उपाय नहीं किए गए तो उनकी 100 प्रतिशत हत्या कर दी जाएगी। रिपोर्ट में बॉडीगार्ड ग्रुप के मालिक क्रिस हर्जोग ने दावा किया कि किर्क से मिलने के बाद चेतावनी दी थी।

### वायुसेना ने विमानों की खरीद के लिए रक्षा मंत्रालय को प्रस्ताव भेजा

# 114 मेड इन इंडिया राफेल लड़ाकू विमानों को लेने की तैयारी, 2 लाख करोड़ से ज्यादा की लागत

**राफेल विमानों में 60 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री से कम होगी लागत**

**वर्तमान 29 स्क्वॉड्रनों में से दो मिग 21 के स्क्वॉड्रन इस महीने अंत तक रिटायर होंगे**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना को और ताकतवर बनाने के उद्देश्य से 114 राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद का प्रस्ताव है। रक्षा मंत्रालय को भारतीय वायुसेना से 114 'मेक इन इंडिया' राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद का प्रस्ताव मिला है। इस सौदे की कीमत दो लाख करोड़ रुपए से ज्यादा बताई जा रही है। खास बात यह है कि ये विमान फ्रांस की डसॉस्ट एविएशन कंपनी और भारतीय एयरोस्पेस कंपनियां मिलकर बनाएंगीं। 'मेड इन इंडिया' राफेल में 60 फीसदी सामान स्वदेशी होगा। हालांकि इस प्रस्ताव के बारे में अभी आधिकारिक रूप से रक्षा मंत्रालय की ओर कोई जानकारी नहीं आई है। लेकिन खबरों के मुताबिक यह बताया है कि वायु सेना से यह प्रस्ताव डिफेंस मिनिस्ट्री को मिला है। बताया गया कि यह फैसला ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के खिलाफ राफेल के शानदार प्रदर्शन के बाद लिया गया है। इस प्रस्ताव की अनुमानित लागत 2 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा है।

राफेल की कीमत को लेकर बहस होना स्वाभाविक है, क्योंकि 114 राफेल की अनुमानित कीमत 2 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा है। फिर भी डिफेंस एक्सपर्ट्स इस डील को जल्द फाइनल करने की मांग कर रहे हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह भारतीय वायुसेना के बेड़े में लगातार कम होते लड़ाकू विमान हैं। भारतीय वायुसेना के पास मौजूदा समय में सिर्फ 31 स्क्वॉड्रन हैं, जबकि जरूरत 42 स्क्वॉड्रन की है। इससे न सिर्फ वायुसेना की ऑपरेशनल क्षमता प्रभावित हो रही है, बल्कि चीन और पाकिस्तान के खिलाफ टू फ्रंट युद्ध के दौरान हम मुश्किल में फंस सकते हैं।



**अभी भारत के 29 स्क्वॉड्रन, दो इसी महीने होंगे रिटायर**

*दरअसल भारतीय वायुसेना के पास लड़ाकू विमानों के रूप में अभी 29 स्क्वॉड्रन है। इनमें से मिग 21 के दो स्क्वॉड्रन इस महीने के अंत तक रिटायर हो जाएंगे। उसके बाद वायु सेवा के पास केवल 27 स्क्वॉड्रन की बचेंगे। ऐसे में सवाल यह उठता है कि वायु सेवा फिलहाल अपनी घटती स्क्वायड की जरूरत कैसे तत्काल पूरा करें। जिस तरह से तेजस मार्क 1 ए एक-एक करके अमेरिकी इंजन आ रहे हैं, उससे लगता नहीं है कि वायुसेना को समय पर तेजस मार्क 1 ए की डिलीवरी हो पाएगी।*

### देश की जरूरत है राफेल

ऐसे में राफेल डील का समर्थन करने वाले एक्सपर्ट्स का मानना है कि यह सिर्फ लड़ाकू विमान खरीदने का सौदा नहीं है, बल्कि भारत की दीर्घकालिक रणनीतिक स्वायत्तता और घरेलू डिफेंस इंडस्ट्री को मजबूत करने की दिशा में किया गया भारी भरकम निवेश है और ऐसा करना काफी जरूरी भी है। इससे भारत में एडवांस फाइटर जेट बनाने की काबिलियत आएगी और इससे हमें स्वदेशी पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान एडवांस मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट को बनाने में भी मदद मिल सकती है।

### पांचवीं पीढ़ी के एयरक्रॉफ्ट में हो रही देरी

वहीं भारत का अपना पांचवीं पीढ़ी का एयरक्रॉफ्ट एमका भारतीय वायुसेना में शामिल हो पाएगा, इसके बारे में पक्के तौर पर कुछ भी नहीं कहा जा सकता। अमेरिका के साथ जो मौजूदा संबंध है उसके आधार पर यह कहा जा सकता है कि फिलहाल भारत अमेरिकी लड़ाकू लेने के मूड में नहीं लगता है। रूस का पांचवीं पीढ़ी का एयरक्रॉफ्ट एसयू 57 अभी पूरी तरह से तैयार नहीं हुआ है। एसयू-57 को अब भी 'वर्क-इन-प्रोग्रेस' माना जाता है। ऐसे में सीधा विकल्प बचता है रफाल एयरक्राफ्ट का। भारतीय वायु सेना करीब एक डेढ़ साल पहले ही यह इच्छा जता चुकी है कि उसे 114 और एयरक्राफ्ट चाहिए।

### रफाल लेना भारतीय वायुसेना से लिए आसान

अगर सरकार रफाल एयरक्रॉफ्ट खरीदने का फैसला लेती है तो वायु सेना के लिए यह आसान होगा। क्योंकि वायुसेना के पास पहले से ही 36 रफाल एयर क्रॉफ्ट मौजूद है। इस विमान के लिए अलग से कोई ढांचा नहीं बनाना पड़ेगा. इसकी खूबियों और कमियों से वायुसेना अच्छी तरह वाकिफ है। तो हो सकता है कि भारतीय वायुसेना अपने लगातार घटते लड़ाकू स्क्वॉड्रनों की चुनौती से निपटने के लिए एक ठोस 'अंतरिम व्यवस्था' के तौर पर और रफाल लेने का फैसला करे। संभावना यह भी है कि वायुसेना 3 से 5 रफाल स्क्वॉड्रन खरीदे जिससे वायुसेना आने वाले चुनातियों का सामना बख़ूबी कर सके।

### पीएम बनने के बाद सुशीला बोली

# मैं सत्ता का स्वाद चखने नहीं आई, पीड़ितों को देंगे 10-10 लाख



एजेंसी ▶▶ काठमांडू

नेपाल में अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने पदभार ग्रहण कर लिया। सबसे पहले उन्होंने युवाओं पर हुई बर्बरता पर जांच की बात कही। कहा कि बर्बरता की घटना में शामिल लोगों की जांच की जाएगी। इसके बाद सख्त रुख दिखाते हुए कहा कि मैं और मेरी टीम यहां सत्ता का स्वाद चखने नहीं आए हैं। कहा कि हम छह महीने से ज्यादा नहीं रुकेंगे। हम नई संसद को जिम्मेदारी सौंप देंगे। आपके सहयोग के बिना हमें सफलता नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा कि जेन-जेड आंदोलन में मारे गए लोगों को शहीद घोषित किया जाएगा। पीड़ितों के परिजनों को 10-10 लाख नेपाली रुपए का मुआवजा भी दिया जाएगा। बता दें हिंसा में 72 की मौत हुई है।

### मंत्री बनाने पर मंथन

*वहीं दूसरी तरफ कार्की ने अपने मंत्रिमंडल को अंतिम रूप देने की तैयारी के लिए जेन जेड आंदोलन के करीबी सलाहकारों और प्रमुख हस्तियों के साथ परामर्श शुरू कर दिया है। नेपाली मीडिया के अनुसार कार्की सभी 25 मंत्रालयों पर अधिकार रखने के बावजूद, वह करीब 15 मंत्रियों के साथ एक सुव्यवस्थित मंत्रिमंडल बनाने की तैयारी कर रही हैं। मंत्री पद के लिए जिन नामों पर विचार किया जा रहा है, उनमें कानूनी विशेषज्ञ ओम प्रकाश आर्यल, पूर्व सैन्य अधिकारी बालानंद शर्मा, सेवानिवृत्त न्यायाधीश आनंद मोहन , माधव सुंदर खड़का, अशीम मान सिंह और कुलमन घीसिंग शामिल हैं।*

### हिंसा में 3 पूर्व प्रधानमंत्री हुए बेघर


हिंसा के बाद नेपाल के तीन पूर्व पीएम केपी शर्मा ओली, शेर बहादुर देउबा और पुष्प कमल दहल प्रचंड बेघर हो गए हैं। जेन-जेड प्रदर्शनकारियों ने 9 सितंबर को इनके घरों को फूंक डाला था। फिलहाल ये सभी आर्मी के कैंपों में रह रहे हैं। इनके समर्थक अपने नेताओं के लिए किराए के मकान ढूंढने में जुटे हुए हैं। ये नेता कुछ दिन काठमांडू से बाहर के शहरों जैसे पोखरा में रहना चाहते हैं, ताकि फिर से जेन-जेड के गुस्से का सामना नहीं करना पड़े।

# एआई साइंटिस्ट बोले- कुछ कंपनियों की मुट्ठी में सिमट जाएगी दौलत

### टेक कंपनियों के तेजी से बढ़ते वर्चस्व से उत्पन्न होगा वैश्विक संकट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रिसर्च लैब डीपमाइंड के को-फाउंडर डेमिस हसाबिस ने जोर दिया है कि आने वाले दशक में पारंपरिक विषयों के साथ-साथ मेटा-स्किल्स यानी सीखने की कला और नए विषयों को समझने की क्षमता बेहद अहम होगी। उन्होंने कहा, एक बात तो तय है कि आपको अपने पूरे करियर में लगातार सीखते रहना होगा। हसाबिस, जिन्होंने 2010 में डीपमाइंड की स्थापना की थी और बाद में इसे गूगल ने अधिग्रहित कर लिया, हाल ही में 2024 का नोबेल पुरस्कार (केमिस्ट्री) भी जीत चुके हैं।



उन्हें यह सम्मान प्रोटीन फोल्डिंग की सटीक भविष्यवाणी करने वाले एआई सिस्टम्स के विकास के लिए मिला है, जो दवा और चिकित्सा क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला सकता है। एथेंस के एक्सोपोलिस थिएटर में एआई पर हुए एक कॉन्फ्रेंस में ग्रीस के प्रधानमंत्री क्यरियाकोस मित्सोताकिस भी शामिल हुए। उन्होंने सरकार में एआई के इस्तेमाल को बढ़ाने की योजनाओं पर चर्चा की। लेकिन साथ ही उन्होंने चेतावनी भी दी कि टेक कंपनियों के तेजी से बढ़ते वर्चस्व से वैश्विक आर्थिक असमानता खतरनाक स्तर तक पहुंच सकती है। मित्सोताकिस ने कहा, जब तक लोग इस एआई क्रांति से व्यक्तिगत स्तर पर फायदे महसूस नहीं करेंगे, तब तक वे संदेह करते रहेंगे।

### बौखलाए मुस्लिम संगठन

# टेक्सास राज्य ने 'शरिया कानून' पर लगाया बैन

एजेंसी ▶▶ ह्यूस्टन

अमेरिका के टेक्सास राज्य ने शरिया कानून पर बैन लगा दिया है। इससे मुस्लिम संगठनों में खलबली मच गई है। टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबाट ने कहा है कि उनके राज्य में इस्लामी शरिया कानून को लागू करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। साथ ही उन्होंने निवासियों से अपील की है कि अगर कोई व्यक्ति या संगठन शरिया कानून का अनुपालन थोपने की कोशिश करता है, तो उसकी सूचना स्थानीय पुलिस या टेक्सास डिपार्टमेंट ऑफ पब्लिक सेफ्टी को दें। बता दें कि इससे पहले इसी साल की शुरुआत में गवर्नर एबाट ने ईस्ट प्लानो इस्लामिक सेंटर द्वारा



प्रस्तावित 400 एकड़ के रिहायशी और व्यावसायिक परिसर का विरोध किया था, जिसमें घर, स्कूल अन्य सुविधाएं शामिल थीं। एबाट ने आरोप लगाया था कि यह परिसर शरिया ज़ोन में तब्दील हो सकता है, और इसके लिए उन्होंने कई राज्य एजेंसियों से जांच के आदेश दिए थे।

### ताजमहल को बारिश में पहुंचा नुकसान



**आगरा।** दुनिया के सात अजूबों में शामिल ताजमहल के मुख्य गुंबद के बाद अब उसकी मीनारों में भी सीलन का खतरा पैदा हो गया है। रिसाव से बचाने के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने मीनारों में लगे संगमरमर के जॉइंट्स को भरने का काम शुरू कर दिया है। यह काम मुख्य गुंबद में लगे कलश के पास पानी के रिसाव के बाद शुरू किया गया है। अधिकारियों का कहना है कि जॉइंट्स से ही रिसाव होने की ज्यादा आशंका रहती है।

### कतर में इजरायली हमला, मोसाद ने जमीनी कार्रवाई से किया इनकार

# मध्य पूर्व में तनाव, नेतन्याहू ने हमले को बताया 9/11 जैसा पल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मिडिल ईस्ट में तनाव और गहराता जा रहा है। इजराइल ने मंगलवार को कतर में हवाई हमले किए थे और दावा किया था कि वहां हमास के वरिष्ठ नेता मौजूद थे। लेकिन इस बीच बड़ी खबर सामने आई है कि इजरायल की खुफिया एजेंसी मोसाद ने जमीन पर जाकर हमास अधिकारियों की हत्या करने की योजना ठुकरा दी थी।

रिपोर्ट के मुताबिक, मोसाद प्रमुख डेविड बरनिया ने इस कदम का विरोध किया। उनका मानना था कि ऐसा करने से कतर के साथ उनके रिश्ते खराब हो सकते हैं। कतर लंबे समय से हमास नेताओं की मेजबानी करता रहा है और संघर्ष विराम वार्ताओं में भी अहम भूमिका निभाता है। हमास ने दावा किया कि इस हमले में उनका कार्यवाहक नेता खालिल अल-हय्या नहीं मरा है लेकिन उसके रिश्तेदारों, करीबी सहायकों और एक कतरी अधिकारी की मौत हुई है। इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू शायद अब बातचीत से धैर्य खो चुके हैं। इजराइली सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एयाल जमीर ने भी इस हमले के समय पर आपत्ति जताई थी। लेकिन रणनीतिक मामलों के मंत्री रॉन डेरमर और रक्षा मंत्री इजराइल कैट्ज ने नेतान्याहू का समर्थन किया।

**नेतन्याहू ने कहा- हमारी जमीन की रक्षा हम करेंगे**

**यरुशलम के पास 12 वर्ग किमी में घर,सड़कें और बुनियादी ढांचा बनेगा**

### मोसाद ने क्या कहा?



*मोसाद का मानना था कि हमास नेताओं को बाद में भी निशाना बनाया जा सकता है। एक अधिकारी ने कहा, हम उन्हें एक साल, दो सा या चार साल बाद भी मार सकते हैं और मोसाद जानता है कि कैसे मारना है। फिर अभी क्यों? हालांकि, कतर ने इजरायली हमले को राज्य आतंकवाद और बातचीत प्रक्रिया के साथ विश्वासघात करार दिया। वहीं, इजरायल ने इसका बचाव करते हुए कहा कि उस वक्त दुर्लभ मौका था जब हमास के बड़े नेता एक ही जगह पर इकट्ठा हुए थे। वहीं प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि यह हमला हमास के हालिया यरुशलम हमले के जवाब है, जिसमें चार इजरायली सैनिक मारे गए थे।*

### फिलिस्तीन देश नहीं बनेगा : नेतन्याहू

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि फिलिस्तीन देश का गठन कभी नहीं होगा। उन्होंने यह बयान वेस्ट बैंक के माले अदुमिम सेटलमेंट में एक महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर करते हुए दिया। इस समझौते के तहत विवादित ई1 सेटलमेंट परियोजना को आगे बढ़ाया जाएगा, जिसके अंतर्गत पूर्वी यरुशलम के पास 12 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में हजारों नए घर, सड़कें और बुनियादी ढांचे का निर्माण किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत करीब 1 अरब अमेरिकी डॉलर (लगभग 8,400 करोड़ रुपए) है।

### यूएस और वेनेजुएला में और बढ़ी टेंशन

# कुछ ही दूरी पर यूएस ने तैनात किए 5 एफ-35 जेट

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

वेनेजुएला के पास अमेरिकी एफ-35 लड़ाकू विमानों को प्यूर्टो रिको में उतरते देखा गया। ऐसा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस आदेश के बाद देखा गया है, जिसमें उन्होंने ड्रग कार्टेल्स के खिलाफ अभियान के लिए 10 स्टील्थ फाइटर जेट्स को क्षेत्र में तैनात करने का निर्देश दिया था। रिपोर्ट के मुताबिक, जेट्स प्यूर्टो रिको के सीबा में पूर्व रूजवेल्ट रोड्स सैन्य अड्डे पर उतरे। हाल के दिनों में इस ठिकाने पर अमेरिकी हेलीकॉप्टर, ऑस्प्रे विमान, अन्य ट्रांसपोर्ट विमान और सैनिकों की भी मौजूदगी देखी गई है। प्यूर्टो रिको एक अमेरिकी असंबद्ध क्षेत्र और एक कैरिबियाई द्वीप है जो वेनेजुएला



से 937 किमी की दूरी पर है।बता दें कि विवाद नौका को हुआ था। अमेरिका ने आरोप लगाया था कि यह नौका अवैध नशीले पदार्थ लेकर जा रही थी। वहीं, वेनेजुएला का कहना है कि मारे गए लोग ड्रग तस्कर नहीं थे। वेनेजुएला ने शनिवार को दावा किया कि एक अमेरिकी डेस्ट्रॉयर ने उसके ट्यूना मछली पकड़ने वाले जहाज को आठ घंटे तक रोके रखा।

## चिंतन

# अपने बयानों से बार-बार फजीहत करवा रहे ट्रंप

दुनिया के सबसे ताकतवर देश अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कब क्या कह दें, कब क्या कर दें, कोई समझ ही नहीं सकता। अपने बेतुके बयानों और फैसलों से अपनी तो फजीहत करा ही रहे हैं, दुनियाभर को भी उलझन में डाले हुए हैं। उनके जो मन में आए, वह करने को स्वतंत्र हैं, लेकिन यदि वे यह समझ रहे हैं कि भारत, रूस, चीन समेत दुनिया के अन्य देश उनकी दादागीरी के आगे झुक जाएंगे तो इसकी संभावना दूर-दूर तक नजर नहीं आ रही है। क्योंकि भारत समेत अनेक देशों ने उन्हें जवाब देना शुरू कर दिया है। उनका अहंकार सिर चढ़कर बोल रहा है। यह भी दिख रहा है कि वे कुंठा से ग्रस्त होकर विवेक खो रहे हैं। दुनिया को भी एक कुंठित-अहंकारी अमेरिकी राष्ट्रपति के अहं को तुष्ट करने के बजाय उसका सामना साहस और संयम से करने के लिए कमर कस लेनी चाहिए। ट्रंप दुनियाभर के देशों को रूस से व्यापार न करने की धमकी दे रहे हैं। इसी कारण भारत पर अमेरिका ने 50 फीसदी टैरिफ लगाया है, लेकिन यूरोपीय संघ का वर्ष 2024 में रूस के साथ 67.5 अरब यूरो का द्विपक्षीय कारोबार था। यह भारत के रूस से कुल कारोबार से ज्यादा रहा है। यूरोप और रूस में अभी भी उर्वरक, खनन उत्पादों, रसायन, लोहा व इस्पात आदि का कारोबार हो रहा है। जहां तक अमेरिका की बात है तो वह अभी भी रूस से यूरेनियम की खरीद कर रहा है। अपने इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग के लिए रूस से पैलेडियम खरीद रहा है। ट्रंप इस पर कभी बात नहीं करते। अब उन्होंने एक बार फिर टैरिफ का राग छेड़ा है। ट्रंप ने शनिवार को कहा कि नाटो देश रूस से तेल खरीदना बंद कर दें। साथ ही चीन पर रूस से तेल खरीद के लिए 50 से 100 फीसदी तक टैरिफ लगाया जाए। ऐसा होने पर रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म होने का रास्ता बन सकता है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में नाटो देशों और चीन की बात की लेकिन भारत का नाम नहीं लिया। ट्रंप ने अपनी सोशल मीडिया साइट पर पोस्ट में लिखा, 'नाटो की जीत के लिए प्रतिबद्धता अब तक 100 फीसदी से काफी कम रही है। कुछ देशों की रूसी तेल की खरीद चौंकाने वाली है। इससे रूस के साथ आपकी समझौते की पोजीशन और बार्गेनिंग पावर कमजोर होती है। मैं प्रतिबंध लगाने के लिए तैयार हूं, जब नाटो देश तेल खरीद रोकने के लिए तैयार हों तो बताएं'। सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर के अनुसार, 2023 से नाटो सदस्य तुर्की, चीन और भारत के बाद रूसी तेल का तीसरा सबसे बड़ा खरीदार रहा है। रूसी तेल खरीदने में शामिल 32 देशों के गठबंधन के अन्य सदस्यों में हंगरी और स्लोवाकिया भी शामिल हैं। इन देशों की ओर से ट्रंप के बयान पर प्रतिक्रिया नहीं आई है। उन्होंने भारत पर चुप्पी साधते हुए चीन पर भारी टैरिफ 100 फीसदी तक का प्रस्ताव दिया है। ये वही ट्रंप हैं, जो कुछ दिनों पहले तक चीन पर किसी प्रकार का अतिरिक्त टैरिफ लगाने से इनकार कर रहे थे। असल में रूस-युक्रेन युद्ध रुकवाने में अब तक असफलता और टैरिफ लगाने के बाद भारत को न झुका पाने के कारण ट्रंप हताश हो रहे हैं। उन्हें लगता था कि वे धमकी देकर किसी को भी झुका सकते हैं, लेकिन भारत ने उनके दबाव को मानने से साफ इनकार कर दिया। एससीओ समिट ने ट्रंप के जख्म पर नमक डालने का काम किया। जहां भारत, रूस और चीन के मधुर होते संबंधों ने उन्हें तनाव में ला दिया है। वे कभी भारत को निशाने पर ले रहे हैं तो कभी चीन को। अगर ट्रंप युद्ध रुकवाना चाहते हैं तो उन्हें टैरिफ की बजाए कूटनीति पर भरोसा करना होगा। जो न केवल अमेरिका बल्कि पूरी दुनिया के लिए अच्छा होगा।

## पर्यावरण


ज्ञानेन्द्र रावत



# दुनियाभर में जंगलों की तबाही का मंडराया खतरा

दुनिया में आज जलवायु परिवर्तन से मुकाबले की दिशा में पेड़ और जंगलों की महत्ता की चर्चा जोरों पर है। इसका अहम कारण जलवायु परिवर्तन के कारण समूची दुनिया में संतुलित और समग्र विकास के लक्ष्य का लगातार भीषण चुनौती बनकर सामने आना है। दुनिया में जिस तेजी से पेड़ों की तादाद कम होती जा रही है, उससे पर्यावरण तो प्रभावित हो ही रहा है, पारिस्थितिकी, जैव विविधता, कृषि और मानवीय जीवन ही नहीं, बल्कि भूमि की दीर्घकालिक स्थिरता पर भी भीषण खतरा पैदा हो गया है। जहां तक जंगलों के खत्म होने की गति का सवाल है,उसे देखते हुए ऐसा लगता है कि वह दिन दूर नहीं जब दुनिया से जंगलों का नामोनिशान तक मिट जायेगा और वह किताबों की वस्तु बनकर रह जायेंगे। हकीकत में हर साल दुनिया में एक करोड़ हेक्टेयर जंगल लुप्त होते जा रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र भी इसकी पुष्टि करता है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार दुनिया में कीडे़-मकोडे़ भी 3.5 करोड़ हैक्टेयर जंगल हर साल बर्बाद कर रहे हैं। इससे ऐसा लगता है कि इंसान तो क्या दूसरे जीव भी जीवन के लिए जरूरी पेड़ों-जंगलों के दुश्मन बनते जा रहे हैं। यदि देश की बात करें तो अकेले उत्तराखंड में बीते 8-9 बरसों के दौरान ढाई लाख से ज्यादा पेड़ काट दिये गये हैं। इनमें एक लाख से ज्यादा पेड़ आल वैदर रोड के नाम पर और शेष पर्यटन, देहरादून से लेकर दिल्ली तक सड़क चौडीक़रण, ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना व सुरंग आधारित परियोजनाओं आदि के नाम पर देवदार, बांज, राई, कैल जैसी दुर्लभ प्रजातियों के पेड़ों का अस्तित्व ही मिटा दिया गया है। पिछले बीस सालों के दौरान 40,000 हेक्टेयर जंगल आग की समाधि बने हैं जिसमें लाखों पेड़ जलकर राख हो गये हैं। विकास के नाम पर पेड़ों के अंधाधुंध कटान का सिलसिला पूरे देश में जारी है। पहाड़ दुनिया के 85 फीसदी से ज्यादा पक्षियों, स्तनधारियों और उभयचरों के आश्रय स्थल हैं। इस बारे में एशिया, उत्तरी अमेरिका, दक्षिणी अमेरिका, अफ्रीका और यूरोप का जायजा लें तो पाते हैं कि पहाड़ी जंगलों के खात्मे की दर में एशिया 39.8 मिलियन हैक्टेयर वन नुकसान के मामले में सर्वोपरि है। गौरतलब है कि हर साल जितना जंगल खत्म हो रहा है, वह एक लाख तीन हजार वर्ग किलोमीटर में फैले देश जर्मनी, नार्डिक देश आइसलैंड, डेनमार्क, स्वीडन और फिनलैंड जैसे देशों के क्षेत्रफल के बराबर है। लेकिन सबसे बड़े दुख की बात यह है कि इसके अनुपात में नये जंगल लगाने की गति बेहद धीमी है। लंदन के थिंक टैंक एनर्जी ट्रांसमिशन कमीशन की मानें तो समूची दुनिया में हर मिनट औसतन दस फुटबाल मैदान के बराबर यानी 17.60 एकड़ जंगल काटे जा रहे हैं। बीते 30 सालों में 42 करोड़ हैक्टेयर जंगल को मैदान बना दिया गया है। बढ़ते तापमान, भयावह सूखा, वनों की अंधाधुंध कटाई और जंगलों में आग की बढ़ती घटनाओं के चलते अमेजन के जंगल खतरे के दायरे में हैं। हकीकत में अब अमेजन के लिए 'रेड अलर्ट' का ऐलान करने का समय आ गया है। इसमें जलवायु परिवर्तन के चलते पड़ने वाले सूखा और गर्मी व आग सहित बहुतेरे कारकों की बड़ी भूमिका है। जंगलों के खात्मे में आग भी एक अहम कारक है जिसके चलते दुनिया में हर साल लाखों हैक्टेयर जंगल आग की भेंट चढ़ जाते हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार अमेजन वनों का लगभग आधा हिस्सा 2050 तक खत्म हो जाएगा। 1990-2020 के बीच के तीस वर्षों में 42 करोड़ हैक्टेयर जंगलों का खात्मा हुआ है। यदि मैरीलैंड यूनीवर्सिटी और वर्ल्ड रिसोर्स इंस्टीट्यूट के ग्लोबल वाच की हालिया रिपोर्ट की मानें तो भारत में 2023 के दौरान 21,672 हैक्टेयर जंगल खत्म हो गये। देश में 2022 में 21,839 हैक्टेयर जंगलों का खात्मा हुआ। इसमें भारत देश के पांच राज्यों यथा आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, उत्तराखंड, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश शीर्ष पर हैं जहां देश में आग से सबसे ज्यादा जंगल तबाह हुए हैं और यह सिलसिला आज भी जारी है। जैव विविधता को संरक्षित करने में वन की उपयोगिता जगजाहिर है लेकिन विडम्बना है कि हम उन्हीं के साथ खिलवाड़ कर अपने जीवन के लिए खतरा पैदा कर रहे हैं। बीते तीन दशक इसके सबूत हैं कि उनमें हमने तकरीबन एक अरब वन मानवीय स्वार्थ के चलते खत्म कर दिये हैं। दुख इस बात का है कि जंगल बचाने की लाख कोशिशों के बावजूद दुनिया में वनों की कटाई में और तेजी आई है। मौजूदा दौर की हकीकत यह है कि दुनिया में हर मिनट 21. 1 हैक्टेयर में फैले जंगलों का खात्मा हो रहा है। देखा जाये तो जल, जंगल और जमीन के मुद्दे आपस में गहरे तक जुड़े हुए हैं। प्राकृतिक संसाधनों का उचित प्रबंधन आज की सबसे बड़ी जरूरत है। तभी सामुदायिक प्रयासों को प्रोत्साहित कर धरती को बचाया जा सकता है।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं पर्यावरणविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## नवाचार

राव इंद्रजीत सिंह

# डिजिटल क्रांति से आर्थिक बदलाव

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम द्वारा भारतीय रिज़र्व बैंक के मार्गदर्शन में विकसित एकीकृत भुगतान इंटरफ़ेस (यूपीआई) ने भारतीयों के लेन-देन के तरीके में क्रांति ला दी है। किसी मित्र को पैसे भेजने के एक अनूठे तरीके के रूप में शुरू किया गया यह तरीका शीघ्र ही छोटे व्यवसायों, सब्ज़ी विक्रेताओं और गिग वर्कर्स की जीवनरेखा बन गया। आज, भारत में प्रति माह 17 बिलियन से अधिक यूपीआई के माध्यम से लेनदेन होते हैं। जैसे-जैसे भारत अपने 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है, नए आयाम उभर रहे हैं, एआई-सक्षम शासन, विकेन्द्रीकृत वाणिज्य, और बहुभाषी, मोबाइल-प्रथम डिजिटल सेवाएं जो सबसे गरीब व्यक्ति तक पहुंच सकती हैं।

पिछले एक दशक में भारत में एक ऐसी डिजिटल क्रांति आई है जो असाधारण है। जो प्रक्रिया लक्षित प्रौद्योगिकीय अंतःक्षेपों की एक श्रृंखला के रूप में शुरू हुई थी, वह अब एक व्यापक परिवर्तन के रूप में विकसित हो चुकी है, जो भारतीय जीवन के लगभग हर पहलू जैसे अर्थव्यवस्था, शासन, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, वाणिज्य, और देश के कोने-कोने में बसे किसानों और छोटे उद्यमियों के जीवन को भी प्रभावित कर रही है। यह यात्रा आकस्मिक नहीं थी। इसे भारत सरकार द्वारा ठोस नीति निर्धारण, अंतरमंत्रालयी सहयोग और समावेशी विकास के प्रति प्रतिबद्धता के माध्यम से सावधानीपूर्वक प्रबंधित किया गया है। जब संबद्ध मंत्रालयों जैसे इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई), वित्त मंत्रालय (एमओएफ), कृषि मंत्रालय, और अन्य मंत्रालयों ने बड़े पैमाने में ज़मीनी स्तर पर परियोजनाओं को पूरा किया तो दूसरी ओर नीति आयोग ने अभिसरण को बढ़ावा देकर, विचारों को नेतृत्व देकर, और स्केलेबल, नागरिक-प्रमुखता वाले नवाचारों की ओर प्रणाली को प्रेरित कर नीति इंजन का काम किया है।

जन धन-आधार-मोबाइल (जेएएम) ट्रिनिटी की शुरुआत के साथ इसमें एक महत्वपूर्ण मोड़ आया है। लगभग 55 करोड़ बैंक खातों के खोलने के साथ-साथ, करोड़ों लोगों को, जो पहले वित्तीय प्रणाली की पहुंच से बाहर थे, उन्हें अकस्मात बैंकिंग व्यवस्था और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण तक पहुंच प्राप्त हुई है। ओडिशा के एक छोटे से गांव में पहली बार बिना बिचौलिए की सहायता से एक सिंगल मदर को कल्याणकारी लाभ सीधे उनके खाते में प्राप्त करने में सक्षम बनाया गया। उनकी कहानी भारत भर के करोड़ों लोगों की कहानी बन गई है। यह वृहद वित्तीय समावेशन आंदोलन वित्त मंत्रालय के समर्थन और आधार तथा मोबाइल पैठ की सक्षम सहायता से अगला कदमः एक वित्तीय-प्रौद्योगिकी विस्फोट का आधार बना। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम द्वारा भारतीय रिज़र्व बैंक के मार्गदर्शन में विकसित एकीकृत भुगतान इंटरफ़ेस (यूपीआई) ने भारतीयों के लेन-देन के तरीके में क्रांति ला दी है। किसी मित्र को पैसे भेजने के एक अनूठे तरीके के रूप में शुरू किया गया यह तरीका शीघ्र ही छोटे व्यवसायों, सब्ज़ी विक्रेताओं और गिग वर्कर्स की जीवनरेखा बन गया। आज, भारत में प्रति माह 17 बिलियन से अधिक यूपीआई के माध्यम से लेनदेन होते हैं, और यहां तक कि सड़क किनारे के विक्रेता वाले भी एक साधारण क्यूआर कोड के ज़रिए डिजिटल भुगतान स्वीकार कर रहे हैं। इसी दौरान, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत भारत के डिजिटल अवसंरचना के मुख्य तंत्र को धीरे-धीरे और निरंतरता से तैयार किया जा रहा है। भारतनेट जैसी परियोजनाओं ने दो लाख से अधिक ग्राम पंचायतों तक ब्रॉडबैंड पहुंचाया है, जबकि इंडिया स्टैक ने कागज़-रहित, उपस्थिति-रहित और नकदी-रहित सेवाओं का ढाँचा तैयार किया। डिजी-लॉकर ने छात्रों को अपने प्रमाणपत्र डिजिटल रूप में रखने और ई-हस्ताक्षर ने महत्वपूर्ण दस्तावेज़ों के लिए दूरस्थ प्रमाणीकरण प्रदान किया। डिजी-यात्रा एक अग्रणी पहल है जो चेहरे के पहचान की तकनीक का उपयोग करके निर्बाध, कागज़-रहित और संपर्क-रहित हवाई यात्रा को संभव बनाती है।




यह त्वरित चेक-इन, बेहतर यात्री अनुभव और बेहतर हवाई अड्डे की क्षमता में सुधार सुनिश्चित करती है, साथ ही विकेंद्रीकृत पहचान प्रबंधन के माध्यम से डेटा गोपनीयता की सुरक्षा भी करती है। यह भारतीय विमानन के भविष्य की तैयारी और यात्री-अनुकूल बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। ये मात्र ऐप ही नहीं हैं - ये एक डिजिटल गणराज्य की आधारशिला हैं। डिजिटल गवर्नेंस ने भी गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जेम) के शुभारंभ के साथ बड़ी उछाल लगाई है। सार्वजनिक खरीद में पारदर्शिता और दक्षता लाने के लिए डिज़ाइन किए गए, जेमने 1.6 लाख से अधिक सरकारी क्रेताओं को 22 लाख से अधिक विक्रेताओं से जोड़ा है। राजस्थान के एक छोटे हस्तशिल्प विक्रेता के लिए, इसका अभिप्राय सरकारी संविदाओं तक पहुंच प्रदान करना था जो पहले अकल्पनीय था। कृषि क्षेत्र, जिसे प्रायः परिवर्तन के प्रतिरोधी के रूप में देखा जाता है, ने भी डिजिटल साधनों को अपनाना शुरू कर दिया है। पीएम-किसान जैसे प्लेटफॉर्म ने यह सुनिश्चित किया कि आय सहायता किसानों तक सीधे पहुंचे। ई-नैम ने राज्यों की कृषि मंडियों को जोड़ा, जिससे किसानों को अपनी उपज के बेहतर दाम मिल सके। डिजिटल मृदा स्वास्थ्य कार्ड ने उन्हें यह समझने में मदद की कि उन्हें कौन सी फसलें उगानी चाहिए और अपनी भूमि में कौन से पोषक तत्वों का प्रयोग करना चाहिए। झारखंड के ग्रामीण-क्षेत्रों में, स्थानीय उद्यमियों द्वारा संचालित सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) उनके लिए एक प्रकार से डिजिटल जीवन रेखा बन गए, जो टेली-मेडिसिन से लेकर बैंकिंग और कौशल विकास कार्यक्रमों तक, हर चीज की पेशकश करते हैं। महामारी भारत के डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के लिए एक कठिन परीक्षा थी जिसमें हम बखूबी सफल हुए। स्कूल बंद होने के बावजूद, दीक्षा और स्वयं जैसे प्लेटफॉर्मों ने यह सुनिश्चित किया कि पढ़ाई अनवरत चलती रहे। इसके साथ ही, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन ने अपना आकार लिया, जिससे नागरिकों को एक डिजिटल आईडी के माध्यम से अपने स्वास्थ्य रिकॉर्ड तक पहुंच प्राप्त हुई और अस्पतालों एवं राज्यों में एक सहज वातावरण बन सका।

वाणिज्य में भी एक शांत क्रांति देखी गई। डीपीआईआईटी की एक पहल, ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) अब छोटी किराना दुकानों और हथकरघा बुनकरों को बड़ी ई-कामर्स कंपनियों से प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम बना रही है। डिजिटल कॉमर्स के कार्यों को एकीकृत करके, ओएनडीसी प्रतिस्पर्धा के मैदान को समतल कर रहा है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि छोटे व्यवसाय आसानी से लॉजिस्टिक्स, भुगतान और ग्राहक प्रतिक्रिया प्रणालियों तक पहुँच सकें। नीति आयोग की अभिसरण भूमिका-मंत्रालयों, राज्यों, स्टार्टअप्स और उद्योग जगत को एकजुट करना है, जो सुनिश्चित करता है कि डिजिटल सार्वजनिक वस्तुएं अंतर-संचालनीय, समावेशी और स्केलेबल हों। जैसे-जैसे भारत अपने 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है, नए आयाम उभर रहे हैं, एआई-सक्षम शासन, विकेन्द्रीकृत वाणिज्य, और बहुभाषी, मोबाइल-प्रथम डिजिटल सेवाएं जो देश के सबसे गरीब व्यक्ति तक पहुंच सकती हैं। लेकिन यह सिर्फ़ एक सरकारी सफलता से जुड़ी कहानी नहीं है। यह एक राष्ट्र की कहानी है, करोड़ों नागरिकों की कहानी है जिन्होंने बदलाव को अपनाया, उद्यमियों की कहानी है जो डिजिटल रेल पर आगे बढ़े, और स्थानीय लीडरों की कहानी है जिन्होंने सेवा वितरण की नई कल्पना की। भारत का डिजिटल दशक सिर्फ़ तकनीक का नहीं है, यह बदलाव का दशक भी है और यह कहानी का अभी प्रारंभिक चरण ही है।

( लेखक केंद्रीय राज्यमंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

# निंदा का परित्याग करें




संकलित

## दर्शन

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज में निर्वहन के लिए व्यक्ति के सामाजिक गुणों का अत्यंत महत्व है। गुणी व्यक्ति को प्रत्येक जगह सम्मान की प्राप्ति होती है। संसार के प्रत्येक प्राणी में कुछ गुण तो कुछ अवगुण पाए जाते हैं, परंतु कुछ लोग हैं जो दूसरे के अवगुणों को ही देखते हैं। वे किसी भी सकारात्मक पक्ष में नकारात्मकता देखने के अभ्यस्त हो जाते हैं। प्रायः ऐसे लोगों में निंदा की प्रवृत्ति पाई जाती है। वे ऐसा करके खुद को समाज में श्रेष्ठ एवं दूसरे को नीचा साबित करना चाहते हैं। निंदा एक नशे की भांति है, जो एक बार इसका आदी हो गया, वह दिन-प्रतिदिन इसके पाश में जकड़ता चला जाता है। मनीषियों ने निंदा को दुर्व्यसन के समान माना है, जो निंदा करने वाले व्यक्ति को अंदर ही अंदर नैतिक रूप से समाप्त करती रहती है। एक बार एक आचार्य अपने शिष्यों को शिक्षा प्रदान कर रहे थे। शिक्षा प्राप्ति के दौरान एक शिष्य अन्य शिष्यों की ओर संकेत करते हुए आचार्य से कहने लगा कि 'वे अपना कार्य सही से नहीं कर रहे हैं। मुझे लगता है इन लोगों को कार्य करना ही नहीं आता।' आचार्य बोले, 'तुमको छोड़ अन्य सारे शिष्य सही से कार्य कर रहे हैं।' इस पर शिष्य असहज हो गया। उसने आचार्य से पूछा, 'वह कैसे?' आचार्य बोले, 'क्योंकि वे लोग अपने कार्य में संलग्न हैं, किंतु तुम अपने कार्य पर ध्यान न देकर, दूसरों के कार्य की निंदा करने में अपने समय की बर्बादी कर रहे हो।'

# जब कोई झूठा आरोप लगे तो धैर्य न छोड़ें



संकलित

## प्रेरणा

द्वारका में एक सूर्य भक्त था सत्राजित। उसे सूर्य देव ने स्यमंतक नाम की चमत्कारी मणि दी थी। ये मणि रोज बीस तोला सोना उगलती थी। एक दिन श्रीकृष्ण ने सत्राजित से कहा कि आप ये मणि राजकोष में देंगे तो इससे मिले धन से प्रजा की अच्छी देखभाल हो सकेगी। सत्राजित ने श्रीकृष्ण को मणि देने से मना कर दिया। इस घटना के कुछ दिन बाद सत्राजित के भाई प्रसेनजित ने मणि चुरा ली। प्रसेनजित मणि लेकर जंगल में भाग गया। जंगल में एक शेर ने प्रसेनजित को मार दिया और खा गया। मणि जंगल में ही गिर गई। सत्राजित को जब प्रसेनजित और अपनी मणि नहीं मिली तो उसने श्रीकृष्ण पर आरोप लगा दिया कि कृष्ण ने ही मेरी मणि चुराई है और मेरे भाई की हत्या कर दी है। श्रीकृष्ण पर चोरी और हत्या का कलंक लग गया। श्रीकृष्ण आरोप को गलत साबित करने के लिए जंगल की ओर चल दिए। जंगल में श्रीकृष्ण को शेर के पैरों के निशान दिखे।श्रीकृष्ण समझ गए कि प्रसेनजित को शेर ने मार दिया है और मणि यहीं कहीं गिर गई है। श्रीकृष्ण मणि खोजते हुए एक गुफा में पहुंच गए। गुफा में जामवंत रहते थे। श्रीकृष्ण ने मणि मांगी तो जामवंत ने नहीं दी। इसके बाद दोनों का युद्ध हुआ। युद्ध में श्रीकृष्ण जीत गए। इसके बाद जामवंत ने मणि श्रीकृष्ण को दे दी और अपनी पुत्री जामवंती का विवाह भी भगवान के साथ कर दिया। द्वारका लौटकर श्रीकृष्ण ने वह मणि जामवंत से लेकर सत्राजित को दे दी और पूरी सच्चाई बता दी।

## सटाका




## आज की पाती

### साइबर क्राइम के बढ़ते कदम रोकने होंगे

जिस गति से साइबर क्राइम बढ़ रहा है, यह आम आदमी के लिए एक मुसीबत बन गई है और लुटेरों के लिए जैसे मनोरंजन और लॉटरी लगी है। हैरानी इस बात की है कि इस मर्ज की दवा किसी के पास नहीं। किसी को जब चाहें, अपराधी बंधक बना कर सब कुछ लूट लेते हैं और उनका कुछ भी बिगाड़ नहीं सकते। देश में बड़ी संख्या में लोग इस क्राइम के शिकार हो रहे हैं। यह अत्यंत गंभीर समस्या है और इससे आंख नहीं फेरी जा सकती। जहां डिजिटलाइजेशन के अनेक लाभ हैं, इससे कई गुणा हानियां भी हैं। द्वंद्व यह है कि इसे अपनाएं या नहीं? इस पर सभी को गंभीरता एवं शीघ्रता से समाधान निकालना होगा। आज नहीं तो कल हर कोई इसका शिकार होगा। *- अशोक साहू, कोड़ागांव*

## करंट अफेयर


# टेक्सास में शरिया कानून पर प्रतिबंध की घोषणा



टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट ने कहा है कि उनके प्रांत ने इस्लामी शरिया कानून के क्रियान्वयन पर प्रतिबंध लगा दिया है और निवासियों से व्यवसायों या व्यक्तियों पर 'शरिया अनुपालन' थोपने के किसी भी प्रयास की सूचना देने का आग्रह किया। एबॉट की यह टिप्पणी ह्यूस्टन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद आई है, जिसमें एक मुस्लिम धर्मगुरु लाउडस्पीकर के माध्यम से दुकानदारों से शराब, सूअर का मांस या लॉटरी टिकट नहीं बेचने का आग्रह करते हुए दिख रहा है। गवर्नर ने इस घटना को उत्पीड़न बताया और कहा कि टेक्सास सार्वजनिक जीवन में धार्मिक आचार संहिता लागू करने के प्रयासों को बर्दाश्त नहीं करेगा। एबॉट ने मंगलवार को 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'मैंने टेक्सास में शरिया कानून और शरिया कानूनी प्रक्रिया पर प्रतिबंध लगाने वाले कानून पर हस्ताक्षर किए हैं। किसी भी व्यवसाय और किसी भी व्यक्ति को ऐसे मूर्खों से डरना नहीं चाहिए।' उन्होंने कहा, 'यदि यह व्यक्ति या कोई भी व्यक्ति शरिया अनुपालन थोपने का प्रयास करता है, तो इसकी सूचना स्थानीय कानून प्रवर्तन या टेक्सास लोक सुरक्षा विभाग को दें।'

## ऑफ बीट

# 'इंटरवल रनिंग' भी सेहत के लिए बेहद उपयोगी



दौड़ना न केवल बीमारियों से बचाव करता है, मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है बल्कि उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को भी धीमा करता है। इंटरवल रनिंग वास्तव में हाई-इंटेंसिटी इंटरवल ट्रेनिंग (एचआईआईटी) का एक हिस्सा है, जिसमें तीव्र गति से दौड़ने के छोटे सत्रों के बाद विश्राम या धीमी गति से दौड़ने का समय शामिल होता है। यह पद्धति पिछले कुछ वर्षों में टबाटा और क्रॉसफिट जैसे वर्कआउट्स के ज़रिये लोकप्रिय हुई है। कैसे काम करता है इंटरवल रनिंग : एचआईआईटी में, उदाहरण के तौर पर, 30 सेकंड तक तेज़ गति से दौड़ने के बाद 30 सेकंड का आराम किया जाता है। यह प्रक्रिया कई बार दोहराई जाती है। इसी सिद्धांत को दौड़ने में शामिल करते हुए, "10-20-30 विधि" अपनाई जा सकती है, जिसमें पहले 30 सेकंड तक चलना या हल्की दौड़, फिर 20 सेकंड तक मध्यम गति की दौड़ और फिर 10 सेकंड की तेज़ स्प्रिंटिंग यानी तेज गति से दौड़ शामिल होती है। फार्टलेक स्वीडिश शब्द है जिसका अर्थ 'स्पीड प्ले' होता है। व्यायाम के लिए यह विधि भी एक आसान तरीका है जिसमें धीमी दौड़ के बीच-बीच में कुछ सेकंड की तेज़ दौड़ शामिल होती है।

## ट्रेंड

### रिपोर्ट कार्ड की राजनीति



पहले राजनीति सिर्फ़ काम न करने, परिवार-केंद्रित हितों, भ्रष्टाचार, जातिवाद और तुष्टिकरण पर केंद्रित होती थी। पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने काम, जवाबदेही और रिपोर्ट कार्ड की राजनीति को जन्म दिया है।
- जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### ग्लोबल बोर्ड का स्वागत



एचएसबीसी ग्रुप चेयरमैन सर मार्क टकर के नेतृत्व में ग्लोबल बोर्ड का स्वागत करते हुए बेहद खुशी हो रही है। बोर्ड से आग्रह किया कि वे विकास और समृद्धि के सह-निर्माण में हमारे साथ साझेदारी करें और भारत को वैश्विक परिवर्तन का केंद्र बनाएँ।
-पीयूष गोयल, केंद्रीय उद्योग मंत्री

### राजभाषा का संवर्धन



हिंदी सिर्फ़ भाषा नहीं, यह हमारी संस्कृति और सभ्यता की पहचान है। आप सभी देशवासियों को 'हिंदी दिवस' की हार्दिक शुभकामनाएँ। आइये, हम हमारी मातृभाषा और राजभाषा के संवर्धन का संकल्प लें।
- अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय मंत्री

### दिल से खेलिए



टीम इंडिया शोर-शराबे और राजनीति को दिल पर मत लीजिए। आपके सारे फैन और देशवासी मैदान और रणभूमि का फर्क समझते हैं। दबाव लेने नहीं, बनाने मैदान में जाइए ; स्पोर्ट्समैन स्पिरिट के साथ खेलिए, बाकी देश आपके साथ मजबूती से खड़ा है। दिल से खेलिए, दिल भी जीतिए !
-डॉ. रामदास अठावले, राज्यसभा सांसद

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## 8 हजार 6 सौ से अधिक करदाताओं ने छूट का लिया लाभ

# नेशनल लोक अदालत के दिन हुई रिकॉर्ड तोड़ वसूली



**हरिभूमि, जबलपुर।** शासन द्वारा आयोजित 13 सितंबर की लोक अदालत में नगर निगम द्वारा इस वर्ष रिकार्ड वसूली की जो 7 करोड के ऊपर थी ये आज तक आयोजित सभी लोग अदालत में की गई सबसे बड़ी वसूली थी और नगर निगम सीमा में निवासरत 8 हजार 6 सौ से अधिक करदातायो ने नेशनल लोक अदालत में छूट का लाभ उठाया। अभी तक के आयोजित सभी लोक अदालत में इस बार की लोक अदालत में करदाताओं ने बढ़चढ़कर भाग लिया और बकाया करों की राशि जमा कर लोक अदालत में सर्वाधिक वसूली का रिकार्ड दर्ज करवाया। इसके लिए महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'', निगमाध्यक्ष रिकुंज विज, राजस्व प्रभारी डॉं. सुभाष तिवारी, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार एवं अपर आयुक्त (राजस्व) श्रीमती अंजू सिंह ठाकुर ने करदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बीच में भोपाल से सर्वर बंद होने के लिए खेद व्यक्त किया है। महापौर श्री अन्नू एवं निगमायुक्त आर.पी. अहिरवार ने शहर के शेष सभी सम्माननीय करदाताओं से भी अपील की है कि 30 सितम्बर के पूर्व अपने-अपने समस्त बकाया करों की राशि निगम खजाने में जमा कराएं और अधिभार से बचें।

वसूली के संबंध में अपर आयुक्त अंजू सिंह ठाकुर ने बताया कि महापौर श्री अन्नू, राजस्व प्रभारी डॉं. सुभाष तिवारी एवं निगमायुक्त आर.पी. अहिरवार द्वारा हर 2 घंटे में राजस्व अमले को मार्गदर्शन दिया जा रहा था। उन्होंने बताया कि रात 12 बजे तक संभागीय कार्यालयों में छूट लेने हेतु करदाताओं की लाइन लगी रही। उन्होंने बताया कि सुबह 11:15 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक भोपाल से सर्वर बंद होने के कारण नागरिकों को होने वाली असुविधा के लिए महापौर श्री अन्नू, निगमाध्यक्ष रिकुंज विज, एम.आई.सी. सदस्य एवं राजस्व प्रभारी डॉ. सुभाष तिवारी, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार द्वारा खेद व्यक्त किया गया। समस्त करदाताओं को संपत्तिकर में 6.25 एवं जलकर में वरिष्ट नागरिकों को 30 सितंबर तक छूट है।

## बिजली कंपनी के 13233 प्रकरण निराकृत, 3.92 करोड़ रू की दी छूट

**हरिभूमि, जबलपुर।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत कंपनी कंपनी को इस वर्ष की तीसरी लोक अदालत में प्रकरण निराकृत में आशातीत सफलता मिली है। लोक अदालत में बिजली वितरण कंपनी के 13233 प्रकरण निराकृत हुए हैं, 10826 से ज्यादा उपभोक्ताओं, बिजली उपयोगकर्ताओं को 3.92 करोड़ रू की छूट नियमानुसार , पात्रता अनुसार प्रदान की गई है । बिजली कंपनी को 13 करोड़ 22 लाख रुपए से ज्यादा का राजस्व मिला है।

**कंपनी को 13 करोड़ 22 लाख से ज्यादा का राजस्व मिला**



लोक अदालत को प्रभावी बनाने के लिए कंपनी क्षेत्र के 24 जिलों में हजारों नोटिस जारी कर समझौते के लिए उपभोक्ता, उपयोगकर्ता को तैयार कर ऊर्जा विभाग के आदेशानुसार छूट प्रदान करने की प्रभावी तैयारी की गई थी। मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी प्रबंध निदेशक के मार्गदर्शन में कंपनी क्षेत्र के सभी 24 जिलों में लोक अदालत के लिए 2 हजार से ज्यादा कार्मिकों ने अधिक से अधिक प्रकरण समाधान हेतु सेवाएं दी। इस लोक अदालत में 10 लाख रूपए तक के सिविल दायित्व के प्रकरणों में समझौते की सीमा निर्धारित थी। विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135, धारा 126 के तहत दर्ज बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरणों का समझौता किया गया। प्री लिटिगेशन स्तर सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट, लिटिगेशन स्तर के प्रकरणों में आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट प्रदान की गई। धारा 126 के प्रकरणों में सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं विलंब होने पर ब्याज में सौ प्रतिशत की छूट देय थी। कार्मिकों को लोक अदालत में रिकॉर्ड राजस्व संग्रहण पर बधाई दी गई



## 17 सितम्बर को आयोजित होगा रक्तदान शिविर

**कलेक्टर ने की सेवा पखवाड़ा के संबंध में बैठक**

जबलपुर।

कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक पूरे प्रदेश में स्वस्थ नारी सशक्त नारी अभियान के संबंध में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उन्होंने मुख्य रूप से 17 सितम्बर को आयोजित रक्तदान शिविर के संबंध में चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री अभिषेक गहलोत, सीएमएचओ डॉ. संजय जैन सहित सभी शासकीय व अशासकीय संस्थाओं के लोग उपस्थित थे। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि 17 सितम्बर को सेवा पखवाड़ा अंतर्गत जिले में 13 स्थानों पर वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसमें शहरी क्षेत्र में सेंट एलॉयसिस कॉलेज सदर, आईटीआई कटंगी रोड के पास श्रीराम कॉलेज, मेडिकल कॉलेज के पास ज्ञानज्ञंगा कॉलेज, सिविल लाईन स्थित महाकौशल कॉलेज, सिविक सेंटर स्थित गुजराती मंडल और सेठ गोविंदास जिला चिकित्सालय (विक्टोरिया हॉस्पिटल) तथा पाटन, सिहोरा, पनागर, शहपुरा, बरगी, कुंडम व मझौली के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में रक्तदान शिविर के साथ स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किये जायेंगे। बैठक में सभी केन्द्रों में रक्तदान कार्यक्रम को संपन्न कराने के लिए टीम का गठन भी किया गया। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं के लिए बैठक इत्यादि की समुचित व्यवस्था हो, इसके लिए सभी एसडीएम पहले से ही स्थल निरीक्षण कर लें और स्थानीय अमला भी इसमें सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करे। रक्तदान शिविर के साथ-साथ स्वास्थ्य के शिविर भी आयोजित किये जायेंगे, जिसमें महिलाओं के स्वास्थ एवं पोषण से जुड़ी समस्याओं को पहचान कर उन्हें समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, किशोरियों में पोषण एवं एनीमिया के प्रति जागरूकता बढ़ाना, गैर संचारी रोग जैसे उच्च रक्तचाप, मधुमेह, कैंसर, एनीमिया एवं सिकल सेल रोग तथा संचारी रोग, क्षय रोग, कुष्ठ रोग की स्क्रीनिंग, स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता के साथ-साथ समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। कलेक्टर श्री सिंह ने अलग से बैठक कर सभी अधिकारियों को भी सेवा पखवाड़ा अंतर्गत स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार को सफल बनाने के लिए आवश्यक निर्देश भी दिये।




### प्रेरणा हिंदी प्रचारिणी सभा का हिंदी सम्मेलन

## हिंदी सम्मेलन में देश के विभिन्न प्रांतों से कवि कवयित्री, पत्रकार एवं हिंदी प्रेमी हुए शामिल

**जबलपुर।** प्रेरणा हिंदी प्रचारिणी सभा के तत्वावधान में राष्ट्रभाषा अभियान के तहत हिंदी दिवस की पूर्व संध्या पर सभा के संस्थापक कवि संगम त्रिपाठी, राष्ट्रीय महासचिव प्रदीप मिश्र अजनबी एवं सक्रिय सदस्यों के नेतृत्व में विशाल हिंदी सम्मेलन आयोजित किया गया। हिंदी, सम्मेलन में देश के विभिन्न प्रांतों से कवि, कवयित्री, पत्रकार एवं हिंदी प्रेमी शामिल हुए। हिंदी सम्मेलन का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन से प्रारंभ हुआ। माँ सरस्वती वंदना सीमा शर्मा मंजरी मेरठ ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कवि संगम त्रिपाठी व अध्यक्षता डॉ. धर्म प्रकाश वाजपेई सिविल सेवा गुरु ने किया। 18 पूसा मार्ग करोलबाग नई दिल्ली में भव्य व दिव्य आयोजन में कवयित्री वसुंधरा प्रयागराज, डॉ आरती दुबे लखनऊ, ईश्वर चन्द्र विद्यावाचस्पति संत कबीर नगर, ममता साहू कांकेर छत्तीसगढ़, डॉ. निधि बोथरा जैन इस्लामपुर पश्चिम बंगाल, डॉ. ओम ऋषि भारद्वाज एटा उत्तर प्रदेश, आचार्य विजय तिवारी किसलय जबलपुर म.प्र., उमाकांत त्रिपाठी निश्चल रीवा, सोनिया नायडू दुर्ग छत्तीसगढ़, ब्रम्हानंद तिवारी पुष्पधन्वा दिल्ली, मेघा अग्रवाल नागपुर, गोवर्धन थपलियाल दिल्ली, डॉ. कौशल किशोर बोधगया, आशु कवि दादा भैरु सुनार मनासा, विजय कुमार कुशवाहा ग्राम मिर्जापुर समस्तीपुर बिहार, डॉ. लाल सिंह किरार अम्बाह मुरैना, वीरेंद्र फौजी अलबेला चंबल, हरिओम मीना, श्रीमती मीना श्रीवास्तव जबलपुर, ज्ञानेंद्र श्रीवास्तव, अनिल शर्मा, के. एल. सोनी विनोदी छतरपुर, बृजेश कुमार त्रिपाठी आदि ने काव्य पाठ किया व हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने हेतु आव्हान किया। हिंदी सम्मेलन के प्रथम सत्र का संचालन डॉ. भैरु सुनार मनासा व द्वितीय सत्र का संचालन प्रदीप मिश्र अजनबी दिल्ली ने किया।

### राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने व्यापारी नागपुर रवाना

**जबलपुर।** अमेरिका की टैरिफ वॉर के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर स्वदेशी वस्तुओं के प्रचार-प्रसार एवं उपभोग को जन-आंदोलन बनाने के उद्देश्य से नागपुर में दो दिवसीय राष्ट्रीय व्यापारी मिलन आज से प्रारंभ हो रहा है. कैट द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल होने जबलपुर से कैट प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र पचौरी, संदेश जैन, दीपक सेठी, राजीव पड़ेरिया, रोहित खटवानी, मनोज जसाठी, सीमा सिंह चौहान एवं डॉक्टर मुक्तेश्वरी पचौरी नागपुर के लिये रवाना हुये.

## लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिये दो दिवसीय शिविर कल से

**जबलपुर,** जिले के सेवा निवृत्त शासकीय कर्मचारियों के लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिये संभागीय पेंशन कार्यालय जबलपुर में 16 और 17 सितंबर शिविर का आयोजन किया जायेगा। संभागीय पेंशन अधिकारी अजय सिंह ठाकुर के अनुसार 31अगस्त 2025 की स्थिति में जबलपुर जिले में 491 पेंशन प्रकरण लंबित हैं। श्री ठाकुर ने सभी विभागों के आहरण एवं संवितरण अधिकारियों से अपने कार्यालय के 31 अगस्त 2025 तक सेवानिवृत्त कर्मचारियों, शासकीय सेवा के दौरान मृत हुये कर्मचारियों तथा स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति लेने वाले कर्मचारियों के लंबित पेंशन प्रकरणों को ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन संभागीय पेंशन कार्यालय में प्रस्तुत करने का आग्रह किया है। संभागीय पेंशन अधिकारी ने कहा है कि पेंशन प्रकरणों के निराकरण में यदि कोई तकनीकी कठिनाई आ रही है तो उस स्थिति में भी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को दस्तावेज सहित ऐसे प्रकरण संभागीय पेंशन कार्यालय को उपलब्ध कराने होंगे, ताकि उनका भी शिविर में निराकरण किया जा सके।



## यश नर्सरी स्कूलों में हिंदी दिवस का भव्य आयोजन

**जबलपुर।** यश नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल अधारताल एवं गोहलपुर शाखा में हिंदी दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों ने अपनी प्रतिभा का मनमोहक प्रदर्शन करते हुए काव्य गायन, दोहा, कुंडली एवं चालीसा गायन प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मंच पर प्रस्तुत पचड़ा गीत और आल्हा गायन ने समां बाँध दिया और दर्शकों से विशेष सराहना प्राप्त की। संपूर्ण आयोजन विद्यालय संचालक डॉ. विजयकांत तिवारी तथा प्राचार्य सोनल तिवारी और वर्षा झारिया के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की सफलता में श्रेया तिवारी, अतुल श्रीवास्तव, तनुजा यादव, अंकिता तिवारी सहित समस्त स्टाफ का सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन हिंदी संकाय के शिवेंद्र जाट एवं रीना कोरी ने किया।

## डॉ. अम्बेडकर के अपमान पर अबाक्स ने किया पुतला दहन

**जबलपुर।** आदिवासी बहुजन अधिकार कल्याण संघ एवं सहयोगी संगठनों के संयुक्त तत्वाधान में डॉक्टर बाबासाहेब अंबेडकर के प्रति आपत्तिजनक बयान देने वाले संत रामभद्राचार्य का पुतला दहन अंबेडकर चौक पर किया गया सरकार से रामभद्राचार्य पर राष्ट्रद्रोह का प्रकरण दर्ज करने की मांग की गई रामभद्राचार्य जी का बयान समाज में अराजकता फैलाने जैसा है जिसकी विभिन्न संगठनों ने निंदा की और सरकार से मांग की है कि ऐसे तथा कथित संतो को सरकारी सुविधा देना बंद करें जो समाज में असमानता एवं दूरियों को बढ़ाने का काम करते हैं इस अवसर पर अबाक्स के प्रदेश अध्यक्ष देवेश कुमार चौधरी एडवोकेट तेज कुमार भगत एडवोकेट राजेंद्र गुप्ता डॉ राजेंद्र पिल्ले शिवनाथ चौधरी आलम डॉक्टर बी एल जे झरिया अमरचंद बावरिया अकबर खान राजकुमार सिंह की शीर्षक दीपक चौधरी धर्मेंद्र कुशवाहा मूलचंद मोर रामराज पटेल सुरेश कुरील परमेंद्र धुर्वे मन्नालाल चौधरी जीवनलाल जाटव आदि उपस्थित थे।

## किसानों की ट्रैक्टर वाहन रैली आज

जबलपुर।

भारतीय किसान संघ के प्रांत उपाध्यक्ष मोहन तिवारी व जिलाध्यक्ष रामदास पटेल ने बताया कि प्रदेश व्यापी ज्ञापन कार्यक्रम के तहत किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर किसान संघ के नेतृत्व में 15 सितम्बर सोमवार को जबलपुर जिला मुख्यालय पर जिले के किसान विशाल ट्रैक्टर वाहन रैली में आकर किसानों की समस्याओं व मांगो के ज्ञापन सौंपेगें। प्रांत महामंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने बताया कि प्रदेशव्यापी अभियान के अवसर पर केंद्र सरकार से संबंधित समस्याओं को लेकर प्रधानमंत्री, राज्य सरकार की मुख्यमंत्री व स्थानीय समस्याओं के विषयों पर कलेक्टर के नाम पर जिला मुख्यालय कलेक्टर कार्यालय घंटाघर में ज्ञापन सौंपेंगे।

**कृषि उपज मंडी में होगा एकत्रीकरण**

### ट्रैक्टर रैली का यह होगा मार्ग

जिला मंत्री धनंजय पटेल ने बताया कि सोमवार को कृषि उपज मंडी जबलपुर में 12 बजे किसानों का एकत्रीकरण होगा। उसके बाद छोटी सभा के बाद रैली कृषि उपज मंडी जबलपुर से प्रारंभ होकर, दमोहनाका, रानीताल, यातायात चौक, तीन पत्ती चौक, नौदरा ब्रिज, से घंटाघर में समाप्त होगी। जहां किसानों की विभिन्न मांगों व समस्याओं का ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा जाएगा।

### उपस्थिति की अपील

भारतीय किसान संघ के शहपुरा तहसील अध्यक्ष वीरेन्द्र साहू, मंत्री धरम पटेल, पाटन तहसील के मुकुल पचौरी, मंत्री रीतेश पटेल, मंझोली के वीरेन्द्र पटेल, अटल पटेल, सिहोरा के सुरेश पटेल, कुण्डम के सुगनू यादव, बरगी से मुन्ना अग्रवाल, गणेश तिवारी, पनागर तहसील अध्यक्ष जितेंद्र पटेल, आलोक पटेल, रामकृष्ण सोनी, गजेन्द्र सिंह, दामोदर पटेल, सुनील पटेल, महेंद्र अवस्थी आदि ने किसानों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### -इंजीनियर्स डे की पूर्व संध्या पर ब्रह्माकुमारी अमृता बहन का व्याख्यान, विमला दीदी के आशीर्वचन

# इंजीनियरिंग का अर्थ है आंतरिक और बाहरी ऊर्जा का प्रबंधन

हरिभूमि, जबलपुर।

इंजीनियर्स डे की पूर्व संध्या पर ब्रह्माकुमारीज़ (वैज्ञानिक, इंजीनियर एवं आर्किटेक्ट्स विंग) तथा मध्यप्रदेश विद्युत मंडल अभियंता संघ के संयुक्त तत्वावधान में विशेष कार्यक्रम "अंतर्मन की समरसता से बाहरी उत्कृष्टता" का आयोजन ब्रह्माकुमारीज़ शिव उपहार भवन, प्रेमनगर में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत रत्न अभियंता मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुआ। इस अवसर पर अभियंता राजीव गुप्ता, संजय मेहता, बीके अमृता दीदी, हितेश तिवारी एवं ब्रह्माकुमारी विमला दीदी उपस्थित रहीं।

### आंतरिक और बाहरी ऊर्जा का सही प्रबंधन

मुख्य वक्ता ब्रह्माकुमारी अमृता बहन ने कहा जीवन की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग है अपनी आंतरिक और बाहरी ऊर्जा का सही प्रबंधन। कार्य खुशी पाने के लिए नहीं, बल्कि खुश रहकर कीजिए। शांति पाने के लिए मत भागिए, शांत रहकर हर कार्य कीजिए। यही है असली इनर इंजीनियरिंग।"उन्होंने ध्यान (मेडिटेशन) को जीवनशैली में सामंजस्य लाने का श्रेष्ठ साधन बताते हुए कहा कि बाहरी परिस्थितियाँ हमारे नियंत्रण में नहीं होतीं, परंतु भीतर परिवर्तन कर ही बाहरी दुनिया को प्रभावित किया जा सकता है।



### जीवन में राजयोग का महत्व

वरिष्ठ राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी विमला दीदी ने कहा कि "राजयोग से मन की शक्ति और जीवन की गुणवत्ता दोनों बढ़ती हैं। हर अभियंता को इसे जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए।

### संघ का उद्देश्य

अभियंता संघ अध्यक्ष हितेश तिवारी ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य अभियंताओं को तकनीकी के साथ-साथ मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन की दिशा में प्रेरित करना है। महासचिव विकास शुक्ला ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संचालन ब्रह्माकुमारी विनिता दीदी ने किया। बड़ी संख्या में अभियंता, प्राध्यापक व विद्यार्थी उपस्थित रहे और प्रेरक संदेशों से लाभान्वित हुए।

# केन्टोनमेंट एरिया में यूनिपोल लगाने का विरोध

**कांग्रेस - भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिलकर गड्ढे पूरे**

जबलपुर।

कैंट बोर्ड प्रशासन द्वारा क्षेत्र में यूनिपोल लगाने के लिए जारी किए गए टेंडर ने नया विवाद खड़ा कर दिया है। राजस्व वृद्धि के उद्देश्य से शुरू की गई इस प्रक्रिया का अब स्थानीय जनता और नेताओं द्वारा विरोध किया जा रहा है। सबसे खास बात यह है कि इस मुद्दे पर कांग्रेस और भाजपा के नेता एक ही मंच पर दिखाई दिए।यूनिपोल लगाने के लिए जिन स्थानों को चिन्हित किया गया है, वहां गड्ढे खोद दिए गए हैं। स्थानीय नेताओं और नागरिकों का कहना है कि यदि इन स्थानों पर यूनिपोल खड़े किए गए तो आए दिन सड़क हादसों का खतरा बढ़ जाएगा। इसके साथ ही पहले से ही तंग सड़कों और बाजार क्षेत्रों में पार्किंग की जगह भी समाप्त हो जाएगी। युवक कांग्रेस के कार्यकर्ता और कैंट क्षेत्र के विधायक मौके पर पहुंचे और भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर यूनिपोल लगाने का कार्य रुकवा दिया। विधायक ने तत्काल कैंट बोर्ड सीईओ राजीव कुमार से फोन पर चर्चा की और कार्य को बंद करने के निर्देश दिए। वहीं, युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध का रूप लेते हुए खुद ही खोदे गए गड्ढों में मिट्टी भरना शुरू कर दिया। यह घटनाक्रम सदर बाजार के पेंटीनाका चौक पर कई लोगों की मौजूदगी में हुआ।

### कैंट बोर्ड अधिकारियों की सफाई

विवाद बढ़ने पर कैंट बोर्ड के अधिकारी असमंजस की स्थिति में दिखे। हालांकि दबी जुबां में उनका कहना है कि कोई भी कार्य बिना पूरी प्रक्रिया के शुरू नहीं किया जाता। अधिकारियों के अनुसार, यूनिपोल लगाने का निर्णय छह माह पहले लिया गया था। इसके लिए आर्किटेक्ट, इंजीनियर और अन्य तकनीकी विशेषज्ञों की कमेटी गठित की गई थी। कमेटी द्वारा स्थलों का निरीक्षण, नापजोख और सुरक्षा पहलुओं की जांच के बाद ही यूनिपोल लगाने की प्रक्रिया शुरू की गई।

कैंट बोर्ड प्रशासन का कहना है कि यदि जनता को किसी प्रकार की समस्या होती है, तो उसका निराकरण किया जाएगा। हालांकि, राजनीतिक विरोध और जनता की आपत्ति के बाद फिलहाल यूनिपोल लगाने का कार्य रोक दिया गया है।

## चित्रकला में रेखांकन और रंगों का संयोजन नहीं बल्कि विचार महत्वपूर्ण

# छात्रों की चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि जबलपुर।

मध्यप्रदेश विद्युत परिवार हिन्दी समिति व केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के संयुक्त तत्वावधान में हिन्दी महोत्सव के अंतर्गत रामपुर स्थित कल्याण भवन में शॉलेय विद्यार्थीयों की चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश विद्युत परिवार हिन्दी समिति के तत्वावधान में चार दिवसीय हिन्दी महोत्सव की शुरुआत हो गई। हिन्दी महोत्सव के प्रथम दिवस पर दो वर्गों 10 वर्ष आयु तक व 10 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में ढाई सौ विद्यार्थियों ने भाग लेकर रंगों व विचारों से अपनी अभिव्यक्ति को नई उड़ान दी।



### चित्र में विचार ज्यादा महत्वपूर्ण

इस अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता के निर्णायक चित्रकार अवधेश बाजपेयी ने प्रतिभागी विद्यार्थीयों से कहा कि चित्रकला सिर्फ रेखांकन व रंगों का संयोजन नहीं है बल्कि कोई भी चित्र विचार की अभिव्यक्ति के कारण ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाता है। उन्होंने कहा कि बच्चों की किसी भी कला का मूल्यांकन प्रथम या द्वितीय में करके उस पर पर्दा नहीं डालना चाहिए। बच्चों की कला निरंतर विकसित होकर उनमें संभावनाएं बनी रहती हैं। चित्रकार अवधेश बाजपेयी को चित्रकला में उनके योगदान के लिए मध्यप्रदेश विद्युत परिवार हिन्दी समिति की ओर से हिन्दी महोत्सव के संयोजक दीपक निगम व उपाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव ने शॉल, श्रीफल व सम्मान पत्र भेंट कर सम्मान किया।

### इंस्पेक्टर मातादीन चांद पर नाटक का मंचन आज

आज 15 सितंबर को अपरांह 3 बजे से शक्तिभवन स्थित केन्द्रीय पुस्ताकलय में हिन्दी महोत्सव का औपचारिक उद्घाटन होगा। मुख्य अतिथि के रूप में डा. तापसी नागराज व मुरलीधर नागराज उपस्थित रहेंगे। कार्यालयीन टीप प्रतियोगिता के आयोजन के साथ हरिशंकर परसाई की रचना पर आधारित इंस्पेक्टर मातादीन चांद पर नाटक का मंचन आर्यावर्त संस्था द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर जबलपुर पर केन्द्रित चित्रकार अवधेश बाजपेयी की चित्रकला व छायाकार अजय धाबर्डे की छायाचित्र प्रदर्शनी विशेष आकर्षण का केन्द्र होगी।

### विद्यार्थियों ने विषयों पर बनाए चित्र

चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेने वाले शॉलेय विद्यार्थीयों ने अपने चित्रों में रेखांकन, रंगों व विचार से कल्पना को साकार किया। बच्चों की चित्रकला में पर्यावरण, प्रकृति, हिन्दी का प्रचार-प्रसार जैसे विषय देखने को मिले। निर्णायक अवधेश बाजपेयी ने दोनों वर्गों में मूल्यांकन के तौर पर किसी भी चित्र को प्रथम, द्वितीय या तृतीय स्थान न देकर प्रत्येक वर्ग में पांच-पांच चित्रों का चयन कर उन्हें पुरस्कृत करने का निर्णय लिया। चित्रकला प्रतियोगिता के प्रतिभागी सभी ढाई सौ विद्यार्थीयों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। शॉलेय विद्यार्थीयों की चित्रकला प्रतियोगिता के संयोजन व समन्वय में अंकुर चौरसिया, मनीषा झारिया, अमरचंद कुशवाहा, अशोक चौहान, नीरज दुबे, संजय पोल, बृजभूषण खम्परिया, सुहास कोरडे, अजय उशेकवार, गौरव शर्मा, रोहित कुशवाहा, प्रकाश साहू, राकेश यादव, राकेश स्वामी ने योगदान दिया। कार्यक्रम का संचालन व आभार प्रदर्शन प्रबंधक मानव संसाधन पराग मिश्रा ने किया।



### सांदीपनि विद्यालय में पुलिस का जागरूकता कार्यक्रम

## विद्यार्थियों को आईपीएस सिंघारिया ने साइबर फ्रॉड, पाक्सो एक्ट की दी जानकारी

**सिहोरा।** संदीपनी पंडित विष्णु दत्त शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पुलिस प्रशासन द्वारा एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को विभिन्न सामाजिक और कानूनी मुद्दों के प्रति जागरूक करना था ताकि वे सुरक्षित रह सकें और जिम्मेदार नागरिक बन सकें। कार्यक्रम में आईपीएस अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) आदित्य सिंघारिया,विपिन सिंह थाना प्रभारी सिहोरा सहित पुलिस स्टाफ उपस्थित थे। अधिकारियों ने विद्यार्थियों को कई महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया,जिनमें साइबर फ्रॉड, पाक्सो एक्ट,नशे से दूरी और यातायात के नियम शामिल थे। पुलिस अधिकारियों ने हर घटनाक्रम और नियम की विस्तृत जानकारी दी जिससे बच्चों को इन गंभीर मुद्दों को समझने में आसानी हुई।

नवागत आईपीएस अधिकारी आदित्य सिंघारिया से उत्साहित बच्चों ने कई सवाल पूछे जिसका उन्होंने धैर्य पूर्वक उत्तर दिया साथ ही बच्चों की सभी जिज्ञासाओं का भी समाधान किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अशोक उपाध्याय के साथ विद्यार्थियों ने एनसीसी सॉन्ग प्रस्तुत किया जिसकी अधिकारियों ने बहुत सराहना की। इस अवसर पर समस्त शिक्षक उपस्थित थे।

## नौगांव के हजारों परिवारों को नहीं मिला अगस्त माह का राशन

**बरेला।** मध्य प्रदेश सरकार द्वारा खाद सुरक्षा अधिनियम के तहत पात्र हितग्राहियों को प्रतिमाह निःशुल्क गेहूं, चावल, और रियायती दर परशक्कर व नमक का वितरण सहकारीसमितियों के माध्यम से किया जाता है जिसके तहत प्रति व्यक्ति प्रति परिवार 5 किलो अनाज. उचित मूल्य की दुकान से प्रदाय किया किया जाता है। शासन द्वारा इस वर्ष बारिश के पूर्व 20मई से 30 जून तक समस्त राशन दुकानों में जून जुलाई और अगस्त माह का राशन वितरण करने के निर्देश दिए गए थे ताकि लोग बारिश के पूर्व ही इस समय अनाज को समुचित व्यवस्था करके घर पर रख सकें किंतु सहकारी समिति पड़वार अंतर्गत आने वाली राशन दूकानो देवरी, पटपरा, धनपुरी, गाडरखेड़ा ,महंगमा , कुडारी, उमरिया, केवलारी, टिकरा टोला, मैं अभी तक हजारों परिवारों को अगस्त माह का राशन ना मिलने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।स्थानीय निवासियों का कहना है कि सेल्समेन द्वारा 3 माह के निर्देश पर केवल जून और जुलाई का राशन वितरण किया गया है तथा अगस्त माह के भी अंगूठे तो लगवा लिए गए हैं किंतु अभी तक उन्हें राशन नहीं मिला है। ग्रामीणों का आरोप है कि सेल्समैन द्वारा राशन वितरण में हमेशा से ही मनमानी की जाती है। सेल्समैन द्वारा पहले अंगूठे लगवाए जाते हैं तथा फिर मनमर्जी से राशन का वितरण किया जाता है।तथा उपभोक्ताओं को कोई पावती भी नही दी जाती है। इसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। सहकारी समिति पड़वारअंतर्गत आने वाले इस राशन दुकान के सेल्समैनो द्वारा अगस्त माह बीत जाने के पश्चात भी अभी तक राशन वितरण नहीं किया गया है। इस संबंध में शिकायत करने के पश्चात भी. खाद विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। आरोप लगाया है कि. कनिष्ठ खाद आपूर्ति अधिकारी द्वारा क्षेत्र की राशन दुकानो का निरीक्षण नहीं किया जाता है तथा वह मुख्यालय में भी नहीं रहती हैंजिसके कारण शासन की महत्वपूर्ण योजना का लाभ ग्रामीणों को समय पर नहीं मिल पा रहा है। इनका कहना है उर्मिला धुर्वे प्रशासक सहकारी समिति पड़वार .....राशन वितरण नहीं होने कीशिकायत प्राप्त हुई है जांच कर कार्रवाई की जावेगी।

### रोटरी साउथ ने मनाया हिन्दी दिवस

**जबलपुर।** रोटरी क्लब जबलपुर साउथ द्वारा हिन्दी दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। हिन्दी के प्रबल समर्थक पूर्वाध्यक्ष अरुण कान्त अग्रवाल ने कहा कि क्लब अपने स्थापना वर्ष से ही हिन्दी का पक्षधर रहा है और समस्त गतिविधियाँ हिन्दी में ही संचालित करने को प्राथमिकता दी है। रोटरी साउथ का अनुसरण करते हुए अन्य रोटरी क्लबों ने भी हिन्दी को अपनाना प्रारंभ कर दिया। हिन्दी हमारी राज्यभाषा है और हमें अपने विचार हिन्दी में व्यक्त करने में किन्चित भी हीन भावना से ग्रसित नहीं होना चाहिए। निवर्तमान प्रांतपाल रोटे.अखिल मिश्र ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सम्पूर्ण डिस्ट्रिक्ट में सदस्यों ने हिन्दी में उद्बोधन सुनना पसंद किया है। पूर्व अध्यक्ष डॉ जितेंद्र जामदार ने संगोष्ठी के आयोजन हेतु अरुण कान्त अग्रवाल को बधाई दी। आपने कहा कि रोटरी को जनजन तक पहुँचाने में हिन्दी का बहुत बड़ा योगदान है। अध्यक्ष सारंग भिड़े व सचिव अखिल खण्डेलवाल ने सदस्यों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की ।





## भक्ति, आस्था और उत्साह के साथ कोनी जी कुंडलगिरी का वार्षिक मेला संपन्न

**पाटन।** कोनी जी अतिशय क्षेत्र कुंडलगिरी में आयोजित वार्षिक मेले का समापन भक्ति, आस्था और उत्साह के वातावरण में संपन्न हुआ। इस धार्मिक आयोजन में जबलपुर से पधारे ब्रह्मचारी रविंद्र भैया के निर्देशन में विविध धार्मिक अनुष्ठान पूर्ण श्रद्धा के साथ संपन्न हुए।

मेले की शुरुआत पूजन, अभिषेक और विधान से हुई, जिसके माध्यम से श्रद्धालुओं ने आत्मिक शांति और पुण्य की प्राप्ति की। भगवान का जलविहार बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया, जिसमें चांदी की सुसज्जित पांडुक शिला पर श्री जी को विराजमान कर विधिवत बोली के माध्यम से अभिषेक किया गया। संगीतमय भक्ति धुनों और मंत्रोच्चारण से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं की सेवा हेतु भोजन प्रसादी की उत्तम व्यवस्था क्षेत्र कमेटी द्वारा की गई थी। सायंकाल के समय भजन कीर्तन और श्री जी की आरती का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु सहभागी हुए। इस पावन अवसर पर नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से भारी संख्या में जैन श्रद्धालु उपस्थित हुए और भक्ति के इस महोत्सव में भागीदारी कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

## तिलवारा पुलिस के हत्थे चढ़ी लुटेरों की गैंग

# दो नाबालिगों के साथ मिलकर करता था लूट की वारदात

**जबलपुर।** शहर में लगातार लूट और चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले गैंग पर आखिरकार तिलवारा पुलिस ने शिकंजा कस दिया। पुलिस ने मुख्य आरोपी मनोज उर्फ छोटू साहू (19 वर्ष, निवासी साईं नगर नयागांव थाना गोरखपुर) और उसके साथ दो नाबालिग साथियों को हिरासत में लिया है। इस गैंग पर जबलपुर और नर्मदापुरम जिले के विभिन्न थानों में करीब 15 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपियों से लूट की कई वारदातों का खुलासा कराया है।

थाना प्रभारी तिलवारा बृजेश मिश्रा ने बताया कि एसपी सम्मत उपाध्याय के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पकड़े गए आरोपी धारदार हथियारों से लोगों को डराकर उनसे बाइक, मोबाइल और नगदी लूट लेते थे। पूछताछ में मुख्य आरोपी मनोज ने कई घटनाओं का खुलासा किया। उसके दो नाबालिग साथी भी वारदात में बराबर के हिस्सेदार रहे।

मनोज ने कबूला कि 9 सितंबर की रात करीब 11 बजे उसने काल भैरव मंदिर तिलवारा के पास एक डिलीवरी बॉय की गर्दन पर बका रखकर उसका मोबाइल, नकदी और बाइक लूट ली थी। इसके अलावा संजीवनी नगर थाना क्षेत्र के जसूजा सिटी हॉस्टल के पास ई-रिक्शा सवार दो युवकों पर धारदार हथियार से हमला कर उनके मोबाइल और नगदी छीनकर भाग निकले थे।

### नर्मदापुरम में भी की वारदात

पुलिस के अनुसार, मनोज जबलपुर में वारदातों को अंजाम देने के बाद नर्मदापुरम भाग गया था। वहां 10 सितंबर को शाम करीब 4 बजे देहात थाना क्षेत्र से उसने एक मोटरसाइकिल (एमपी 05 एमटी 1722) चोरी की। बाइक की कीमत लगभग 70 हजार रुपए आंकी गई है। इस मामले में थाना देहात में अपराध क्रमांक 533/25 धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने उनके कब्जे से 3 मोटरसाइकिल, 2 मोबाइल फोन, एक बका और एक धारदार कटर बरामद किया है।

### 15 से ज्यादा मामले

पुलिस का कहना है कि इस गैंग पर पहले से ही 15 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। आरोपियों से पूछताछ जारी है और अन्य वारदातों में भी इनके शामिल होने की संभावना है। तिलवारा पुलिस अब विस्तृत विवेचना कर रही है, ताकि पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश किया जा सके।

### लोक अदालत में बिजली कंपनी के 13233 प्रकरण निराकृत

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत कंपनी कंपनी को इस वर्ष की तीसरी लोक अदालत में प्रकरण निराकृत में आशातीत सफलता मिली है। लोक अदालत में बिजली वितरण कंपनी के 13233 प्रकरण निराकृत हुए हैं, 10826 से ज्यादा उपभोक्ताओं, बिजली उपयोगकर्ताओं को 3.92 करोड़ रू की छूट नियमानुसार , पात्रता अनुसार प्रदान की गई है । बिजली कंपनी को 13 करोड़ 22 लाख रुपए से ज्यादा का राजस्व मिला है। लोक अदालत को प्रभावी बनाने के लिए कंपनी क्षेत्र के 24 जिलों में हजारों नोटिस जारी कर समझौते के लिए उपभोक्ता, उपयोगकर्ता को तैयार कर ऊर्जा विभाग के आदेशानुसार छूट प्रदान करने की प्रभावी तैयारी की गई थी। मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी प्रबंध निदेशक के मार्गदर्शन में कंपनी क्षेत्र के सभी 24 जिलों में लोक अदालत के लिए 2 हजार से ज्यादा कार्मिकों ने अधिक से अधिक प्रकरण समाधान हेतु सेवाएं दी। इस लोक अदालत में 10 लाख रूपए तक के सिविल दायित्व के प्रकरणों में समझौते की सीमा निर्धारित थी। विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135, धारा 126 के तहत दर्ज बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरणों का समझौता किया गया। प्री लिटिगेशन स्तर सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट, लिटिगेशन स्तर के प्रकरणों में आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट प्रदान की गई। धारा 126 के प्रकरणों में सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं विलंब होने पर ब्याज में सौ प्रतिशत की छूट देय थी। कार्मिकों को लोक अदालत में रिकॉर्ड राजस्व संग्रहण पर बधाई दी गई।

### हाजी ख्वाजा खान का इंतकाल



**जबलपुर।** करमचंद चौक इंडियन कॉफी हाउस के सामने आहूजा मार्केट, गोदावरी गली निवासी हाजी ख्वाजा खान का निधन हो गया है। वे जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय में फील्ड ऑफिसर पद से सेवानिवृत्त हुए थे। हाजी ख्वाजा खान, भाजपा नेता जमा खान के वालिद थे। उनकी नमाज-ए-जनाज़ा बाद नमाज मगरिब पनागर पठानी मोहल्ला मस्जिद में अदा की गई, जिसके बाद उन्हें पनागर पठानी मोहल्ला कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। निधन की खबर लगते ही भाजपा नेता जमा खान के निवास पर काफी तादाद में धार्मिक, राजनीतिक, सामाजिक लोग मौजूद रहे!

### परिजनों के सवालों का जवाब देने में नाकाम रही पुलिस

## कब्र खोदकर निकाली गई संतोष पटेल की लाश

हरिभूमि जबलपुर।

घमापुर निवासी संतोष पटेल की रहस्यमयी मौत ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। गुरुवार सुबह गढ़ा स्थित चौहानी मुक्तिधाम की कब्र से उनकी लाश निकालकर परिजनों को सुपुर्द की गई। इसके बाद बेटे ने पिता का अंतिम संस्कार किया, लेकिन मौके पर मौजूद परिजनों और परिचितों के सवालों का पुलिस के पास कोई ठोस जवाब नहीं था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 46 वर्षीय संतोष पटेल, जो घमापुर स्थित गोपाल होटल के पास रहते थे, 11 सितंबर की सुबह अपने बेटे को स्कूल छोड़ने के बाद घर से निकले थे। परिजनों को उन्होंने दवा मार्केट में कार्य होने की बात कही थी। शाम तक घर न लौटने पर परिवार को पहले ज्यादा चिंता नहीं हुई, क्योंकि वे अक्सर देर से लौटते थे। लेकिन पूरी रात घर न आने पर घबराए परिजनों ने घमापुर थाने में गुमशुदगी की सूचना दी। पुलिस ने तलाश का आश्वासन दिया और परिवार को भी अपने स्तर पर खोजबीन जारी रखने की सलाह दी।

13 सितंबर को परिजनों को सोशल मीडिया पर एक वीडियो मिला, जिसमें रेलवे ट्रैक पर पड़ी एक लाश दिखाई गई। शरीर और कपड़े देखकर उन्हें संतोष होने का शक हुआ। जानकारी के लिए वे रांझी थाने पहुंचे, जहां पुलिस ने बताया कि बंदे भारत एक्सप्रेस की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हुई थी। पहचान न होने पर शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे सीधे चौहानी मुक्तिधाम में दफना दिया गया है।

### परिजनों ने उठाए सवाल

वीडियो और कपड़ों के आधार पर परिजनों ने मृतक की पहचान संतोष पटेल के रूप में की। इसके बाद प्रशासनिक कार्यवाही के तहत कब्र से शव निकाला गया और परिजनों को सौंपा गया। संतोष के रिश्तेदार धर्मेंद्र पटेल ने बताया कि शव पूरी तरह क्षतविक्षत नहीं था, इसके बावजूद पुलिस ने इतनी जल्दबाजी क्यों की, यह समझ से परे है। परिजनों का कहना है कि यदि शिनाख्त नहीं हुई थी, तो शव को मरचुरी में रखा जा सकता था। आमतौर पर अज्ञात शव की पहचान के लिए पुलिस आसपास के थानों और जिले में गुमशुदगी की तलाश करती है, लेकिन इस मामले में ऐसा नहीं हुआ।

### पुलिस की चुप्पी

घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने सवाल किया कि आखिर संतोष रांझी-खमरिया क्षेत्र की रेल लाइन तक कैसे पहुंचे और उनके साथ वास्तव में क्या हुआ। लेकिन इन सभी सवालों पर पुलिस चुप्पी साधे रही। परिजनों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर संतोष पटेल की मौत के असल कारण का खुलासा करने की मांग की है। उनका कहना है कि पुलिस की जल्दबाजी और लापरवाही ने घटना को और संदिग्ध बना दिया है।




**श्री दिलीप वर्मा-** गली नं. 15, शांति नगर दमोहनाका निवासी श्री दिलीप वर्मा (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री लोकमन बेन-** सेठी नगर एफसीआई गोदाम के पीछे निवासी श्री लोकमन बेन (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री नितिन पाठक-** शास्त्री नगर इंद्रप्रस्थ कॉलोनी निवासी श्री नितिन पाठक (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती आशा रानी गुप्ता-** ठक्कर ग्राम पश्चिमी करियापाथर निवासी श्री राकेश कुमार गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती आशा रानी गुप्ता (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मनीष पाटनकर-** विकास नगर गढ़ा गौतम मढ़िया के पास निवासी श्री महादेव राव पाटनकर के पुत्र श्री मनीष पाटनकर (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राम चरण प्रजापति-** गोपाल होटल लालमाटी निवासी श्री राम चरण प्रजापति (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती मीना बाई जायसवाल-** सप्तरिषी कॉलोनी लमती विजयनगर निवासी श्री राज नारायण जायसवाल की धर्मपत्नी श्रीमती मीना बाई जायसवाल (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नवल किशोर झा-** बाबा बर्फानी नगर कठौंदा निवासी श्री नवल किशोर झा (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राघवेंद्र सेंगर-** सुभाष नगर गोहलपुर नई बस्ती नं. 1 निवासी श्री इंद्रपाल सेंगर के पुत्र श्री राघवेंद्र सेंगर (37) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अजय श्रीवास्तव-** बंबा देवी आचार्य विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री सोहन श्रीवास्तव के पुत्र श्री अजय श्रीवास्तव (25) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**कु. आस्था द्विवेदी-** संजय नगर (रीवा) निवासी श्री प्रिंस द्विवेदी की पुत्री कु. आस्था (08) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री इंद्र कुमार गुप्ता-** तमरहाई निवासी श्री इंद्र कुमार गुप्ता (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रवि-** लाल कुआं पोलीपाथर निवासी श्री बाबू लाल के पुत्र श्री रवि का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुनंदा दखने-** छापर रामपुर निवासी श्री हेमराज दखने की धर्मपत्नी श्रीमती सुनंदा दखने (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती लक्ष्मी बाई श्रीवास्तव-** फूटाताल निवासी श्री रमेश चंद्र श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी बाई श्रीवास्तव (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शंकर लाल चौकसे-** शंकर नगर करमेता निवासी श्री शंकर लाल चौकसे (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती सुनीता ठाकुर-** लकडग़ंज निवासी श्री बबलू ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता ठाकुर (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कलावती चौहान-** कस्तूरबा नगर कांचघर निवासी श्री बिन्देश्वरी चौहान की धर्मपत्नी श्रीमती कलावती चौहान (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री चुन्नी लाल लोधी-** घाना गोकुल नगरी खमरिया निवासी श्री चुन्नी लाल लोधी (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शिव लाल शर्मा-** फूटाताल लाल स्कूल के पास निवासी श्री शिव लाल शर्मा (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।


**श्री अजीत कुमार राय-** बिलहरी पेट्रोल पंप के पास निवासी श्री अजीत कुमार राय (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती आशा पगारे-** एलआईजी 23, न्यू पीपी कॉलोनी निवासी श्री चेतराम पगारे की धर्मपत्नी श्रीमती आशा पगारे (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग

## खबर संक्षेप

### त्योहारी मांग बढ़ने से खाद्य तेलों के दाम सुधरे



**नई दिल्ली।** विदेशों में खाद्य तेलों के दाम मजबूत होने तथा त्योहारी मांग बढ़ने के कारण बीते सप्ताह घरेलू बाजार में सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल एवं बिनौला तेल में सुधार दर्ज हुआ। सहकारी संस्था नेफेड की एमएसपी से काफी नीचे दाम पर बिकवाली करने से सोयाबीन तिलहन के दाम में गिरावट देखी गई।

### पूंजीकरण में बजाज फाइनेंस सबसे अधिक लाभ में रही

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 1,69,506.83 करोड़ रुपये बढ़ गया। शेयर बाजार में सकारात्मक रुख के बीच बजाज फाइनेंस सबसे ज्यादा लाभ में रही। पिछले सप्ताह, बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,193.94 अंक या 1.47 प्रतिशत चढ़ गया।

### बीएचईएल को मिला रेलवे को कवच आपूर्ति का ऑर्डर

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इंजीनियरिंग कंपनी भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स (बीएचईएल) को भारतीय रेलवे से स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली कवच उपकरण की आपूर्ति करने और उसे लगाने के लिए 22.87 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला है। उसे भारतीय रेलवे (दक्षिण पश्चिम रेलवे) से एक ऑर्डर मिला है।

### क्रेडाई ने भूमि सुधार, कारोबारी सुगमता पर दिया जोर




**सिंगापुर।** क्रेडाई ने भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र में आमूलचूल बदलाव के लिए भूमि सुधार, कारोबारी सुगमता, कम शुल्क पर भवन निर्माण योजनाओं की जल्द मंजूरी, नए शहरों का निर्माण पर जोर दिया है। क्रेडाई के 13,000 से ज्यादा सदस्य हैं। उसने यहां अपने वार्षिक सम्मेलन में 'राष्ट्रीय रियल एस्टेट विकास ढांचा- विजन 2047' नाम से एक रिपोर्ट जारी की।

### नौ एनबीएफसी ने लौटाया पंजीकरण प्रमाणपत्र



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा कि फोन-पे टेक्नोलॉजी सर्विसेज और आदित्य बिड़ला फाइनेंस सहित नौ गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों ने विभिन्न कारणों से अपना पंजीकरण प्रमाणपत्र वापस कर दिया है। एक अन्य विज्ञप्ति में, केंद्रीय बैंक ने कहा कि उसने 31 एनबीएफसी के पंजीकरण प्रमाणपत्र (सीओआर) रद्द कर दिए हैं।

### ओयो के ब्रांड 'संडे' की 40 होटल जोड़ने की योजना




**नई दिल्ली।** आईपीओ के लिए तैयार ओयो की मूल कंपनी प्रिज्म अपने प्रीमियम होटल ब्रांड 'संडे' को तेजी से आगे बढ़ा रही है। कंपनी चालू वित्त वर्ष में पूरे भारत में चार सितारा और पांच सितारा होटलों सहित 40 नए लक्जरी होटल जोड़ने की योजना बना रही है। कंपनी संडे होटल का विस्तार महानगरों, गैर महानगरों के साथ ही वन्यजीव अभयारण्यों और प्रमुख धार्मिक स्थलों में करेगी। वित्त वर्ष 2025-26 में गुजरात, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में संडे होटल का विस्तार किया जाएगा।

# छह माह बाद चांदी के आभूषणों की हॉलमार्किंग होगी अनिवार्य

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार स्वैच्छिक आधार पर शुरू की गई चांदी के आभूषणों और वस्तुओं की हॉलमार्किंग को अनिवार्य बनाने की प्रक्रिया की प्रभाविता का मूल्यांकन करने के बाद इनकी हॉलमार्किंग को अनिवार्य बनाने के बारे में विचार करेगी।

■ भारतीय मानक ब्यूरो ने कहा, हमें मूल्यांकन करने थोड़ा समय चाहिए

सरकार ने चार सितंबर को एक सितंबर से प्रभावी चांदी के आभूषणों और वस्तुओं के लिए स्वैच्छिक हॉलमार्किंग शुरू करने की घोषणा की। इसमें उपभोक्ताओं के हित में धातु की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए एक डिजिटल पहचान प्रणाली लागू की जाएगी।

**सरकार स्वैच्छिक आधार पर शुरू की गई हॉलमार्किंग करेगी खत्म**

### सोने की तरह चांदी के आभूषण के लिए हॉलमार्क होगा

तिवारी ने कहा कि सोने के आभूषणों की तरह इन्हें भी अनिवार्य बनाने पर विचार किया जा रहा है क्योंकि छोटे स्तर पर लोग चांदी पिघलाकर आभूषण बनाते हैं और उन्हें अनिवार्य प्रमाणन के दायरे में लाना एक बड़ी चुनौती है। एक अन्य सवाल के जवाब में तिवारी ने कहा कि ई-परिवहन के क्षेत्र में, बीआईएस ने कई मानक प्रकाशित किए हैं।



### बीआईएस की स्थापना 2016 में की गई

अधिकारी ने यह टिप्पणी इस सवाल के जवाब में की कि क्या सरकार चांदी के आभूषणों की हॉलमार्किंग को अनिवार्य बनाने पर विचार कर सकती है। बीआईएस भारत का राष्ट्रीय मानक निकाय है जिसकी स्थापना बीआईएस अधिनियम 2016 के तहत वस्तुओं के मानकीकरण, अंकन और गुणवत्ता प्रमाणन की गतिविधियों के सामंजस्यपूर्ण विकास और उससे जुड़े या उसके आनुषंगिक मामलों के लिए की गई है।

### मूल्यांकन करने छह महीने पर्याप्त

भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के महानिदेशक प्रमोद कुमार तिवारी ने कहा, 'हमें इसका मूल्यांकन करने के लिए कुछ समय चाहिए। छह महीने पर्याप्त होंगे। हम छह महीने तक इस पर गौर करेंगे और उसके बाद विचार करेंगे कि इसे अनिवार्य किया जाए या नहीं।'

### बैटरी अदला-बदली के लिए मानक जल्द

तिवारी ने कहा, 'हमने बैटरी चार्जिंग के लिए ईवी चार्जिंग स्टेशनों के लिए मानक विकसित किए हैं। हम बैटरी अदला-बदली के लिए भी मानक बना रहे हैं। यह मसौदा चरण में है। अगर हमें ईवी को लोकप्रिय बनाना है, तो हमारे पास ईवी के लिए पेट्रोल पंप जैसा बुनियादी ढांचा होना चाहिए।'

## चेन्नई सिटीजन्स फोरम में केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण बोली

# जीएसटी सुधारों का लाभ दिन की शुरुआत से रात को सोने जाने तक, सभी उत्पादों पर मिलेगा

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

चेन्नई सिटीजन्स फोरम द्वारा आयोजित 'उभरते भारत के लिए कर सुधार' कार्यक्रम में अपने संबोधन में सीतारमण ने कहा कि माल एवं सेवा कर का लाभकारी प्रभाव सुबह की शुरुआत से लेकर रात के सोने तक सभी उत्पादों पर रहेगा। कुछ प्रमुख पहल का उल्लेख करते हुए सीतारमण ने कहा कि जिन 99 प्रतिशत वस्तुओं पर पहले जीएसटी के तहत 12 प्रतिशत कर लगता था, अब उनपर सिर्फ पांच प्रतिशत कर लगेगा। नए जीएसटी सुधार (2.0) 22 सितंबर से लागू होंगे।

### 350 से ज्यादा वस्तुओं पर कर की दरों में कटौती

जीएसटी परिषद द्वारा 350 से ज़्यादा वस्तुओं पर कर की दरों में कटौती का ज़िक्र करते हुए उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने पहले अलग-अलग स्लैब के तहत कर लगाने की प्रथा के बजाय केवल पांच और 18 प्रतिशत के स्लैब लागू किए हैं।



■ दीपावली से पहले जीएसटी सुधारों को लागू करने के निर्देश
■ 99 प्रतिशत वस्तुओं पर 12 फीसदी कर लगता था
■ अब इन वस्तुओं पर सिर्फ पांच फीसदी जीएसटी कर लगेगा

*औसतन दो लाख करोड़ रुपए का राजस्व एकत्र : केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा औसतन 1.8 लाख से दो लाख करोड़ रुपये का राजस्व एकत्र किया जाता है। उदाहरण के लिए, 1.80 लाख करोड़ रुपये के सकल राजस्व को आधा-आधा बांटा जाता है, जिसमें राज्यों को 90,000 करोड़ रुपये और केंद्र को 90,000 करोड़ रुपये मिलते हैं। केंद्र के हिस्से के उस 90,000 करोड़ रुपये के राजस्व में से भी लगभग 41 प्रतिशत राज्यों*

### 2017 में 66 लाख व्यापारी कर दाखिल करते थे

व्यापारियों के कर दायरे में वृद्धि का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि 2017 में जीएसटी लागू होने से पहले केवल 66 लाख व्यापारी ही कर दाखिल करते थे। लेकिन आज, पिछले आठ साल में 1.5 करोड़ व्यवसाय जीएसटी के दायरे में आ गए हैं। 'विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने जीएसटी को गब्बर सिंह टैक्स कहा था, लेकिन जीएसटी लागू होने के बाद, पिछले आठ साल में कर चुकाने वाले व्यवसायों की संख्या बढ़कर 1.5 करोड़ हो गई है।'

### जीएसटी दाखिल करने वाले 1.5 लाख व्यापारी

सीतारमण ने कहा, "पिछले आठ साल में जीएसटी दाखिल करने वाले 1.5 करोड़ व्यापारियों की यह संख्या भविष्य में और बढ़ेगी।" उन्होंने आगे कहा कि इस वृद्धि के कारण केंद्र और राज्य सरकारों को मिलने वाला राजस्व बढ़ा है। वित्त मंत्री ने बताया कि 2017 में कर संग्रह 7.19 लाख करोड़ रुपये था और अब सकल जीएसटी संग्रह 22 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है।

### कंपनियां लाभ जनता तक पहुंचाएंगी

सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत के दृष्टिकोण को गति देने के लिए इस प्रकार के उपाय किए गए हैं। वित्त मंत्री ने

# रिजर्व बैंक ने फोन-पे पर 21 लाख रुपए का जुर्माना लगाया

एजेंसी ▶▶| मुंबई

■ कुछ मानदंडों का पालन न करने पर लगाया जुर्माना

भारतीय रिजर्व बैंक ने ''प्रीपेड भुगतान उपकरणों'' (पीपीआई) से संबंधित कुछ मानदंडों का पालन न करने के लिए फोन-पे लिमिटेड पर 21 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। रिजर्व बैंक ने एक बयान में कहा कि अक्टूबर 2023 से दिसंबर 2024 की अवधि के लिए कंपनी के संचालन के संदर्भ में कंपनी का वैधानिक निरीक्षण किया गया था। रिजर्व बैंक के निर्देशों का पालन न करने और उस संबंध में संबंधित पत्राचार के पर्यवेक्षी निष्कर्षों के आधार पर फोन-पे को एक नोटिस जारी किया गया था। नोटिस में उसे कारण बताने के लिए कहा गया था कि उक्त निर्देशों का पालन करने में विफलता के लिए उस पर जुर्माना क्यों न लगाया जाए। नोटिस पर कंपनी के जवाब, उसके द्वारा दिए गए अतिरिक्त प्रस्तुतीकरण और व्यक्तिगत सुनवाई के दौरान दिए गए मौखिक जानकारी पर विचार करने के बाद, रिजर्व बैंक ने पाया कि कंपनी के खिलाफ आरोप सही थे, जिसके लिए मौद्रिक जुर्माना लगाना उचित था। कंपनी ने कहा, ''कंपनी के एस्क्रो खाते में दिन के अंत में शेष राशि बकाया प्रीपेड भुगतान उत्पादों (पीपीआई) और कुछ दिनों में व्यापारियों को देय भुगतानों के मूल्य से कम थी, और कंपनी ने उक्त एस्क्रो खाते में कमी की सूचना तुरंत आरबीआई को नहीं दी।"

### जुर्माना अनुपालन में कमियों के कारण

रिजर्व बैंक ने यह भी कहा कि यह जुर्माना नियामक अनुपालन में कमियों पर आधारित है और इसका उद्देश्य कंपनी द्वारा अपने ग्राहकों के साथ किए गए किसी भी लेनदेन या समझौते की वैधता पर कोई प्रभाव डालना नहीं है।

# मर्सिडीज को त्योहारी सत्र अच्छा होने की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| म्यूनिख

मर्सिडीज-बेंज इंडिया को उम्मीद है कि जीएसटी दरों में हालिया कटौती से आगामी त्योहारी सत्र उसके लिए 'अबतक का सबसे अच्छा' सत्र होगा। कंपनी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संतोष अय्यर ने यह बात कही।

अय्यर ने साथ ही कहा कि उद्योग के दीर्घकालिक विकास के लिए राज्यों द्वारा कार खरीद पर लगाए जाने वाले पथ कर की सीमा तय करने की जरूरत है। अय्यर ने यहां पीटीआई-भाषा के साथ बातचीत में कहा कि लागत में कमी के उपायों को अंतिम ग्राहक तक पहुंचाने में मदद के लिए देश भर के राज्यों द्वारा लगाए जाने वाले पथकर में एकरूपता लाने की जरूरत है। सीईओ ने जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने का स्वागत करते हुए बताया कि वाहन क्षेत्र अब भी सबसे अधिक कर वाले क्षेत्रों में से एक है, जहां देशभर में राज्य 15 से 22 प्रतिशत तक कर लगाते हैं। अय्यर ने कहा, ''जीएसटी में कटौती का कीमतों पर 6-8 प्रतिशत का स्पष्ट प्रभाव पड़ता है, और इससे निश्चित रूप से अल्पावधि में मांग पर असर होगा।

■ कंपनी ने एकसमान पथकर की मांग की



*बाजार में सकारात्मक माहौल होगा*

*जिन लोगों ने अगस्त में खरीदारी स्थगित कर दी थी, वे अब ऐसा करेंगे।" उन्होंने आगे कहा कि जीएसटी दर में कटौती से बाजार में सकारात्मक माहौल और गति आएगी। अय्यर ने कहा, "अगले कुछ महीनों में हम निश्चित रूप से देखेंगे कि लक्जरी कार बाजार और मर्सिडीज-बेंज में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। यह त्योहारी सत्र अब तक का सबसे अच्छा होना चाहिए।"*

# फेड के निर्णय से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह फेडरल रिजर्व की नीतिगत बैठक के नतीजों और थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति (डब्ल्यूपीआई) के आंकड़ों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, ''आगे की ओर देखते हुए, इस सप्ताह का प्रमुख वैश्विक घटनाक्रम 17 सितंबर को होने वाली अमेरिकी फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक के नतीजे होंगे। अमेरिकी रोजगार बाजार में सुस्ती के संकेतों को देखते हुए, बाजार ब्याज दरों में कम-से-कम 0.25 प्रतिशत की कटौती की उम्मीद कर रहा है।''

मीणा न कहा, ''घरेलू मोर्चे पर, अमेरिका-भारत व्यापार मोर्चे पर कोई भी का घटनाक्रम बाजार की धारणा को प्रभावित करने वाला एक महत्वपूर्ण कारक बना रहेगा। इसके अलावा विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) का प्रवाह इस गति को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहेगा।''



■ थोक मुद्रास्फीति के आंकड़ों की होगी महत्वपूर्ण भूमिका

पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,193.94 अंक या 1.47 प्रतिशत चढ़ गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 373 अंक या 1.50 प्रतिशत के लाभ में रहा। शुक्रवार को निफ्टी में लगातार आठवें सत्र में तेजी दर्ज की गई, जबकि सेंसेक्स लगातार पांचवें दिन लाभ में रहा।

# अगले दो-तीन सप्ताह में एक दर्जन कंपनियों के आईपीओ

**नई दिल्ली।** जीएसटी 2.0 सुधारों, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा रेपो दरों में कटौती और अन्य अनुकूल नीतिगत उपायों से उत्साहित एक दर्जन से ज्यादा कंपनियां अगले दो-तीन सप्ताह में अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की तैयारी कर रही हैं। इनका लक्ष्य लगभग 10,000 करोड़ रुपये जुटाना है। प्राथमिक बाजार में उतरने की तैयारी कर रही कंपनियों में आईवैल्यू इन्फोसॉल्यूशंस, सात्विक ग्रीन एनर्जी, जिनकुशल इंडस्ट्रीज, अटलांटा इलेक्ट्रिकल्स, पार्क मेडी वर्ल्ड, सोलरवर्ल्ड एनर्जी सॉल्यूशंस, जैन रिसोर्स रीसाइक्लिंग, सीआईईएल एचआर सर्विसेज, जीके एनर्जी, गणेश कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स और शेषसाई टेक्नोलॉजीज शामिल हैं। बैंकर ने बताया कि ये सभी कंपनियां 15 सितंबर से शुरू होने वाले सप्ताह में अपने मूल्य दायरे की घोषणा करेंगी। इन कंपनियों की 30 सितंबर से पहले अपने आईपीओ लाने की योजना है। मर्चेंट बैंकर ने आगे संकेत दिया कि इसके बाद अनंतम हाईवे इनविट (अल्फा अल्टरनेटिव्स), ईपैक प्रीफैब टेक्नोलॉजीज, प्रणव कंस्ट्रक्शन और टूअल्ट बायोएनर्जी के आईपीओ आएंगे। ये कंपनियां 22-30 सितंबर के दौरान अपने मूल्य दायरे की घोषणा कर सकती हैं, और सितंबर के अंत या अक्टूबर की शुरुआत में आईपीओ ला सकती हैं। इन कंपनियों का लक्ष्य कुल मिलाकर लगभग 10,000 करोड़ रुपये जुटाना है। इन सभी को पहले ही बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से मंजूरी मिल चुकी है। धन जुटाने से कंपनियों को पूंजीगत व्यय की जरूरतों को पूरा करने, विस्तार योजनाओं के वित्तपोषण, कर्ज चुकाने और सामान्य कंपनी कामकाज को पूरा करने में मदद मिलेगी। आईपीओ की दृष्टि से यह साल अभी तक काफी मजबूत रहा है। अबतक, 55 कंपनियों के आईपीओ आए हैं। इनके जरिये लगभग 75,000 करोड़ रुपये जुटाए गए हैं। दो और आईपीओ, यूरो प्रतीक सेल्स और वीएमएस टीएमटी, अगले सप्ताह खुलने वाले हैं।

# थम सकती है सोने और चांदी की तेजी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिकी फेडरल रिजर्व के 17 सितंबर को नीति फैसले से पहले सोने की कीमतों में तेजी कुछ थम सकती है, लेकिन विश्लेषकों का कहना है कि आगे चलकर इस कीमती धातु की चमक बरकरार रहेगी। कारोबारी शुल्क प्रभाव का आकलन करने के लिए व्यापार मुद्रास्फीति के आंकड़ों, ब्रिटेन और यूरो क्षेत्र सहित प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के मुद्रास्फीति के आंकड़ों, और बैंक ऑफ इंग्लैंड तथा बैंक ऑफ जापान की मौद्रिक नीति बैठकों पर नजर रखेंगे। जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज के - जिंस एवं मुद्रा शोध के उपाध्यक्ष प्रणव मेर ने कहा, ''सोने की कीमतों में सकारात्मक गति जारी रही और यह लगातार चौथे सप्ताह बढ़त के साथ बंद हुआ। हालांकि सप्ताह के मध्य में बढ़त की गति कुछ धीमी हो गई। पिछले चार हफ्तों में कीमतों में 10 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी के बाद निवेशक और कारोबारी अब सतर्क हो गए हैं और मौजूदा कीमतों पर नए तेजी के सौदे जोड़ने से हिचक रहे हैं।'' मेर ने कहा कि पश्चिम एशिया और रूस-यूक्रेन में भू-राजनीतिक तनाव के कारण सोने की कीमतों को समर्थन मिल रहा है। मेर ने कहा कि सोना-चांदी की कीमतों के सकारात्मक बने रहने की उम्मीद है, लेकिन फिलहाल निवेशकों की नजर अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक के नतीजों पर है।



■ फेडरल रिजर्व के नीति फैसले पर निवेशकों की नजर
■ आगे कीमती धातु की चमक बरकरार रहेगी


**कार्यालय प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग, भोपाल**
ईमेल- ce.tender.wrdmp@gmail.com फोन - 0755-2767635 फैक्स - 0755-2552406

निविदा सूचना क्रमांक - 1172/2025-26/प्रमुख अभियंता/ई-टेंडरिंग/ भोपाल, दिनांक 11.09.2025

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र दिनांक 03.10.2025 को 17 :30 बजे तक क्रय / डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं ।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा । विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

| स. क्र. | निविदा क्र. | कार्य | जिला | लागत (लाख) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_WRD_448989 | पचोर डी.सी. के अंतर्गत मोहनपुरा बांध के डूब क्षेत्र ग्राम नाईहेड़ा, सूरजखेड़ी एवं झुमका पचोर पर 11 के.वी. लाइन, ट्रांसफार्मर की शिफ्टिंग एवं इंटरकनेक्शन का कार्य । | भोपाल | 40.55 |
| 2. | 2025_WRD_448990 | टमस नदी में बैराज निर्माण हेतु सर्वेक्षण कार्य । | रीवा | 21.58 |
| 3. | 2025_WRD_448991 | मानगढ़ वितरिका, सिरसा माइनर एवं अखदेवा वितरिका पर पूर्वनिर्मित स्ट्रक्चर के वार्षिक मरम्मत कार्य । | दतिया | 22.45 |
| 4. | 2025_WRD_450819 | भदार व्यपवर्तन योजना की नहर में बर्म निर्माण, पिचिंग एवं नहर लाईनिंग का कार्य । | उमरिया | 134.54 |

G-18676/25 "स्वच्छता ही सेवा" मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)

**कार्यालय वन मंडल अधिकारी, सामान्य वनमंडल कटनी**
Mob. 9424792725, Email: dfotkatn@mp.gov.in
महाराणा प्रताप वार्ड, राष्ट्रीय राजमार्ग क्र.- 7, जबलपुर रोड, झिंझरी कटनी (म.प्र.) 483501

**सामग्री क्रय हेतु निविदा आमंत्रण सूचना**
**ई-निविदा विज्ञप्ति**

कटनी वनमंडल के अंतर्गत वर्ष 2025-26 विभिन्न योजना अंतर्गत किये गये वृक्षारोपण क्षेत्रों में उपयोग हेतु कीटनाशक ( 20% क्लोरपायरीफास ई.सी.) सामग्री क्रय करने के लिए प्रदायकर्ताओं से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दस्तावेज मध्यप्रदेश के www.mptenders.gov.in में प्रकाशन दिनॉक से दिनॉक 26.09.2025 को सायं 05.00 बजे तक ऑनलाईन क्रय किये जा सकते है।

| क्र. | विवरण | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र की उपलब्धता | निविदा प्रपत्र बेवसाइड www.mptenders.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 2 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 500 /- रुपए (पांच सौ रुपए मात्र) |
| 3 | धरोहर राशि | 50,000/- रुपए (पचास हजार रुपए मात्र) |
| 4 | निविदा प्रपत्र की ऑनलाईन उपलब्धता | www.mptenders.gov.in में प्रकाशन दिनॉक से |
| 5 | ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथी एवं समय | दिनॉक 26.09.2025 को सायं 05 :00 बजे तक |
| 6 | निविदा खोलने की तिथी व समय | दिनॉक 27.09.2025 को सायं 05 :00 बजे तक |

(गौरव शर्मा) भा.व.से.
वन मंडल अधिकारी,
सामान्य वनमंडल कटनी
G-18691/25 "पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन)**
**लोक निर्माण विभाग, सिविल लाईन नरसिंहपुर (म.प्र.)**

एनआईटी नं.- 23/2025/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/सा/एपीडी/..... जबलपुर दिनांक 09.09.2025

| सं. क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ऑफसेट मूल्य (राशि रूपये में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रू. में). | निविदा प्रपत्र का मूल्य (राशि रू. में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) | कार्यालय का नाम जहां ईएमडी एवं तकनीकी बिड भौतिक रूप से प्राप्त की जावेगी। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_PWPIU _451126_1 | गाडरवारा तहसील परिसर के पुराने जीर्णशीर्ण भवनों की यथास्थिति नीलामी परिवहन सहित। (द्वितीय आमंत्रण) | नरसिंहपुर | 102000.00 | 2040.00 | 2000.00 | 1 (एक) माह वर्षाऋतु सहित | कार्यालय मुख्य अभियंता (भवन) लोक निर्माण विभाग सिविल लाइन नरसिंहपुर(म.प्र.) |

1- निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट / डेबिट / कैशकार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा ।
2- निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 12.09.2025 समय 9.00 से दिनांक 26.09.2025 समय 18.00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है।
3- निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

कार्यपालन यंत्री (भवन)
लोक निर्माण विभाग, नरसिंहपुर (म.प्र.)
G-18675/25 "बच्चों की मुस्कान है अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल"

## ओबीसी आरक्षण पर दो घंटे तक बैठक

# वकीलों ने कहा कि 13 फीसदी होल्ड पद अनहोल्ड क्यों नहीं?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने को लेकर भोपाल में महाधिवक्ता प्रशांत सिंह की मौजूदगी में बुलाई गई बैठक में 13 प्रतिशत पदों को होल्ड किए जाने का मामला सबसे अधिक उठा। इस मामले में महाधिवक्ता ओबीसी महासभा और 27 प्रतिशत आरक्षण की मांग कर रहे याचिकाकर्ताओं के वकीलों को संतुष्ट नहीं कर सके। महाधिवक्ता ने कहा कि ऐसा होने पर दूसरे पक्ष के लोग कोर्ट चले जाएंगे और पूरा मामला फिर लटक जाएगा। हालांकि, पूरी बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा साफ है। सरकार 27 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए तैयार है। राजधानी के एक होटल में शनिवार को ओबीसी आरक्षण को लेकर बुलाई गई बैठक दो घंटे तक चली जिसमें सुप्रीम कोर्ट के वकील वरुण ठाकुर, रामेश्वर ठाकुर समेत ओबीसी वर्ग के अन्य अधिवक्ताओं, ओबीसी महासभा और ओबीसी वर्ग को आरक्षण दिलाने की लड़ाई लड़ रहे संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक के बाद सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता वरुण ठाकुर ने कहा कि सरकार यह कह रही है कि हम 27 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध हैं लेकिन पीएससी की परीक्षा के जरिए होने वाली भर्ती में वर्ष 2019 से जो 13 प्रतिशत पद होल्ड किए जा रहे हैं, उन पदों को अनहोल्ड नहीं किया जा रहा है जबकि सुप्रीम कोर्ट भी साफ कर चुका है कि आपको हमारे पास आने की जरूरत नहीं है। ठाकुर ने कहा कि हाल में ही पीएससी के रिजल्ट आए हैं, उसमें भी 13 प्रतिशत पद होल्ड रखे गए हैं जबकि सरकार 23 सितंबर से सुप्रीम कोर्ट में इसको लेकर लगातार होने वाली सुनवाई में सभी वर्गों को साथ लेने के लिए बैठक बुला रही है। इसको लेकर सीएम निवास और दिल्ली में दो दौर की बैठक हो चुकी है और यह तीसरी बैठक थी जिसमें कोई सार्थक जवाब नहीं आया है।

### महाधिवक्ता प्रशांत सिंह की मौजूदगी में बुलाई गई बैठक

### अनहोल्ड किए जाने पर सभी वकीलों से मांगे सुझाव



### 13 प्रतिशत पद अनहोल्ड करने मांगा सुझाव

बैठक में महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने 13 प्रतिशत पद अनहोल्ड किए जाने को लेकर सभी अधिवक्ताओं से लिखित में सुझाव मांगे हैं, ताकि बाकी लोग कोर्ट न जा सकें और कोर्ट जाएं तो सरकार उस पर अपना पक्ष मजबूती से रख सके। इसके आधार पर वे मुख्यमंत्री से चर्चा के बाद निर्णय लिया जाएगा। अधिवक्ताओं ने कहा है कि 52 प्रतिशत ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण दिलाने के लिए वे जल्दी ही महाधिवक्ता को ड्राफ्ट बनाकर सुझाव भी देंगे। संभव है इसको लेकर अभी एक और मीटिंग महाधिवक्ता बुलाएंगे।

### महाधिवक्ता ने सबको साधने का दिया है आश्वासन

बैठक में शामिल अधिवक्ताओं ने बताया कि सबकी बात सुनने के बाद महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने कहा है कि सरकार सही फैसला करेगी। उन्होंने कहा कि इस बात के लिए सभी सहमति दें कि सुप्रीम कोर्ट में सभी सरकार के साथ ओबीसी आरक्षण पर पक्ष रखेंगे क्योंकि सरकार 27 प्रतिशत आरक्षण देना चाहती है। इसके लिए बैठक में शामिल अधिवक्ताओं और प्रतिनिधियों से हाथ उठवाकर सहमति ली गई।

## खबर संक्षेप

### सीएम ने दिए पुलिस को कार्रवाई के निर्देश

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश में जहां कहीं भी भ्रमण पर जाते हैं नागरिकों की समस्याओं पर संवेदनशीलता से ध्यान देते हैं। पिछले दिनों रतलाम जिले के सैलाना तहसील के करिया गांव में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के भ्रमण के दौरान स्थानीय निवासी पूनमचंद बामनिया ने बताया कि फायनेंस कम्पनी के माध्यम से खरीदे गए वाहन में उनके साथ धोखाधड़ी हुई है। मुख्यमंत्री ने आवेदक की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए ऑन स्पाट फैसला लिया और पुलिस अधिकारियों को संबंधित के विरुद्ध धारा 420 के तहत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आवेदक पूनमचंद्र को गले लगा कर ढांढ़स बंधाया कि उनके साथ इंसाफ होगा। रतलाम पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने आवेदन को तत्काल संज्ञान में लेते हुए संबंधित थाने से डायरी बुलवाई। जांच में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित टीआई को कारण बताओं नोटिस जारी कर जांच शुरू कर दी गई है।

### भाजपा ने प्रदेश को बनाया नशे का गढ़ः नायक

**भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने प्रदेश में बढ़ते नशे के कारोबार के पीछे भाजपा नेताओं को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश, जो कभी अपनी सांस्कृतिक और सामाजिक विरासत के लिए जाना जाता था, अब भाजपा शासनकाल में नशे की तस्करी और खपत का गढ़ बन चुका है। उन्होंने शनिवार को पीसीसी में आयोजित प्रेस कांफ्रेस के माध्यम से आगर-मालवा जिले में हुई हालिया घटना का विस्तृत ब्यौरा देते हुए कहा कि शुक्रवार को मध्यप्रदेश पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में भाजपा तनोडिया मंडल उपाध्यक्ष और ग्राम पंचायत थड़ौदा के सरपंच प्रतिनिधि राहुल आंजना की कार (एमपी-13-सीई-6055) और एक इग्निस कार (एमपी-13-सीडी-4006) से भारी मात्रा में नशीले पदार्थ जब्त किए। इसमें 9.250 किलोग्राम कैटामाइन, 6 ग्राम एमडी ड्रग्स, 12.100 किग्रा अमोनियम क्लोराइड पाउडर और 35 लीटर आइसोप्रोपाइल अल्कोहल शामिल है।

## मुख्यमंत्री ने इंदौर में जैन श्वेतांबर मालवा महासंघ के अधिवेशन में की सहभागिता

# समाज को अनुशासित करने में संत, मुनियों और महात्माओं की महती भूमिकाः डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि समाज को अनुशासित रखने में संत, महात्माओं और मुनियों की महती भूमिका रही है। धर्म गुरुओं के संदेश, उपदेशों से भारतीय संस्कृति अक्षुण्ण है। डॉ यादव शनिवार को इंदौर में आयोजित जैन श्वेतांबर मालवा महासंघ के 14 वें अधिवेशन एवं श्रीसंघ मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से प्रदेश में 'सेवा पखवाड़ा अभियान' शुरू किया जा रहा है। अभियान सभी जिलों में विभिन्न गतिविधियां और कार्यक्रम आयोजित होंगे। उन्होंने सभी से अभियान में सहभागिता का आहवान किया। डॉ यादव ने कहा कि प्रदेश में उद्योग विकास, निवेश और स्वरोजगार के अवसर बढ़ाए जा रहे हैं। गौमाताओं, गौशालाओं का संरक्षण, दुग्ध संघ के माध्यम से दुग्ध उत्पादन बढ़ाने में बेहतर कार्य हुए हैं। इन सब प्रयासों से प्रदेश आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा रहा है।

### आचार्य ने की सीएम डॉ. यादव की प्रशंसा





संघ मिलन समारोह में मुख्यमंत्री डॉ यादव ने आचार्य विश्वरत्न सागर का शुभाशीष प्राप्त किया। समारोह में उनका मंगल कलश और शुभ अक्षतों की वर्षा कर स्वागत किया गया। इस दो दिवसीय समारोह में अन्य राज्यों व जिलों से धर्मावलंबी शामिल हुए। इस दौरान आचार्य विश्वरत्न सागर ने आशीष वचनों से उपस्थितजन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के मुखिया अपने सरल, सहज और समन्वय भाव से प्रदेश को विकास की ओर ले जा रहे हैं। नए उद्योग और रोजगार, धार्मिक न्यास को लेकर प्रदेश में जो कार्य हुए है वे अतुल्यनीय है। सरकार ने जन हितैषी कार्यों बढ़ावा दिया है। समारोह में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक गोलू



शुक्ला, मालिनी गौड़, मधु वर्मा, रमेश मेंदोला, श्वेतांबर मालवा महासंघ के पदाधिकारी, सदस्य, एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## प्रदेश में न्याय और कानून व्यवस्था में किसी भी प्रकार का भेदभाव नहींः मुख्यमंत्री

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेश में कोलाहल नियंत्रण अधिनियम का कड़ाई से पालन कराया जा रहा है। साथ ही खुले में मांस विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया है और उसका भी सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कानून सबके लिए समान है और उसके साथ खिलवाड़ करने वालों को किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। डॉ यादव ने लव जिहाद के विषय में स्पष्ट कहा कि यह धार्मिक स्वतंत्रता और व्यक्ति की गरिमा के विरुद्ध है। प्रदेश में लव जिहाद करने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा और उनके विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री शनिवार को इंदौर में विश्व हिंदू परिषद विधि प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित अखिल भारतीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य है कि न्याय और कानून व्यवस्था में किसी भी प्रकार का भेदभाव न हो। समाज के प्रत्येक वर्ग को समान न्याय मिले और जनता को यह विश्वास रहे कि मध्यप्रदेश में कानून सर्वोपरि है।

### खास बातें

- लव जिहाद करने वालों के विरुद्ध हो रही कठोरतम कार्रवाई
- कोलाहल नियंत्रण अधिनियम का कड़ाई से हो रहा पालन
- इंदौर में विहिप विधि प्रकोष्ट द्वारा आयोजित बैठक में बोले सीएम

### विक्रमादित्य भारतीय न्याय व्यवस्था के महान पुरोधा



मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा है कि भारतीय न्याय व्यवस्था का इतिहास अत्यंत गौरवशाली रहा है। सम्राट विक्रमादित्य भारतीय न्याय व्यवस्था के महान पुरोधा थे, जिनके निर्णयों की मिसाल आज भी दी जाती है। न्याय के क्षेत्र में उनकी पहचान विश्व स्तर पर अद्वितीय थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत के अनेक कानूनों में समयानुकूल बदलाव किए गए हैं, जो समय की आवश्यकता भी थे। न्याय व्यवस्था में मन की पवित्रता और पंचों का निष्पक्ष निर्णय ही असली न्याय है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी भारतीय संस्कृति और न्याय परंपरा पर गर्व है और न्यायालयों के निर्णयों का सबको समान रूप से पालन करना चाहिए। कार्यक्रम को स्वामी जितेंद्रानंद महाराज ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर केंद्रीय विधि और न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल, परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक, संयुक्त महामंत्री डॉ सुरेंद्र जैन, राष्ट्रीय संयोजक विधि प्रकोष्ठ डॉ अभिषेक अत्रे एवं विधि प्रकोष्ठ के संरक्षक न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) वीएस कोकजे विशेष रूप मौजूद थे।



## मेहगांव में अटल कार्यकर्ता सम्मान कार्यक्रम आयोजित

**मेहगांव, भिंड।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा मेहगांव में अटल कार्यकर्ता सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें वरिष्ठ भाजपा नेता और जनसंघ काल के समर्पित कार्यकर्ता कमलेश जैन जी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य उन जमीनी कार्यकर्ताओं को मान देना था, जिन्होंने जनसंघ और भाजपा की नींव मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कमलेश जैन न केवल जनसंघ के कठिन समय में पार्टी के प्रति समर्पित रहे, बल्कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तिगत मित्र और सहयोगी भी रहे। अटल जी ने उन्हें 26 फरवरी 1974 को भारतीय जनसंघ के केंद्रीय कार्यालय से एक पत्र भी लिखा था। इस पत्र में अटल जी ने उनके द्वारा भेजी गई सूचना के लिए धन्यवाद देते हुए कार्यकर्ताओं की निष्ठा और संगठन की चुनौतियों का उल्लेख किया था। उन्होंने कमलेश जैन के योगदान की प्रशंसा करते हुए विजय की कामना के साथ पत्र का समापन किया था।

**अटल जी के पुराने साथी कमलेश जैन का हुआ सम्मान**

कार्यक्रम के दौरान कमलेश जैन के निवास पर पहुंचकर उन्हें शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान भाजपा कार्यकर्ताओं की उस पीढ़ी के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है, जिन्होंने बिना किसी स्वार्थ के संगठन को खड़ा किया। इस अवसर पर उपेन्द्र शर्मा, अर्पित मुद्गल, संतोष मसूरी, अतिराज नरवरिया, अश्वनी त्यागी, विश्वप्रताप कुशवाह, विक्रांत कुशवाह, ऋषभ शर्मा, अजयशंकर शर्मा, अभिनव तोमर सहित बड़ी संख्या में मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर कमलेश जैन जी के योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धा और सम्मान अर्पित किया।

## आरक्षक की पत्नी ने फांसी लगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलरामपुर

छत्तीसगढ़ के बलरामपुर पुलिस लाइन कॉलोनी में आरक्षक संजीव भगत की पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बीमारी से जूझ रही 33 वर्षीय शालेन भगत ने यह कदम उठाया, जिससे पुलिस परिवार और परिजन सदमे में हैं।

देर रात अपनी मासूम बच्ची के साथ कमरे में सोने गईं शालेन सुबह फंदे में झूलती मिली। घटना की सूचना मिलते ही एएसआई राधेश्याम विश्वकर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया, जिसके बाद परिजनों को सौंप दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार रात शालेन भगत ने भोजन के बाद



अपनी डेढ़ वर्षीय बच्ची को लेकर अलग कमरे में सोने चली गईं। बच्ची को सर्दी-खांसी थी, इसलिए बिना पंखा चलाए वह बच्ची के साथ सो रही थीं ताकि पति को तकलीफ न हो। आरक्षक संजीव भगत दूसरे कमरे में सोए थे। तड़के लगभग 3:30 बजे बच्ची के रोने की आवाज सुनकर संजीव जब कमरे में पहुंचे तो उन्होंने देखा कि शालेन फंदे से लटकी हुई हैं। यह देख उनके होश उड़ गए और उन्होंने तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी।

## मास्टर माइंड नाबालिग समेत तीन पकड़ाए

# 10 लाख की सनसनीखेज लूट का सात दिनों में खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

जिले की नैला चौकी पुलिस ने महज सात दिन में ही 10 लाख की सनसनीखेज लूट का पर्दाफाश कर दिया है। इस बड़ी सफलता में पुलिस ने मास्टरमाइंड नाबालिग समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लूटी गई पूरी रकम 10 लाख 44 हजार रुपए नगद बरामद कर ली है।

साथ ही घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और हथियार भी जब्त किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय ने बताया कि 6 सितंबर की रात व्यापारी अरुण कुमार अग्रवाल अपने दुकान से स्कूटी पर रकम लेकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान नकाबपोश दो बदमाशों ने चाकू की नोक पर उनसे भरा हुआ बैग लूट लिया और फरार हो गए। जांच के दौरान पुलिस को शक हुआ कि व्यापारी की दुकान में काम करने वाला 17 वर्षीय नाबालिग बालक घटना से



पहले लगातार मोबाइल पर बात कर रहा था। पूछताछ में उसने कबूल किया कि लूट की साजिश करीब 17 दिन पहले रची गई थी। घटना वाले दिन उसने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर अपने साथी नितेश पंडित को 'थम' का इशारा भेजा, जिसका मतलब था कि व्यापारी अकेले दुकान से निकल रहा है। इसके बाद नितेश और मुकेश सूर्यवंशी ने मिलकर लूट को अंजाम दिया। तीसरा साथी सड़क किनारे स्कूटी लेकर खड़ा था, जिससे आरोपी फरार हो गए और पैसे को जमीन में गाड़कर छिपा दिया। पुलिस ने नाबालिग की निशानदेही पर रकम बरामद की।

## पीएम मित्रा पार्क से मध्यप्रदेश बनेगा देश की कॉटन कैपिटल

# वैश्विक बाजार से सीधे जुड़ेंगे मप्र के कपास उत्पादक किसान

### किसानों की मेहनत को पहचान दिलाने वाला क्षण होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जैविक कपास उत्पादन में मप्र देश के अग्रणी राज्यों में है। देश में जितना जैविक कपास उत्पादन होता है, उसमें मप्र का योगदान लगभग 40 प्रतिशत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धार जिले में प्रथम पीएम मित्रा पार्क के शिलान्यास से मप्र देश की कॉटन कैपिटल बन जाएगा। कपास उत्पादक किसानों का सीधा संपर्क अंतर्राष्ट्रीय बाजार से हो जाएगा। पीएम मित्रा पार्क किसानों की मेहनत को वैश्विक पहचान दिलाने वाला एतिहासिक क्षण होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इसे प्रदेश के औद्योगिक भविष्य की आधारशिला और किसानों के लिए नई संभावनाओं का द्वार बताया। प्रधानमंत्री मोदी की दूरदृष्टि से किसानों की उपज खेतों से सीधे वैश्विक बाजार तक पहुंच जाएगी। इसमें मप्र की कपास उत्पादक धरती सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस पार्क से कपास उत्पादक किसानों की समृद्धि के नए द्वार खुलेंगे। मुख्यमंत्री का मानना है कि पीएम मित्रा पार्क किसानों, श्रमिकों, महिलाओं और युवाओं का जीवन बदलने वाली औद्योगिक परियोजना है। कपास उत्पादक किसान अब सीधे कपास आधारित उद्योगों से जुड़ जाएंगे, जिससे मप्र का कपास केवल फसल न रहकर प्रदेश की औद्योगिक पहचान बनेगा।

### कपास उत्पादन में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल



मप्र कपास उत्पादन में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। प्रदेश के मालवा अंचल के जिलों में सबसे ज्यादा कपास उत्पादन होता है। इनमें प्रमुख रूप से इंदौर, धार, झाबुआ, अलीराजपुर, खरगौन, बड़वानी, खण्डवा और बुरहानपुर शामिल हैं। पिछले तीन वर्षों में कपास उत्पादन की स्थिति अच्छी रही है। वर्ष 2022-23 में 8.78 लाख मीट्रिक टन, 2023-24 में 6.30 लाख मीट्रिक टन और 2024-25 में 5.60 लाख मीट्रिक टन कपास उत्पादन हुआ। इसके अतिरिक्त प्रदेश के अन्य जिलों में भी कपास की अच्छी फसल ली जाती है। देश में ऑर्गेनिक कॉटन उत्पादन में मप्र प्रसिद्धि पा चुका है। यही वजह है कि वस्त्र उद्योग के लिए मप्र सबसे उपयुक्त राज्य साबित हुआ है। इसी पृष्ठभूमि के आधार पर धार को पीएम मित्रा पार्क की स्थापना के लिए चुना गया है।

### सर्व-सुविधायुक्त होगा पीएम मित्रा पार्क

करीब 2,158 एकड़ में विकसित हो रहा पार्क विश्व स्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित है। यहां 20 एमएलडी का कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट, 10 एमवीए का सौर ऊर्जा संयंत्र, पानी और बिजली की पुख्ता आपूर्ति, आधुनिक सड़कें और 81 प्लग-एंड-प्ले यूनिट्स जैसी व्यवस्थाएं विकसित की जा रही हैं। श्रमिकों और महिला कर्मचारियों के लिए आवास और सामाजिक सुविधाएं इसे केवल औद्योगिक क्षेत्र नहीं, बल्कि आदर्श औद्योगिक नगर का रूप देती हैं।

### निवेशकों ने जताया भरोसा

निवेशकों ने भी भरोसा जताते हुए पीएम मित्रा पार्क में अब तक 27 हजार 109 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव दिए हैं। यह निवेश उद्योगों की स्थापना के साथ स्थानीय लोगों के लिए नए रोजगार का मार्ग प्रशस्त करेगा। वस्त्र क्षेत्र के बड़े संगठनों और उद्योग समूहों ने यहां निवेश करने की इच्छा जताई है। इससे न केवल प्रदेश को औद्योगिक लाभ मिलेगा, बल्कि निर्यात भी बढ़ेगा। धार से तैयार वस्त्र और परिधान अब सीधे ग्लोबल मार्केट में पहुंचेंगे। जल्दी ही मध्यप्रदेश की पहचान अब टेक्सटाइल हब के रूप में होने लगेगी।

### प्रधानमंत्री के विजन पर केंद्रित है पार्क की थीम

प्रधानमंत्री मोदी के विज़न के अनुरूप यह पार्क फार्म से फाइबर, फैक्ट्री से फैशन और विदेश की संपूर्ण वैल्यू चैन बनाएगा। किसानों से प्राप्त कच्चा कपास उद्योगों में धागा बनेगा, वहीं से वस्त्र और परिधान तैयार होंगे और यही उत्पाद विदेशों तक जाएंगे। इस तरह पूरी वैल्यू चैन एक ही स्थान पर पूरी होगी। यही इस पार्क की विशिष्टता होगी और अन्य पार्कों में आदर्श बनाएगी।

### लगभग 3 लाख रोजगार सृजित होंगे

पीएम मित्रा पार्क से लगभग 3 लाख रोजगार सृजित होंगे। इसमें एक लाख प्रत्यक्ष और दो लाख अप्रत्यक्ष रोजगार शामिल होंगे। कपास आधारित उद्योगों के विस्तार से किसानों को उनकी फसल का दोगुना मूल्य मिलेगा। यह अवसर केवल रोजगार तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि गांव-गांव तक आर्थिक गतिविधियों को गति देगा और स्थानीय बाजारों से लेकर निर्यात तक नई संभावनाएं पैदा करेगा।

## पुलिस जांच में जुटी, सवाल कौन है हत्यारे, घर में कैसे की एंट्री

# मोहगांव में बिसेन दंपत्ति की निर्मम हत्या!

हरिभूमि न्यूज कटंगी।





बालाघाट जिले के कटंगी थाना क्षेत्र से दिल दहला देने वाली डबल मर्डर की वारदात सामने आई है. यहां के ग्राम मोहगांव में प्रतिष्ठित बिसेन परिवार से ताल्लुक रखने वाले बिसेन दंपति की लाश उन्हीं के घर पर बेडरूम में लहूलुहान हालत में बरामद की गई है. प्रथम दृष्टया अज्ञात आरोपियों के द्वारा निर्मम हत्या करने का अनुमान लगाया गया है. इस पूरी वारदात को अंजाम देने में 2 से अधिक लोगों के शामिल होने का प्रारंभिक अनुमान है. शनिवार-रविवार की दरमियानी रात्रि अज्ञात हत्यारों ने हेमेन्द्र बिसेन (47 वर्ष) और धर्मपत्नी योगिता बिसेन (47)5 वर्ष) की अज्ञात आरोपियों ने धारदार हथियार से निर्मम हत्या कर दी है. रविवार की सुबह करीब साढ़े 08 बजे हेमेन्द्र बिसेन के सभी तीन भाईयों और भाभियों को घटना के बारे में पता चला. जिसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी. इस वीभत्स घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक बालाघाट आदित्य मिश्रा घटनास्थल पर पहुंचे. उन्होंने घटनास्थल का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया है. एसडीओपी विवेक शर्मा और थाना प्रभारी धमेन्द्र कुशराम की मौजूदगी में एफएसएल की टीम ने घटनास्थल से भौतिक साक्ष्य एकत्रित किए है. फिलहाल बिसेन दंपत्ति की हत्या के पीछे कारणों की अभी कोई ठोस पुष्टि नहीं हो पाई है. जन चर्चा के अनुसार लूट की वारदात को अंजाम देने की मंशा से घर में घुसने वाले आरोपियों ने हत्या की वारदात को अंजाम दिया लेकिन यह कहना भी जल्दबाजी ही होगी क्योंकि घर के किसी भी हिस्से में दरवाजों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है. बहरहाल, पुलिस जांच में जुटी हुई है और पुलिस जांच के बाद ही आरोपियों का पता चलेगा. बिसेन दंपति की हत्या करने वाले हत्यारे कौन है और संयुक्त परिवार के लिए बने घर में उनकी एंट्री कैसे हुई यह बड़ा सवाल है.

मिली जानकारी अनुसार परिवार में सबसे छोटे हेमेन्द्र बिसेन हार्डवेयर का व्यापार करते थे. पड़ोस के ही नांदी गांव में उनकी हार्डवेयर की दुकान है और अपने तीन बड़े भाई ईश्वरी प्रसाद बिसेन, करण बिसेन और शैलेन्द्र बिसेन के साथ एक ही परिसर में बने मकान में निवास करते थे. शनिवार की रात्रि को सभी ने साथ में भोजन किया और करीब 12 बजे तक टीवी देखने के बाद सभी अपने-अपने कमरों में सोने के लिए चले गए. हेमेन्द्र का पुत्र भी अलग कमरे में सोने के लिए चले गया. रविवार की सुबह करीब साढ़े 08 बजे जब हेमेन्द्र और उनकी धर्मपत्नी नहीं जागी तो करण बिसेन की पत्नी अपने देवर और बहू को जगाने के लिए उनके कमरे की तरफ गई. जहां बहू योगिता बिसेन बिस्तर पर और देवर नीचे जमीन पर खून से लथपथ मृत अवस्था में थे. उन्होंने तत्काल अपनी पति को यह जानकारी दी और फिर सभी भाई एकत्रित हुए. करण बिसेन अपने साथियों को बताते है कि हेमेन्द्र का बेटा जो कक्षा नवमीं में पढ़ाई करता है वह प्रतिदिन उसी के साथ नाश्ता करने के बाद दुकान के लिए जाते थे आज भी नाश्ता बनकर तैयार होने पर उन्होंने अपनी पत्नी को बेटे को बुलाकर लाने कहा लेकिन पत्नी ने रविवार है सोने दीजिए यह बोलकर बात को समाप्त किया और देवरानी और देवर क्यों नहीं उठे यह देखने गई तो कमरे में लाश पड़ी थी. हत्या को अंजाम देने वाले आरोपियों ने हेमेन्द्र के सिर पर किसी धारदार हथियार से हमला किया जबकि उनकी पत्नी से भी मारपीट कर हत्या कर दी गई।

कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम मोहगांव में हुई इस वारदात ने सभी को अचरज में डाल दिया है. क्योंकि बिसेन परिवार के प्रत्येक सदस्य का व्यवहार बेहद ही संतोषजनक है. आपस में सभी भाईयों के बीच घनिष्ट प्रेम भी है. इस घटना के बाद पूर्व सांसद बोधसिंह भगत, पूर्व सांसद विश्वेश्वर भगत जैसे नेता भी घटनास्थल पहुंचे. विधायक गौरव सिंह पारधी ने घटना पर शोक व्यक्त किया है. बिसेन परिवार को जानने वाले हर शख्स ने घटना पर दुख व्यक्त किया और सभी की इच्छा है पुलिस इस मामले में गंभीरता से जांच करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी करें. पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर हर बिंदु पर जांच की है, ताकि हत्यारे को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जा सके. रविवार की शाम करीब साढ़े 04 बजे दोनों ही पति-पत्नि के शवों को पीएम किया गया और शव परिजनों को सौंप दिया गया है. सोमवार को अंतिम संस्कार किया जाना है. बता दें कि सरकारी अस्पताल में महिला चिकित्सक नहीं होने की वजह से करीब 02 घंटे तक डेड बॉडी को वाहन में ही रखा गया और बालाघाट से महिला चिकित्सक आने के बाद शव का पीएम हो पाया.

## इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर चुके हैं दोनों भाई

# फर्जीवाड़े मामले में दो भाइयों को यूपी पुलिस ने उठाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग



जिले के छावनी थाना क्षेत्र के दो सगे भाई ऑनलाइन जॉब के झांसे में आकर फर्जीवाड़े में फंस गए और खुद भी कई लोगों को ठगी का शिकार बना डाला. यूपी पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर आंबेडकर नगर जिले के राजे सुल्तानपुर ले गई है, जहां उनके खिलाफ धोखाधड़ी के मामले दर्ज हैं. छावनी थाना क्षेत्र के दोनों भाइयों ने ऑनलाइन जॉब के झांसे में आकर फर्जीवाड़े का शिकार हो गए। दोनों भाइयों ने मिलकर कई लोगों को ठगी के वारदात को अंजाम दिया है।

यूपी पुलिस ने दोनों भाई अंडे का ठेला लगाते थे, जहां से 11 सितंबर की रात को दोनों को हिरासत लेकर अपने साथ लेकर गई। यूपी पुलिस ने इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को नहीं थी। शहर में दोनों भाइयों का अपहरण की अफवाह उड़ गया। पुलिस ने आनन फानन में अपहरण का मामला दर्ज कर पतासाजी में जुट गई थी, लेकिन शाम को स्थानीय पुलिस को जानकारी मिली कि दोनों भाइयों का अपहरण नहीं हुआ है। जबकि यूपी पुलिस धोखाधड़ी के मामले में उत्तरप्रदेश जिला आंबेडकर नगर राजे सुल्तानपुर लेकर गई है जहां कंपनी खिलाफ अपराध दर्ज है। जानकारी के अनुसार पिछले 5 महीने से एक भाई बी फॉर एफ माइक्रो फाइनेंस कंपनी से जुड़े हुए थे। और यूपी में कंपनी के खिलाफ दो मामला दर्ज है। इस मामले में दोनों भाई शुभम शाह और विष्णु शाह को गिरफ्तार कर ले गई है। विष्णु शाह को फर्जी कंपनी ने छग का एचआर हेड बनाया था जिसके बाद विष्णु मोबाइल के माध्यम से जॉब के लिए इंटरव्यू लेना और रिपोर्ट बनकर कंपनी को भेजने का काम करता था जबकि पैसे का लेन देन उसके पास नहीं था। अरेबियन कंपनी लोगों को विदेश भेजने के नाम पर ठगी करती थी। इसी मामले में यूपी पुलिस विष्णु शाह को गिरफ्तार करने पहुंची थी जिसका विरोध उसका छोटा भाई शुभम शाह ने किया तो उसे भी पकड़कर अपने साथ ले गई। विष्णु शाह बीई और शुभम शाह पॉलिटेक्निक से इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर चुका है।

### दूध मुंहे बच्चे की माँ को जाना पड़ा जेल

**परासिया :** परासिया थाना क्षेत्र की एक दूध मुंहे बच्चे की माँ को जेल जाना पड़ा। बच्चे के पिता ने बीते बुधवार को खुद को फंदे पर लटका कर अपनी जान दे दी थी। इस मामले में पुलिस ने उसकी पत्नी पर मामला दर्ज किया है। पुलिस ने अपनी जांच में पाया, कि पत्नी के उकसावे पर पति ने घर में खुद फांसी लगा ली। उसकी पत्नी ने शव को फंदे से उतारकर घर के पीछे रख दिया था। पुलिस ने महिला के खिलाफ बीएनएस की धारा 108 और 238 के तहत मामला पंजीबद्ध कर उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। आरोपी महिला का दस माह का बेटा है।

### ट्रेन के ऊपर चढ़ा युवक स्टेशन के टॉवर में बैठा

**कटनी।** रेलवे स्टेशन पर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक युवक प्लेटफॉर्म नंबर दो पर खड़ी ट्रेन के ऊपर चढ़ गया। इसके बाद वह स्टेशन के टावर पर जा बैठा, जिससे यात्रियों और रेलवे कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली थाने से डायल 112 पर तैनात आरक्षक सतीश कुमार सिंह और पायलट संजय पटेल, रेलवे पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। कई घंटों की मशक्कत के बाद पुलिस ने युवक को सुरक्षित नीचे उतारा। स्थानीय लोगों का कहना है कि इतनी सुबह युवक का इस तरह से स्टेशन परिसर में प्रवेश करना और ट्रेन के ऊपर चढ़ जाना सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। घटना के समय रेलवे पुलिस की पहले से कोई मौजूदगी नहीं थी, जिससे यह सवाल उठता है कि यात्रियों की सुरक्षा के लिए तैनात व्यवस्था कितनी कारगर है।


### शहडोल में युवक का गुस्सा फूटा

#### टीवी तोडक़र जताया भारत-पाकिस्तान मैच का विरोध

**शहडोल।** एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले क्रिकेट मैच को लेकर शहडोल के एक युवक ने गुस्से में आकर अपने घर की टीवी तोड़ दी। युवक का कहना है कि जब देश के जवान ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हो रहे हैं, तब पाकिस्तान के साथ खेल का आयोजन शहीदों के बलिदान का अपमान है। उसने टीवी तोडक़र यह संदेश दिया कि ऐसे मैचों का कोई औचित्य नहीं है। युवक कांग्रेस नेता शेख अबीद हैं, जिन्होंने भावुक होकर कहा कि शहीदों की शहादत को भूलकर पाकिस्तान के साथ क्रिकेट खेलना करोड़ों देशवासियों की भावनाओं से खिलवाड़ है। उन्होंने इसे केवल क्रिकेट नहीं बल्कि शहीदों के प्रति असम्मान करार दिया। शेख अबीद ने देशवासियों से अपील की है कि वे इस मैच का बहिष्कार करें।

# जैतवारा में मीथेन गैस का रिसाव, प्रशासन अलर्ट







**सतना।** मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की एक टीम ने जैतवारा में एक पुराने कुएं में मीथेन गैस के रिसाव का पता लगाया है। टीम में डॉ.राहुल द्विवेदी,अनूप श्रीवास्तव, डॉ.राजकरण और राजकुमार मिश्रा के साथ नगर परिषद जैतवारा और पुलिस प्रशासन के अधिकारी शामिल थे। यह कुआं जैतवारा रेलवे स्टेशन के पास एक शिव मंदिर के नीचे स्थित है। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि मंदिर में जलहरी से बहने वाला पानी,फूल और पत्ते एक छेद से होकर इसी कुएं में जाते हैं,जहां सड़ने के कारण मीथेन गैस बन रही है। इस खतरनाक रिसाव के कारण प्रशासन तुरंत अलर्ट हो गया है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कुएं के चारों ओर बैरिकेड्स लगाए गए हैं और मंदिर के आसपास की दुकानें बंद करा दी गई हैं। नगर परिषद की टीम ने गैस के स्त्रोत का पता लगाने और उसे खत्म करने के लिए कुएं की खुदाई शुरू कर दी है।

# पन्ना नाका पर कार में तोड़फोड़, गुंडों का तांडव



**सतना।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र की पन्ना नाका इलाके में रिलायंस मॉल के सामने एक चौंकाने वाली घटना हुई है। तीन-चार अज्ञात लोगों ने एक खड़ी कार पर पत्थरबाजी करके उसके शीशे तोड़ दिए और सुरक्षा गार्ड की जमकर पिटाई की। इस दौरान वहां लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। हमलावर गाली-गलौज करते हुए उत्पात मचाते रहे। इस मामले में मुख्य आरोपी सम्राट सिंह को बताया जा रहा है,जो बाबूपुर नागौद गांव के शिब्बू सिंह का बेटा है। शुरुआती जांच में पुलिस पर राजनीतिक दबाव होने की बात सामने आई थी,जिसके कारण आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने में हिचकिचाहट दिख रही थी। हालांकि,जब यह मामला नए एसपी के संज्ञान में आया,तब पुलिस ने सक्रियता दिखाई और घायलों का मेडिकल कराया गया। अब इस मामले में एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। यह भी पता चला है कि इस घटना में वही युवक शामिल है जो शहर के चर्चित फर्जी ऐप ठगी मामले में लाखों रुपये की धोखाधड़ी का आरोपी है,लेकिन अभी तक पकड़ा नहीं जा सका है।

## तीन से चार लोगों ने कुल्हाड़ी और डंडों से दुग्ध विक्रेता पर किया हमला उपचार दौरान हुई मौत

**सिवनीसिमरिया गांव में एक दुग्ध विक्रेता की हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान जीवन उर्फ सतीश बघेल (35) के रूप में हुई है। दरअसल, शनिवार रात सिमरिया कृषि उपज मंडी के सामने स्थित अपने घर में अकेले रह रहे जीवन पर तीन से चार लोगों ने कुल्हाड़ी और डंडों से हमला कर दिया।**

**हरिभूमि न्यूज:सिवनी।** गंभीर रूप से घायल जीवन को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। कोतवाली थाना प्रभारी किशोर बामनकर ने बताया कि मृतक का आरोपितों के साथ कई सालों से विवाद चल रहा था। रविवार सुबह पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमॉर्टम कराया। शव को लेकर जा रहे परिजनों ने सर्किट हाउस चौराहे पर प्रदर्शन की कोशिश की। आरोपितों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग कर रहे परिजनों को पुलिस ने समझाकर शांत कराया। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने एम्बुलेंस को अपनी जीप से खींचकर सिमरिया गांव तक पहुंचाया। परिजनों ने निक्की, विक्की राजकिशोर बघेल और बड्डू बघेल (भागखेड़ा) पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है।

## युवक ने किशोर को पीट-पीटकर उतारा मौत के घाट, कुछ घंटों में पकड़ा गया

**जिले के राजनगर थाना क्षेत्र में बीती रात एक किशोर की गांव के ही एक युवक द्वारा लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है।**

**छतरपुर।** बताया जा रहा है कि किशोर और आरोपी के बीच प्रेम-प्रसंग को लेकर विवाद चल रहा था और इसी विवाद में किशोर की जान गई है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है, साथ ही आरोपी को भी कुछ घंटों में गिरफ्तार कर लिया, जिससे पूछताछ जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार देर रात खजवा गांव में 15 वर्षीय रोहित पुत्र संतोष पटेल पर गांव के ही महेश पटेल ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। आरोपी रोहित को तब तक पीटता रहा जब तक कि उसने दम नहीं तोड़ दिया। रोहित की मौत होने के बाद आरोपी मौके से भाग गया। परिजनों और ग्रामीणों ने फौरन पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद खजुराहो एसडीओपी और राजनगर थाना प्रभारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने तुरंत आरोपी की तलाश शुरु की, परिणामस्वरूप महज कुछ घंटे बाद ही आरोपी पुलिस के हाथ लग गया। राजनगर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आरोपी से पूछताछ शुरु की है। वहां गांव में ऐसी चर्चा है कि मृतक और आरोपी के बीच पिछले कुछ दिनों से प्रेम-प्रसंग को लेकर विवाद चल रहा था। दोनों के बीच पहले भी कहा-सुनी हो चुकी थी। संभवतः इसी विवाद के चलते महेश ने रोहित पर हमला किया, जिसमें उसकी जान चली गई। हालांकि पुलिस ने अभी इस संबंध में पुष्टि नहीं की है।

## दिनदहाड़े हाईवे पर लूट की वारदात बाइक सवार दंपत्ति पर बदमाशों का हमला

### महिला को गंभीर चोट बदमाशों से भिड़ी महिला, बहादुरी से लूट को किया नाकाम

**रीवा।** मनगवां थाना क्षेत्र में एनएच-30 ओवरब्रिज के पास दिनदहाड़े एक सनसनीखेज लूट की वारदात हुई। बाइक सवार दो बदमाशों ने चलती बाइक पर सवार दंपत्ति को निशाना बनाते हुए महिला के गले से चेन और मंगलसूत्र छीनने की कोशिश की। लूट का विरोध करने पर महिला चलती बाइक से गिर पड़ी, जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आईं। घटना में घायल महिला तुलसा सोनी, निवासी गढ़, अपने पति राजेंद्र सोनी के साथ बाइक से अपने मामा के श्राद्ध में शामिल होने भलुहा रामनई जा रही थीं। जैसे ही दंपत्ति मनगवां ओवरब्रिज के पास पहुंचे, पीछे से आए बाइक सवार दो बदमाशों ने महिला के गले से चेन और मंगलसूत्र झपटने की कोशिश की। छीना-झपटी के दौरान बदमाश का हाथ महिला के पर्स में फंस गया। इस पर महिला ने साहस दिखाते हुए बदमाश का हाथ पकड़ लिया। इसी खींचतान में वह संतुलन खो बैठीं और चलती बाइक से गिर गईं। सड़क पर गिरने से उनके सिर में गंभीर चोट आई, जिसके चलते उन्हें तत्काल संजय गांधी अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने सिर पर 17 टांके लगाए हैं। बता दे बदमाशों का इरादा महिला की चेन और मंगलसूत्र लूटने का था, लेकिन महिला के साहस और विरोध के चलते वे लूट को अंजाम नहीं दे सके। छीना-झपटी में गहने सड़क पर गिर गए और आरोपी बाइक से फरार हो गए। घटना के तुरंत

### सियार के हमले से घायल महिला की हुई मौत

**छतरपुर।** जिले के राजनगर थाना क्षेत्र में सियार के हमले से घायल हुई एक महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। बताया गया है कि करीब 20 दिन पहले ग्राम मनिया की रहने वाली वर्षा पत्नी अवधेश पटेल उम्र 24 वर्ष के ऊपर एक जंगली सियार ने हमला किया था। सियार के हमले से वर्षा बुरी तरह जख्मी हो गई थी। परिजन घटना के बाद फौरन उसे राजनगर अस्पताल ले गए थे, जहां चिकित्सकों ने मामूली जख्म होने की बात कहकर प्राथमिक उपचार किया था। चूंकि वर्षा और उसके परिजनों को भी जख्म जानलेवा नहीं लगे थे, इसलिए वे भी प्राथमिक इलाज के बाद वापिस घर लौटे गए थे। दो दिन पहले एक बार फिर वर्षा की तबियत बिगड़ी, जिसके बाद परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर आए। वर्षा की गंभीर हालत को ध्यान में रखकर प्राथमिक उपचार के बाद उसे ग्वालियर रेफर किया गया था, जहां रविवार की रात को इलाज के दौरान वर्षा की मौत हो गई। परिजन शव लेकर वापिस जिला अस्पताल आए, जहां रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### चार पहिया वाहन की टक्कर से युवक की दर्दनाक मौत

**छतरपुर।** जिले के गुलगंज थान क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मुंगवारी में चार पहिया वाहन की टक्कर से एक युवक घायल हो गया था, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। बताया गया है कि ग्राम मुंगवारी का रहने वाला 33 वर्षीय रामस्वरूप पुत्र नाथूराम यादव शनिवार की शाम करीब 5 बजे अपनी बाईक से कहीं जा रहा तभी गांव के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल के सामने अज्ञात चार पहिया वाहन ने उसे टक्कर मार दी। दुर्घटना में रामस्वरूप बुरी तरह घायल हो गया था, जिसके चलते उसे तुरंत जिला अस्पताल लाया गया। रविवार को इलाज के दौरान रामस्वरूप ने दम तोड़ दिया। उसके शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। वहां गुलगंज पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है।

### करंट लगने से युवक सहित 5 गायों और एक कुत्ते की दर्दनाक मौत

**नौगांव।** बीती रात नगर में एक युवक सहित 5 गायों और एक कुत्ते की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। बताया गया है कि शक्ति माता कॉलोनी में रहने वाला मृतक कल्लू आदिवासी पिता शिवदयाल (36 वर्ष), निवासी कंचनपुरा मऊरानीपुर देहात कॉलोनी के पास खाली पड़ी ज़मीन पर झोपड़ी बनाकर रहता था और प्लास्टिक के तसले व टब बेचकर परिवार का भरण-पोषण करता था। बीती रात वह अपनी झोपड़ी की लाईट चालू करने के लिए 11 हजार केवी की हाईटेंशन लाइन के पास गया था, जहां अंधेरा होने के कारण अचानक करंट की चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। इतना ही नहीं युवक की मौत होने के बाद करंट के तार जमीन पर गिर गए थे। जिससे जमीन में भी करंट फैल गया और पास में मौजूद 5 गायों और 1 कुत्ते की भी करंट की चपेट में आकर मौत का शिकार हो गए। हादसे के बाद परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौगांव ले जाया, जहाँ हालत नाज़ुक होने पर डॉक्टरों ने झांसी रेफर किया, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलते ही बिजली विभाग की टीम और पुलिस बल मौके पर पहुंचा, साथ ही बिजली सप्लाई बंद कर स्थिति को नियंत्रण में लिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए जांच शुरू की है।

### लापता किशोरी को पुलिस ने किया दस्तयाब

**कटनी।** विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र की एक 17 वर्षीय लड़की रहस्यमय तरीके से लापता हो गई थी जिसे पुलिस ने दस्तयाब कर लिया है। सहायक उपनिरीक्षक मीना धुर्वे ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र के एक गांव की लड़की घर में बिना किसी को बताए 4 जुलाई को कहीं चली गई थी। नाबालिग के परिजनों द्वारा नात रिश्तेदारों सहित अन्य संभावित स्थानों पर उसकी पतासाजी की गई लेकिन जब लड़की का कहीं पता नहीं चला तो रिपोर्ट विजयराघवगढ़ थाने में की गई। एसडीओपी वीरेंद्र धार्वे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक रितेश शर्मा की टीम द्वारा नाबालिग की तलाश शुरू की गई और सुराग मिलते ही उसे सुरक्षित दस्तयाब करके थाने लाया गया। यहां नाबालिग लड़की के बयान दर्ज करने के साथ ही उसे परिवार वालों के सुपुर्द कर दिया गया है।

# षड्यंत्र पूर्वक आदिवासी महिला की जमीन को हथियाने वाले दबंगों के अवैध कब्जे पर कब चलेगा बुलडोजर

**जिला सिवनी पुलिस कप्तान से आदिवासी महिला ने लगाई न्याय के लिए गुहार क्या सिवनी कप्तान महिला को न्याय दिला पाएंगे या इसी तरह न्याय के लिए भटकते रहेगी आदिवासी महिला जिले में आदिवासी की भूमि को ठेके के नाम कब्जा जमाने वाले इकबाल खान और देवेंद्र राय के नाम से आदिवासी महिला ने पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत देकर उचित कार्यवाही की मांग की हे ।**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिवनी।

बताते चले कि केवलारी ब्लाक के कंजई ग्राम के अंतर्गत पड़ने वाले गांव खापा निवासी संकुरिया बाई ,उनकी बहन की पुत्री हंसकुमारी, भाई हंसकुमार जिनके ऊपर दबंगों ने ऐसा आतंक बरपाया की इस परिवार को रातों रात अपने गांव को छोड़कर कहीं दूर जिंदगी जीनी पड़ रही है। कईयों सालों से लगातार अपनी भूमि को वापस पाने की हर संभव कोशिश के बाद थक हारकर महिला हांसकुमारी बाई ने जिला पुलिस अधीक्षक से जमीन का हक दिलवाने की गुहार लगाई हे। आदिवासी महिला हंसकुमारी बाई ने आवेदन में बताया कि उनकी पैतृक भूमि जिसे खापा (कंजई ) गांव के इकबाल पटेल और देवेंद्र राय द्वारा एक मत होकर उनकी पैतृक भूमि पर कब्जा करके उस भूमि को दूसरे व्यक्ति का कब्जा दर्शाकर ठेके पर लेकर कब्जा कर लिया गया है।
अपनी भूमि को वापस पाने की आस लिए संकुरिया बाई की एक बहन हरकुरिया बाई दुनिया छोड़कर चली गई । हरकुरिया बाई की बेटी और उनकी बहन संकुरिया बाई आज भी पैतृक भूमि को दबंगों से वापस पाने के लिए गुहार लगाती फिर रही है।



अपनी भूमि को वापस पाने की आस लिए आदिवासी परिवार द्वारा अलग-अलग जगह गुहार लगाई गई पर सुनवाई नहीं हुई। दबंगों की तगड़ी सेटिंग की वजह से दबंग हर बार बचते रहते है। वही आदिवासी की भूमि के कागज चिल्ला चिल्ला के भूमि स्वामी का कब्जा बता रहे हैं उधर धरातल में कब्जा दबंग जमाकर बैठे हैं। हंसकुमारी बाई द्वारा बताया गया कि मेरी मां की भूमि में मां के मृत्यु के बाद फोत में नाम और वारसान अनुसार मुझे भूमि में वाजिफ अधिकार मिलना चाहिए।
वही हम जब खापा ग्राम में जाकर खेती करना चाहते हैं तो दबंगों द्वारा डराया धामकाया जाता है और कहा जाता है कि यह जमीन उनके द्वारा खरीदी गई है। पीड़तिों का कहना है कि अगर दबंगों ने जमीन खरीदे हैं तो वह जमीन की वाजिब रजिस्ट्री पेश करें। हम लोगों को कानून की ज्यादा समझदारी नहीं है यही कारण से हमको पटवारी भी गुमराह करता है।
बताते चले कि आदिवासी परिवार की भूमि में वर्षों से कब्जा करके बैठे दबंग के प्रति आदिवासी परिवार को भूमि स्वामी होने के बाद में भी दर-दर भटकने की जरूरत ना पड़े वही उसे उसकी भूमि का वाजिब अधिकार मिल जाए इस उम्मीद से आदिवासी महिला द्वारा एसपी से न्याय की गुहार लगाई गई है।

## भागवत कथा में सुरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज के प्रवचन, मधुर भजनों पर झूमे श्रद्धालु

# श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह महोत्सव : भक्तिभाव में सराबोर हुआ कथा स्थल

**जबलपुर।** पुरानी जगदम्बा कॉलोनी का वातावरण रविवार को दिव्य और अलौकिक दृश्य में बदल गया। चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पावन अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण और देवी रुक्मणी जी का मंगल पाणिग्रहण वैदिक मंत्रोच्चार और भक्तिमय रसधारा के बीच संपन्न हुआ। श्रद्धालु स्वयं को सौभाग्यशाली मानते रहे कि उन्हें इस अद्वितीय विवाह उत्सव का प्रत्यक्ष साक्षी बनने का अवसर प्राप्त हुआ।

### वैदिक परंपराओं के साथ संपन्न हुआ विवाह-

व्यासपीठ से कथा वाचन कर रहे शिव मंदिर कचनार सिटी (बड़े शंकर जी) विजय नगर के मुख्य आचार्य एवं मां दक्षिणेश्वरी धाम के संस्थापक पं. सुरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज ने विवाह प्रसंग का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। उन्होंने कहा श्रीमद्भागवत केवल कथा नहीं, यह स्वयं भगवान श्रीकृष्ण का रूप है। जिस कथा में प्रभु का मंगल विवाह संपन्न हो, वह स्थल तीर्थ बन जाता है। पं. शास्त्री जी ने भक्तों से आह्वान किया कि जीवन में धर्म, प्रेम और करुणा को धारण करके ही हम श्रीकृष्ण की कृपा के पात्र बन सकते हैं।



### भक्तों ने पखारे चरण, पाया आशीर्वाद-

विवाह उत्सव के दौरान श्रद्धालुओं ने परंपरा अनुसार भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मणी जी के चरण पखारकर आशीर्वाद प्राप्त किया। भक्ति और आस्था से ओत-प्रोत वातावरण में चारों ओर "राधे-गोविंद" के जयकारे गूंजते रहे।

### बारात और झांकी का हुआ भव्य स्वागत-

कथा स्थल पर भगवान श्रीकृष्ण-रुक्मणी जी की झांकी बैंड-बाजों और बारातियों के साथ पहुंची। श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया तथा मिष्ठान वितरित कर आनंद का वातावरण बनाया। भगवान की मनोहारी झांकी ने सभी भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### श्रद्धांजलि स्वरूप हुआ आयोजन-

वाय.के. शर्मा की पावन स्मृति में आयोजित इस श्रीमद्भागवत कथा में व्यासपीठ पूजन का सौभाग्य सरला शर्मा व रश्मि शर्मा को प्राप्त हुआ। आयोजन में शरद शर्मा, अभय शर्मा, प्रभव, शांतनु, शिवा विश्वकर्मा, शिवम, रिया, प्रिंसी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### भक्ति और आनंद का अद्भुत संगम-

श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह महोत्सव केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भक्तिभाव, सांस्कृतिक परंपरा और आध्यात्मिक चेतना का अद्भुत संगम बनकर सामने आया। श्रद्धालु देर तक विवाह उत्सव की स्मृतियों को संजोए रहे और सभी ने इसे जीवन का अविस्मरणीय क्षण बताया।

### भजनों पर थिरके भक्त-

भजन गायक शिवा विश्वकर्मा ने मधुर भजनों की ऐसी रसधारा बहाई कि उपस्थित भक्त अपने आपको रोक न सके और झूमकर नृत्य करने लगे। भक्ति गीतों की सुरमयी प्रस्तुति ने विवाह उत्सव को और भी दिव्य एवं उल्लासमय बना दिया।



# गोविंदगंज रामलीला का श्रीगणेश कल से

**जबलपुर। देश की भव्यतम रामलीलाओं में शुमार श्री गोविंदगंज रामलीला समिति के मंचन का श्रीगणेश गुरुवार 16 सितंबर से हो रहा है। रामलीला समिति का ये गरिमामय 161 वां वर्ष है। समिति के अध्यक्ष पं. अनिल तिवारी ने पत्रकारवार्ता में बताया कि इस बार दर्शकों को हर दिन कुछ नया देखने मिलेगा। श्री तिवारी ने बताया कि समिति ने इस बार करीब तीन हजार वर्गफिट का और ऊंचा तथा चौड़ा अत्याधुनिक फोल्डिंग मंच तैयार किया है। पहले मंच की ऊंचाई और चौड़ाई कम थी, जिसके कारण पीछे बैठने वाले श्रद्धालुओं को लीला के दर्शन अच्छे से नहीं हो पाते थे।**

### शोभायात्रा में दिखेगी भव्यता

अध्यक्ष पं. अनिल तिवारी ने बताया कि इस बार रामलीला समिति द्वारा निकाली जाने वाली राम बारात और दशहरा शोभायात्रा को और भव्य बनाया जाएगा। इसमें धार्मिक, राष्ट्रकीय और सामाजिक महत्व की झांकियां शामिल की जाएंगी। इस 21 दिवसीय महायज्ञ का शुभारंभ 16 सितंबर को पूरे विधि विधान के साथ होगा और 6 अक्टूबर को भंडारे के साथ महायज्ञ का विश्राम होगा।पत्रकारवार्ता में अध्यक्ष पं. अनिल तिवारी, व्यास पं वासुदेव शास्त्री, सहव्यास मोहन चौबे, संजीव तिवारी, संरक्षक रवि गुप्ता, राकेश पाठक पीआरओ, विजय सरावगी, रवीन्द्र मघरिया, राजकुमार गुप्ता, नौगरिया जी, राकेश पाठक (गायक), अरुण दुबे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमल किशोर तिवारी, महामंत्री मनीष पाठक, कोषाध्यक्ष राजीव गोयल मंगू, महेश गुल्लहा, दीपक अग्रवाल, किशन अग्रवाल, गुड्डा रैकवार, चप्पू गुप्ता, अतुल पांडे, ओम दुबे आदि उपस्थित रहे.



### संस्कारधानी की छात्रा डिप्टी कलेक्टर बनी

**जबलपुर।** सरस्वती शिशु मंदिर जगदीश मंदिर गढ़ा फाटक की 2015-16 बैच की छात्रा स्वर्णा दीवान मध्य प्रदेश पी.एस.सी. परीक्षा में 9वां स्थान प्राप्त कर डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयनित हुईं। यह उपलब्धि पूरा विद्यालय परिवार, शारदा बाल कल्याण समिति, पूर्व छात्र और वर्तमान छात्रों के लिए गौरव का विषय है, बहुत-बहुत बधाई, हमेशा इसी तरह आगे बढ़ते रहें। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष एड. जिनेन्द्र जैन, सचिव डॉ. नीलेश पाण्डेय, कोषाध्यक्ष डॉ. बृजेश अरजरिया, प्राचार्या श्रीमती शुभांगी नाईक ने बधाई दी।

# अमर शहीद राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह के बलिदान दिवस पर होगा दो दिवसीय कार्यक्रम

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, राजनीतिक दलों के पदाधिकारी देंगे श्रद्धांजलि

**जबलपुर।** गढ़ा गोंडवाना संरक्षण संघ, संभाग जबलपुर एवं संयुक्त आदिवासी मूल निवासी संघ के तत्वावधान में गोंडवाना साम्राज्य के अमर शहीद राजा शाह कुंवर रघुनाथ शाह का 168वां बलिदान दिवस 17-18 सितम्बर 2025 को मनाया जाएगा। दो दिवसीय बलिदान दिवस कार्यक्रम, गोंडवाना चौक, मालगोदाम में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्रथम दिवस 17 सितम्बर को प्रातः 9 बजे गोंडवाना साम्राज्य के 52 गढ़ों के राजा व रानियों के बलिदान पर पुरखा सेवामान पूजन यात्रा प्रतिमा स्थल से प्रारंभ होकर मालवीय चौक होते हुये गौरीघाट पहुंचेगी, जहां संपूर्ण राजाओं का गौरीघाट में पूजन व स्नान कराकर अपरान्ह 3 बजे प्रतिमा स्थल में पहुंचकर समस्त राजाओं को स्थान देकर पुरखा सेवामान पूजन का समापन किया जावेगा। तत्पश्चात संध्या को परांपरांत आदिवासी भोज का आयोजन प्रतिमा स्थल में किया जावेगा। उक्त बलिदान दिवस में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी, कांग्रेस पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, बहुजन समाज पार्टी व अन्य राजनीतिक दल एवं सभी सामाजिक आदिवासी संगठनों के पदाधिकारियों का स्वागत, वंदन एवं उनके उद्बोधन आयोजित किये जावेगे। संगठन द्वारा आदिवासी प्रतीक चिन्ह एवं परिधान पहनाकर सभी अतिथियों का सम्मान एवं छात्र-छात्राओं, आदिवासी युवक-यवुतियों को प्रशासनिक परीक्षा में सफलता पर सम्मानित किया जावेगा। कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील नन्हेलाल धुर्वे पूर्व विधायक, किशोरीलाल भलावी संभागीय अध्यक्ष, एड. बालकिशन चौधरी, उत्तम सिंह ताराम, राजेन्द्र चौधरी, अजय झारिया, रामरतन यादव, बैजनाथ कुशवाहा, के.एस. नेताम, आर.के. ठाकुर, नेमसिंह मरकाम, गया प्रसाद धुर्वे, दिशा इनावती, कु. अनामिका पुट्टे, मुकेश बट्टी, एच.एल. मार्को, गौरीशंकर धुर्वे, पुणेश उईके कटनी आदि ने की है।




### नशे से आज़ादी के लिए हर शहर में बने सरकारी नशा मुक्ति केंद्र

**जबलपुर।** मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण द्वारा मुख्यमंत्री मोहन यादव को एक पत्र भेजा गया जिसमें हर शहर में सरकारी नशा मुक्ति केंद्र खोले जाने की मांग की गई। नशा मुक्ति के लिए अधिक से अधिक प्रयास किए जा रहे हैं पर जो नशे की गिरफ़्त में हैं उनके लिये नशा मुक्ति केंद्र ही रास्ता है, यदि सरकारी नशा मुक्ति केंद्र बनेगा, तो काफ़ी परिवार बर्बाद होने से बच जाएँगे और युवा जो नशे की गिरफ़्त में हैं, उनको भी सही दिशा और सुधार मिलेगा, क्योंकि सभी का बजट नहीं होता इलाज करवाने का, नशे से मुक्ति के लिए एक ठोस प्रयास होगा, इसमें डॉ. अमित सिसोदिया के मार्गदर्शन में डॉ. अजय वाधवानी (अध्यक्ष), एड. भावना निगम, एड. आशीष त्रिपाठी, डॉ. अभिषेक जैन, डॉ. आनंद बहरानी, डॉ. कमल विश्वास, डॉ. अशोक मेथवानी, डॉ. श्रीकान्त साहू, एड. आशुतोष चतुर्वेदी, एड. रोशन मंध्यानी, एड. विजय बावरिया शामिल हुए।

# पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए धनवंतरी नगर नागरिकों ने एकत्र की 15,770 सहयोग राशि

**जबलपुर।** पंजाब में आई बाढ़ से प्रभावित नागरिकों की मदद हेतु धनवंतरी नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी विकास समिति के तत्वावधान में रविवार को सहयोग अभियान चलाया गया। अभियान की शुरुआत यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के सामने से की गई। इस दौरान पदाधिकारियों और युवाओं की टीम ने घर-घर एवं दुकानों पर जाकर सहयोग राशि एकत्र की। क्षेत्रीय व्यापारी भाइयों और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहयोग करते हुए कुल 15,770/- रुपये की राशि प्रदान की।

इस अभियान में समिति के संरक्षक विक्रम गौतम, डॉ. अरुण मिश्रा, प्रदीप वाधवा, बलराज सिंह, एडवोकेट रामकिशोर शिवहरे, अरविंद गौतम, देव सिंह, आदेश दुबे, वसीम खान, आकाश बनसोडे, एड. आशीष सैनी सहित बड़ी संख्या में नागरिक एवं युवा टीम शामिल रही।समिति पदाधिकारियों ने बताया कि एकत्र राशि शीघ्र ही पंजाब के बाढ़ पीड़ितों को भेजी जाएगी। साथ ही नागरिकों से अपील की गई कि आगे भी अधिक से अधिक संख्या में सहयोग करें। 14 सितंबर को 4:30 बजे से दुर्गा मंदिर रोड धनवंतरी नगर में सभी सदस्यों ने एकत्रित होकर फिर से यह अभियान चलाया।





## महापौर ने प्रतिमा स्थल एवं बंदी गृह का लिया जायजा

जबलपुर। अमर शहीद राजा शंकर शाह और रघुनाथ शाह के 168वें बलिदान दिवस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संभावित आगमन और कार्यक्रमों को लेकर शनिवार को महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने मालगोदाम चौक पर स्थित अमर शहीदों के प्रतिमा स्थल एवं बंदी गृह का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने दोनों तरफ की सड़कों को दुरुस्त करने, पेयजल, साफ-सफाई, प्रकाश सहित अन्य व्यवस्थाएं करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान निगमाध्यक्ष रिकुंज विज, एमआईसी सदस्य डॉ. सुभाष तिवारी, विवेकराम सोनकर, दामोदर सोनी, अंशुल यादव, रजनी कैलाश साहू, पूर्व विधायक नन्हे लाल धुर्वे, किशोरी लाल भलावी, राजेन्द्र चौधरी सहित नगर निगम के अधिकारी मौजूद रहे।

# उड़ान वेल्फेयर फाउंडेशन ने पंजाब बाढ़ पीड़ितों की सहायता हेतु 35,000 रुपये का सहयोग दिया

**जबलपुर।** हाल ही में पंजाब प्रदेश में हुई भीषण अतिवृष्टि एवं बाढ़ आपदा से अनेक गाँव जलमग्न हो गए, जिससे जन-धन एवं पशुधन की भारी क्षति हुई है। इस विकट परिस्थिति में उड़ान वेल्फेयर फाउंडेशन जबलपुर ने मानवता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाते हुए 35,000/- रुपये की सहयोग राशि बाढ़ पीड़ित परिवारों के लिए प्रेषित की है। संस्था अध्यक्ष प्रीति गुप्ता ने बताया कि यह राशि पंजाब राज्य के बाढ़ प्रभावित परिवारों की तात्कालिक मदद हेतु भेजी गई है, ताकि जरूरतमंद लोग शीघ्र सामान्य जीवन की ओर लौट सकें। इस कार्यक्रम में उपस्थित संस्था के सदस्य जबलपुर नगर निगम के महापौर जगत बहादुर अन्नु सिंह, अखिलेश जैन, रिंकू विज, टीआर सनोदिया, उमेश कटारे, अशोक गुप्ता, राजेश केसरवानी, कीर्ति पांडे, रंजना राजपूत, रितेश गुप्ता, उमेश जायसवाल, प्रवीण गुप्ता, सतवीर होरा, प्रकाश गुप्ता, राधेश्याम केसरवानी, लखन पटेल, मीना गुप्ता, अभिलाषा सोनी आदि सदस्यों का सहयोग प्राप्त हुआ।





## नवागत कलेक्टर का किया स्वागत

**जबलपुर।** रविदास समाज जबलपुर के द्वारा जबलपुर आगमन पर राघवेंद्र सिंह कलेक्टर जबलपुर का स्वागत स्मृति चिन्ह, फूल मालाओं से किया गया। रविदास समाज ने जबलपुर की अनेक समस्याओं से अवगत कराया, जिस पर उन्होंने आश्वासन दिया कि मेरे लायक कोई भी काम हो आप मुझसे मिलिए तत्काल इसका निराकरण किया जाएगा। इस अवसर पर अध्यक्ष एडवोकेट सूरज चौधरी, महासचिव राजेंद्र चौधरी, मनोज मास्टर, राकेश बुधवानी, अशोक चौधरी, राहुल चौधरी, एडवोकेट बालकिशन चौधरी, मंजू चौधरी सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

# इंजीनियर्स डे पर आयोजन आज

**जबलपुर।** महान अभियंता भारत रत्न डॉ. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया का जन्मदिन जबलपुर में प्रति वर्ष अलग-अलग संस्थाओं, विभागों द्वारा 15 सितम्बर को अभियंता दिवस के रूप में मनाया जाता रहा है, इस वर्ष भारत रत्न डॉ. विश्वैश्वरैया इंजीनियर्स फोरम जबलपुर द्वारा सभी संस्थाओं, विभागों के सभी वरिष्ठ और कनिष्ठ अभियंताओं को सम्मिलित कर इसे वृहद स्वरूप दिए जाने का प्रयास किया गया है।

15 सितम्बर को इंजीनियर्स डे का गरिमामय कार्यक्रम होटल विजन महल, तिलहरी में शाम 05 बजे से आयोजित है, जिसमें 300 से अधिक इंजीनियर्स सम्मिलित हो रहे हैं। अभियंता दिवस पर फोरम के बैनर तले प्रदेश के विभिन्न वरिष्ठ अभियंता अपने अनुभव साझा करके नगर के विकास के लिए नए आयाम सेट करेंगे जो नगर के विकास में एक मील का पत्थर साबित होंगे।अभियंता दिवस समारोह की आयोजन समिति के सदस्य वरिष्ठ अभियंता प्रभात श्रीवास्तव, तरुण आनंद, मधुसूदन दुबे, पीसी दुबे, वेदांत श्रीवास्तव एवं विजय मिश्रा ने सभी अभियंताओं से उपस्थिति का निवेदन किया है। समारोह को यादगार बनाने वरिष्ठ अभियंता एसएमएस ठाकुर, निर्मल खम्परिया, राजवीर नयन, राकेश राठौर एवं संजय वर्मा विभिन्न मनोरंजक सांस्कृतिक कार्यक्रम की बागडोर संभालेंगे।





# नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने गोंड राजाओं को दी श्रद्धांजलि

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश आदिवासी विकास परिषद जबलपुर जिला कार्यवाहक अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह तेकाम ने बताया कि मप्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस के वरिष्ठ नेता उमंग सिंघार का नगर आगमन हुआ। उन्होंने गोंड साम्राज्य के अमर शहीद राजा शंकर शाह कुं, रघुनाथ शाह प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर श्री सिंघार का स्वागत आदिवासी विकास परिषद जबलपुर के अध्यक्ष व पदाधिकारियों द्वारा किया गया। श्री सिंघार ने सामाजिक नेताओं से चर्चा कर समस्याओं पर विधानसभा के अंदर और बाहर संघर्ष कर आवाज उठाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर आदिवासी विकास परिषद के नेता मुन्ना मरावी, राजेन्द्र सिंह तेकाम, धीरेन्द्र संजू ठाकुर, किशोरीलाल भलावी, बसंत तेकाम, भानसिंह तेकाम, नीलेश बरकड़े, बालकृष्ण उइके, घनश्याम यादव, नरेश मरकाम, अमित सिंह, शिवसिंह, विजय सिंह, सोनल सिंह, दिलीप परधान, नीलेश सिंह, आशीष सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# हरि नाम संकीर्तन से क्रोध, लोभ जैसी नकारात्मक भावनाओं से मुक्ति मिलती है

**जबलपुर।** नर्मदा चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल के द्वारा प्रत्येक रविवार संस्कारधानी में हरि नाम संकीर्तन किया जा रहा है, इसी श्रृंखला में 14 सितम्बर को शिव हनुमान मंदिर आरटीओ के बाजू में संकीर्तन किया गया। संयोजक श्याम मनोहर पटेल ने बताया सनातनी धर्म और संस्कृति को बचाना। संस्कृति को खत्म करने का एक सुनियोजित तरीके से षड्यंत्र रचा जा रहा है। सनातनी परंपराएं और संस्कृति इतनी मजबूत हैं कि मुगल और अंग्रेज भी इसे खत्म नहीं कर पाए, लेकिन अंग्रेज जाते-जाते हमारी मानसिकता में जो अंग्रेजी का और पश्चिमी सभ्यता का बीजारोपण कर गए उसके कारण हमारी संस्कृति को खतरा उत्पन्न होने लगा है। आज हम स्वयं ही हमारी संस्कृति के सबसे बड़े दुश्मन हो गए है। पश्चिमी सभ्यता हमारे ऊपर हावी है, भारतवर्ष में हरी नाम संकीर्तन के माध्यम से समस्त सनातनियों को एकजुट होकर सनातन संस्कृति की रक्षा की जाएगी। इस दौरान महाआरती और भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष विनोद दीवान, संयोजक श्याम मनोहर पटेल, आचार्य सुरेश विश्वकर्मा, मोहित तिवारी, पंडित रोहित दुबे, दीपक तिवारी, अशोक विश्वकर्मा, गणेश विश्वकर्मा, मनोहर विश्वकर्मा, लालजी पटेल, छन्नूराम पटेल आदि उपस्थित रहे।

**आओ हरि नाम संकीर्तन से सनातन संस्कृति की रक्षा करें**



# एक करोड़ की ईनामी सुजाता ने किया समर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- छत्तीसगढ़ में था 40 लाख का ईनाम घोषित
- बस्तर के थानों में 72 मामले थे दर्ज, 230 जवानों के मौत की जिम्मेदार
- सीसी मेंबर सुजाता उर्फ कल्पना दंडकारण्य विशेष जोनल समिति के दक्षिण उप जोनल ब्यूरो की थी प्रभारी




नक्सलियों के केंद्रीय कमेटी मेंबर व दंडकारण्य विशेष जोनल समिति के दक्षिण उप जोनल ब्यूरो की प्रभारी सुजाता उर्फ कल्पना ने तेलगांना स्टेट के डीजीपी के समक्ष आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो गई। एक करोड़ की ईनामी सुजाता पर छग में 40 लाख रुपए का ईनाम घोषित था। उसके पति नक्सली कमांडर किशनजी की पश्चिम बंगाल में हुए मुठभेड़ में मौत के बाद वह संगठन में और दण्डकारण्य क्षेत्र में अधिक सक्रिय हो गई थी। उसके खिलाफ बस्तर संभाग के अलग अलग जिले में 72 से अधिक मामले दर्ज हैं तथा बस्तर में हुए कई बड़ी घटनाओं की वह मास्टर माइंड थी। बस्तर में हुए इन घटनाओं में 230 से अधिक जवानों की शहादत के अलावा कई निर्दोष लोगों के मौत का भी उसे जिम्मेदार माना जाता है। केंद्रीय समिति मेंबर सुजाता के समर्पण को नक्सल संगठन के लिए बड़ा नुकसान माना जा रहा है। वहीं सूत्रों की माने तो सुजाता स्वास्थ्य संबंधी कारणों से तेलंगाना के कोठागुडेम क्षेत्र में इलाज के लिए आई थीं।

### बस्तर में कई घटनाओं की सुजाता मास्टरमाइंड

तेलगांना में सीसी मेंबर सुजाता के समर्पण को नक्सल संगठन के लिए जहां बड़ा नुकसान माना जा रहा है। वहीं केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद के सफाए के एलान के बाद इसे बड़ी सफलता माना जा रहा है। दण्डकारण्य विशेष जोनल समिति के दक्षिण उप जोनल ब्यूरो प्रभारी सुजाता को बस्तर के कई बड़ी नक्सल हमलों का मास्टर माइंड माना जाता है। इन वारदातों में वर्ष 2007 में एराबोर सुकमा में सीआरपीएफ व पुलिस बल पर हुए हमले में 23 जवान शहीद, वर्ष 2010 में ताड़मेटला हमले में 76 जवान शहीद, वर्ष 2010 में गादीरास यात्री बस पर हमले में सुरक्षाबल के जवानों समेत 36 की मौत, वर्ष 2013 में झीरम घाटी हमला, जिसमें कांग्रेस नेताओं समेत 32 की हत्या, वर्ष 2017 में चिंतागुफा में सुरक्षाबलों पर घात लगाकर किए गए।

## दो मुठभेड़ में मारे गए 24 लाख रुपए के ईनामी तीन नक्सली



बीजापुर जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र में नक्सलियों के साथ हुए दो अलग मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 3 नक्सलियों को मार गिराया। मारे गए नक्सलियों की शिनाख्त हिड़मा पोडियम, मुन्ना मड़कम व अरूण मड़काम के रूप में हुई है जिन पर 8-8 लाख रुपए का ईनाम घोषित था। मारे गए तीनों नक्सली पीपीसीएम कैडर कंपनी नम्बर दो, पीएलजीए कम्पनी नम्बर दो व प्लाटून नम्बर एक के सदस्य थे। सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के शव के अलावा भारी मात्रा में हथियार व विस्फोटक सामग्री भी बरामद किया है।

### मिले हथियार व अन्य सामान

सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ स्थल से मारे गए माओवादियों के शव के अलावा 303 रायफल, मैग्जीन, जिंदा राउण्ड, 12 बोर बंदूक, बीजीएल लांचर व जिंदा राउण्ड के अलावा बैटरी, कार्डेक्स वायर, स्केनर सेट, माओवादी साहित्य एवं माओवादी सामग्री भी बरामद किया है।

# फोरेंसिक कॉन्क्लेव में वनस्थली विद्यापीठ द्वारा प्रथम अखिल महिला एलएलएम कार्यक्रम का शुभारंभ

**टोंक (राजस्थान)।** आज विधि अध्ययन विभाग बनस्थली विद्यापीठ ने फोरेंसिक साइंस कॉन्क्लेव 2025 के उद्घाटन के दौरान फोरेंसिक में भारत की पहली अखिल महिला एलएलएम की शुरुआत की घोषणा की। इस दो दिवसीय शैक्षणिक कार्यक्रम में देशभर से आए प्रख्यात फॉरेंसिक वैज्ञानिकों, विधि विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और छात्राये एक साथ आए। इस फॉरेंसिक संगोष्ठी ने न्याय प्रणाली को सशक्त बनाने तथा विधिक प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

संगोष्ठी की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई। उद्घाटन समारोह में प्रो. ईना आदित्य शास्त्री, कुलपति, वनस्थली विद्यापीठ ने उपस्थित होकर भारत भर से आए सभी 225 अतिथियों, गणमान्य व्यक्तियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया और फोरेंसिक तथा आपराधिक कानूनों में नेतृत्वकारी भूमिकाओं के लिए महिलाओं को तैयार करने के प्रति आशा व्यक्त की। प्रोफेसर हर्ष पुरोहित, डीन, विधि संकाय ने संगोष्ठी के विशेषज्ञों का प्रारंभिक परिचय प्रस्तुत किया। दो दिवसीय संगोष्ठी में सम्मिलित विशेषज्ञों में डॉ. हर्ष शर्मा (पूर्व निदेशक, एफ.एस.एल. यूपी), प्रो. आदर्श कुमार (निदेशक, एफ.एस.एल, यूपी), और प्रो. अनुपम जोहरी (एसएमएस मेडिकल कॉलेज, जयपुर) शामिल थे।



संगोष्ठी के पहले दिन क्राइम सीन इन्वेस्टिगेशन, फॉरेंसिक मॉडल और फॉरेंसिक साक्ष्य पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई। छात्राओ ने सभी आयोजनों में उत्कृष्ट ऊर्जा, नवाचार और वैज्ञानिक दृष्टिकोण प्रदर्शित किया। डॉ. हर्ष शर्मा ने फॉरेंसिक विशेषज्ञता को कानूनी प्रक्रियाओं में एकीकृत करने पर व्याख्यान दिया, जबकि प्रो. आदर्श कुमार ने अपने व्याख्यान में फॉरेंसिक साक्ष्य के महत्व और न्याय प्रणाली में उनके योगदान पर वास्तविक जीवन के उदाहरणों की मदद से प्रकाश डाला। दिन का समापन परस्पर संवादात्मक प्रश्नोत्तर सत्र के साथ हुआ, इस अवसर पर कार्यक्रम की आयोजन सचिव डॉ. ऋतुजा शर्मा (सह प्राध्यापक) द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। विधि संकाय वनस्थली विद्यापीठ के छात्राओ ने कार्यक्रम के आयोजन और प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा एलएलएम फोरेंसिक साइंस कार्यक्रम के शुभारंभ पर बहुत प्रसन्ता व्यक्त की।

# महाविद्यालयों में शुगर व ऑयल बोर्ड बताएंगे पिज्जा-बर्गर में कितना तेल?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार



- सीबीएसई स्कूलों के लिए सत्र के प्रारंभ में ही जारी हो चुका आदेश
- छात्रों के गिरते स्वास्थ्य स्तर को देखते हुए नई व्यवस्था

सीबीएसई स्कूलों के बाद अब महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में भी शुगर बोर्ड लगेंगे। विशेष बात यह है कि स्कूलों में जहां सिर्फ शुगर बोर्ड ही लगाया गया है, वहीं कॉलेजों में शुगर के साथ ऑयल बोर्ड भी लगाया जाएगा। देश के सभी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के विद्यार्थी अब पिज्जा, समोसा, पकौड़ा, चिप्स, फ्रेंच फाइज, बर्गर खाने से तेल और शुगर की कितनी मात्रा ली, वह जानेंगे।

### हरी सब्जियां व फल खाने के लिए करेंगे प्रेरित

पत्र में कहा गया है कि विद्यार्थियों को हरी सब्जियां और फल खाने के लिए प्रेरित करें। कैंपस में जंक के बजाय पौष्टिक खाद्य पदार्थ मुहैया कराने होंगे। इसमें पोहा, सागुदाना, भूना चना, मखाना, कोर्न, मूंगफली आदि हो सकता है। कोल्ड ड्रिंक के बजाय ताजा जूस, नारियल पानी, नींबू पानी आदि हो सकते हैं। फल, सब्जियां, प्रोटीन और साबुत अनाज जैसे पौष्टिक खाद्य पदार्थों का सेवन आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करता है। वहीं, डिब्बाबंद और शुगर वाले खाद्य पदार्थों में पोषण नहीं होता है। ये वजन बढ़ाते हैं। युवाओं में स्वस्थ आहार संबंधी आदतों को बढ़ावा देना जरूरी है।

### युवाओं को जागरूक करना जरूरी

यूजीसी ने अपने खत में लिखा है कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के रिपोर्ट के अनुसार युवा पीढ़ी खान-पान की गलत आदतों की वजह से टाइप टू डाइबटीज, हाइपरटेंशन, दिल की बीमारी समेत अन्य बीमारियों की चपेट में आ रही है। इनसे बचाव को जागरुकता ही बचाव ऑयल और शुगर बोर्ड में रोजमर्रा खाद्य पदार्थों में छिपे बसा और शुगर के बारे में जानकारी होगी। एक सर्वे के अनुसार, एक गुलाब जामुन में 203 कैलोरी और 32 ग्राम चीनी, डिब्बाबंद जूस में 36 ग्राम चीनी और 171 ग्राम कैरडेरी, चॉकलेट में 240 ग्राम कैलोरी व 25 ग्राम शुगर, पेस्ट्री में 212 ग्राम कैलोरी और 20 ग्राम शुगर, समोसा में 362 अम कैलोरी व 28 ग्राम फैट, कचौड़ी में 147 ग्राम कैलोरी व 10 अम फैट, बर्गर में 590 ग्राम कैलोरी और 20 ग्राम फैट, फ्रेंच फ्राइज में 342 ।

## सीमा पार हथियार तस्करी का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान से जुड़े सीमा पार हथियार तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया।पुलिस ने उनके पास से 18 पिस्तौल और 1,847 कारतूस बरामद किए। पूरे क्रम का पता लगाने, सभी सदस्यों की पहचान करने और पूरे तस्करी नेटवर्क का पर्दाफाश करने के लिए जांच जारी है। डीजीपी ने कहा कि पंजाब को सुरक्षित रखने के लिए पुलिस सीमा पार अपराध और संगठित तस्करी नेटवर्क से लड़ने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## छग के अंतिम गांव पामेड़ सहित 7 पंचायतों को कवर करने वाली बस बंद



- बारिश के चलते व कच्ची सड़क से 15 दिन से पामेड़ की यात्री बस बंद
- पामेड़ क्षेत्र के दर्जन भर गांव टापू बन गया व बीजापुर मुख्यालय से कनेक्ट नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सर्वाधिक नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले का अंतिम छोर जिला मुख्यालय से पामेड़ तक 30 साल बाद यात्री बस शुरू हुई, जिससे ग्रामीणों को तेलंगाना से होते हुए अपने गांव जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी, बल्कि बीजापुर से सीधे पामेड़ पहुंच रहे थे। राज्य के अंतिम गांव पामेड़ सहित सात पंचायतों को कवर करने वाली बस सेवा रही। आवापल्ली, बासागुड़ा, तर्रेम, चिन्नागेल्लूर, गुंडेम, कोंडापल्ली, जीडपल्ली, करवगट्टा और धर्मारम होते हुए पामेड़ पहुंचती थी।



### बारिश में बस चलना मुश्किल

बीजापुर से पामेड़ जाने वाली बस के चालक ने बताया कि बीजापुर से बासागुड़ा तक बस पहुंच रही है। उसके बाद कोंडापल्ली, जिदपल्ली, पामेड़, तर्रेम, चिन्नाबेलूर मार्ग की सड़क कच्ची होने से बारिश में बस चलना मुश्किल है, जहां बस चलने से सड़क में ही बस के पहिए फंसने की संभावना रहती है।

## महिला ठेका श्रमिक से लिखित सहमति के बाद ही नाइट ड्यूटी, सुबह गाड़ी से घर तक छोड़ना होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में अब अगर किसी महिला ठेका श्रमिक से रात्रि पाली की ड्यूटी करवाना, हो तो सबसे पहले उसकी लिखित सहमति लेनी होगी। यही नहीं, ड्यूटी खत्म होने के बाद महिला श्रमिक को सुरक्षा गार्ड के साथ वाहन में बैठाकर उसके घर तक छोड़ना होगा। श्रम विभाग ने ठेका श्रमिक अधिनियम में बदलाव करके ये शर्तें जोड़ी हैं।रात्रि पाली में महिला ठेका कर्मकारों के नियोजन एवं शर्तों संबंधी यह नियम, ठेका श्रम अधिनियम के अंतर्गत काम करने वाले ठेकेदारों पर लागू होगा। रात्रि पाली का मतलब रात 7 बजे से सुबह 6 बजे तक की ड्यूटी होगी। रात्रि पाली में एक अकेली महिला नहीं, बल्कि कम से कम तीन महिलाओं का नियोजन किया जाना आवश्यक होगा।रात्रिपाली में काम करने वाली महिलाओं के लिए अलग से मूत्रालय, शौचालय की सुरक्षित व्यवस्था भी करनी होगा।

दो संदिग्धों को पुलिस हिरासत में लेकर कर रही पूछताछ

सोशल मीडिया में सामाजिक, धार्मिक के साथ राजनीतिक संगठनों ने जताया विरोध

# रायपुर में न्यूड पार्टी...प्रदेशभर में हंगामा पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

इंस्टाग्राम के माध्यम से राजधानी में न्यूड पार्टी आयोजन होने का पोस्टर जारी होने पर बवाल मच गया है। न्यूड पार्टी आयोजित करने पोस्टर जारी करने वालों की पहचान करने पुलिस शनिवार को पूरे दिन परेशान होती रही। इंस्टाग्राम में जिस आईडी से पोस्ट किया गया था, आईडी की पहचान कर पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है, पुलिस जिन दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है, उनके द्वारा न्यूड की जगह पूल पार्टी आयोजित किए जाने की बात सामने आई है। इस लिहाज से न्यूड पार्टी को लेकर पोस्टर जारी करने वालों की अब तक पहचान नहीं हो पाई है। पोस्टर जारी होने पर हिंदू संगठनों के साथ ही राजनीतिक तथा सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने पुलिस से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। सिनफुल राइटर1 की आईडी से इंस्टाग्राम में न्यूड पार्टी का पोस्टर जारी किया गया है। उस आईडी में 483 फॉलोवर्स हैं। सिनफुल राइटर नाम की आईडी में कुल 20 पोस्ट किए गए थे। आईडी शुक्रवार तक एक्टिव थी, दूसरे दिन से आईडी ओपन नहीं हो रही है।

### आयोजन को लेकर विरोध

कांग्रेस नेता कन्हैया अग्रवाल ने ऐसे आयोजनों का खुलकर विरोध किया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया में पोस्ट कर लिखा- "इन आयोजनों को किसका संरक्षण है...? शराब, ड्रग्स परोसने के बाद अब नग्नता परोसने की बारी... 21 सितम्बर का ये आयोजन रायपुर में नहीं होने देंगे। अपने शहर को दागदार नहीं होने देंगे।" बजरंग दल के नेता योगेश सैनी ने ऐसे आयोजनों को लेकर आक्रोष व्यक्त करते हुए कहा कि धर्म संस्कृति की रक्षा करने हाथ जोड़कर समझाने का काम बहुत हो गया।

### सख्ती से निपटने की चेतावनी

*न्यूड पार्टी को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि अभी मुझे इसकी जानकारी नहीं है, लेकिन अगर कोई ऐसा करने का प्रयास करेगा, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा- इस बात की चिंता है कि आज की युवा पीढ़ी क्यों नहीं समझ पा रही है। हमारा देश संतों का देश है, धरती को माता कहते हैं। यहां गंगा-यमुना जैसी पावन नदियां बहती हैं। ऐसे में इस प्रकार का आयोजन नहीं होना चाहिए।*

## राशिफल

**मेष** किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। सन्तान के स्वास्थ्य में सुधार होगा। मानसिक शान्ति रहेगी। शिक्षा में व्यवधान आ सकते हैं।

**वृष** अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी महिला से धन की प्राप्ति हो सकती है। मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव हो सकता है।

**मिथुन** चिकित्सीय खर्च और भवन के मरम्मत पर खर्च बढ़ सकते हैं। वाणी में कठोरता रहेगी। वाणी का प्रभाव भी बढ़ेगा। समाज में मान-सम्मान मिलेगा।

**कर्क** मन में निराशा एवं असन्तोष रहेगा। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**सिंह** न परेशान रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बढ़ सकता है। आत्मविश्वास रहेगा। भवन सुख में वृद्धि हो सकती है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते

**कन्या** शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। आत्मविश्वास बढ़ेगा। मन में शान्ति का प्रभाव रहेगा। धैर्यशीलता में कमी रहेगी।

**तुला** बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। आय के स्रोत भी विकसित होंगे। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। भवन सुख में वृद्धि हो सकती है।

**वृश्चिक** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। कारोबार की स्थिति मजबूत होगी।

**धनु** वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता रहेगी। नौकरी में बदलाव की स्थिति बन रही है। भाई-बहनों का सानिध्य एवं सहयोग मिलेगा।

**मकर** शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कारोबार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। किसी मित्र के सहयोग से किसी सम्पत्ति में निवेश कर सकते हैं।

**कुंभ** नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा। क पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। क्रोध एवं आवेश की अधिकता रहेगी।

**मीन** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार रहेंगे। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे।

# जादुई कलश में डूब गए दो करोड़ रुपए से ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जशपुरनगर

जादुई कलश के नाम पर भोले-भाले ग्रामीणों को करोड़पति बनने का सपना दिखाकर करोड़ों रुपयों की चपत लगाने वाले चार आरोपियों को जशपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ठगों की बनाई हुई रोचक कहानी ने लोगों को इतना भ्रमित कर दिया कि उन्होंने अपनी गाढ़ी कमाई उन्हें सौंप दी। पुलिस ने चारों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है, जबकि दो आरोपी अब भी फरार बताए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार वर्ष 2021 से 2024 तक आरोपियों ने आरपी ग्रुप नामक फर्जी कंपनी बनाई। इस कंपनी के संचालकों ने ग्रामीणों को यह विश्वास दिलाया कि कोरबा जिले के मंडवारानी क्षेत्र में एक जादुई कलश मिला है, जिसे भारत सरकार विदेशों में अरबों रुपये में बेचेगी। कंपनी से जुड़ने वाले हर सदस्य को 1 से 5 करोड़ रुपये तक का मुनाफा मिलेगा। यही नहीं, ग्रामीणों से कहा गया कि विदेशियों को बुलाने, उनकी आवभगत करने और कलश की बिक्री प्रक्रिया के लिए खर्च की जरूरत है। इसी बहाने उनसे सिक्योरिटी मनी और प्रोसेसिंग फीस के नाम पर 25 हजार से लेकर 70 हजार रुपये तक वसूले गए। मामले में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद जशपुर पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू की। पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों ने अब तक करीब 1 करोड़ 94 लाख रुपये की ठगी की है। पुलिस को आशंका है कि रकम और भी ज्यादा हो सकती है, क्योंकि जशपुर, सरगुजा, कोरबा, रायगढ़ और बिलासपुर जिलों के हजारों ग्रामीण इस कंपनी से जुड़े थे।गिरफ्तार आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि उन्हें यह कहानी महेंद्र बहादुर सिंह ठाकुर ने सुनाई थी। ठाकुर ने ही उन्हें कंपनी बनाने और ग्रामीणों से रकम वसूलने का तरीका बताया था। यही आरोपी फिलहाल फरार है, साथ ही उसका एक अन्य साथी भी पुलिस की पकड़ से बाहर है।

### गिरफ्तार आरोपी

*पुलिस ने इस मामले में जिन चार ठगों को पकड़ा है उनमें राजेंद्र कुमार दिव्य (46), निवासी ग्राम जोरहा डबरी, कोरबा- वर्तमान में रायपुर। तुरेंद्र उर्फ मनीष कुमार दिव्य (38), निवासी ग्राम जोरहा डबरी, कोरबा। प्रकाश चंद्र धृतलहरे (40), निवासी ग्राम गोंढीकला, पत्थलगांव, जशपुर। उपेंद्र कुमार सारथी (56), निवासी लीचीरमा, सीतापुर, सरगुजा। पुलिस ने इनके कब्जे से कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज, एक कार और मोबाइल जब्त किया है, जिसकी कीमत लगभग 13 लाख रुपए बताई गई है।*


आवश्यकता

आवश्यकता है- नटराज पैन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें :- 9229187457 (रायपुर /19/सितंम्बर/25)

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## शब्द पहेली - 5989



**बाएँ से दाएँ**
1.लूटमार,डाका-4
5.रपटना -4
9.डोली उठानेवाले-3
10.पुत्र,लड़का-3
12.अधिकार-2
14.नवीन,नया-2
15.एक विदेशी शराब-2
16.कला,हुनर-2
17.मां का प्यार-3
19.दम,बल,जोर-3
21.पपीहा,पपीहरा-3
22.करामात,कारनामा-4
24.शमशीर,कृपाण-4
25.तरंगित,लहरीय-5
26.बोरिया-बिस्तर-4
29.साले की पत्नी-4
33.प्रयास,यत्न-3
34.सहायता,सहयोग-3
36.लीन,तल्लीन-3
37.गहन वन,बुनाई कर्म-2
38.टुकड़ा,कण-2
39.मैं का बहुवचन-2
41.भीगा हुआ-2
42.अंधकार,अंधेरा-3
43.द्रव मापने की इकाई-3
45.प्राचीर,स्तंभ-4
46.बादला,जरबाफ-4

**ऊपर से नीचे**
2.अधिकार-2
3.जगत,दुनिया-3
4. सुनसान शांति,-4
5.आदत-4
6.साजन, बालम-3
7.क्रमबद्धता-2
8.मूर्ख,बेवकूफ-4
11.बुनाई करने वाला-4
13.कटि,मध्यांग-3
16.धार्मिक आज्ञा-3
18.पितामह-2
20.कमर में पहनने वाला आभूषण -5
21.चलने का ढ़ंग-2
23.पिया,साजन-3
24.दया,रहम-3
26.बेमिसाल, अनूठा-4
27.स्वदेश,मातृभूमि-3
28.जनता,आम लोग -2
30.मैं का बहुवचन-2
31.अभिरुचि,तल्लीनता-3
32.जनता की राय-4
34.उपाधि,पदवी-4
35.देहरी,चौखट-4
38.कक्ष,रूम-3
40.बटाणा,काबुली-3
42.स्तर,परत-2
44.ईश्वर,खुदा,भगवान-2

### शब्द पहेली- 5988 का हल



## सूडोकु नवताल- 5999

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5998 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |



# फवाद और वाणी की 'अबीर गुलाल' भारत में हो रही रिलीज

**मुंबई।** फवाद खान और वाणी कपूर की फिल्म 'अबीर गुलाल' पर खूब विवाद हुआ था। विवाद की वजह थी कि इसमें काम करने वाले पाकिस्तानी अभिनेता फवाद खान। बढ़ते विवाद को देखते हुए इस फिल्म को 12 सितंबर को दुनियाभर में रिलीज किया गया है और अब यह फिल्म आखिरकार भारत में रिलीज होने जा रही है। इसी के साथ फिल्म 'अबीर गुलाल' की रिलीज तारीख भी सामने आ गई है। बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट के अनुसार, 'अबीर गुलाल' को 26 सितंबर, 2025 को भारत में रिलीज किया जाएगा। एक सूत्र ने कहा, अबीर गुलाल 12 सितंबर को दुनियाभर में रिलीज हो गई है। इंडियन स्टोरीज लिमिटेड की टीम ने अब इसे भारत में रिलीज करने की योजना बनाई है।

लाइफ Style

# पूजा
## इन फिल्मों से मचाएंगी धमाल

एजेंसी ⏭ मुंबई

अभिनेत्री पूजा हेगड़े साउथ के साथ-साथ बॉलीवुड में भी काम कर रही हैं। साल 2012 में तमिल फिल्म 'मुगामुदी' से उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा था। उसके बाद साउथ की और भी कुछ फिल्मों में काम किया और फिर साल 2016 में ऋतिक रोशन की फिल्म से बॉलीवुड में कदम रखा।

पूजा की जोड़ी अब तक शाहिद कपूर से लेकर सलमान खान तक कई अभिनेताओं के साथ बन चुकी है। पूजा जल्द ही बॉलीवुड फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' में नजर आएंगी। इसका निर्देशन डेविड धवन कर रहे हैं और फिल्म के हीरो हैं वरुण धवन। फिल्म में वरुण की जोड़ी पूजा के साथ बनी हैं और अभिनेत्री मृणाल ठाकुर भी इसमें अहम भूमिका निभा रही हैं। फिल्म में 'बीवी नंबर 1' के हिट गाने 'चुनरी चुनरी' का रिमिक्स भी देखने को मिलेगा। यह फिल्म 10 अप्रैल, 2026 को सिनेमाघरों में आएगी। खबरें थीं कि पूजा को दुलकर सलमान की फिल्म में साइन किया गया है, जो 'लोकाह चैप्टर 1- चंद्रा' की सफलता का जश्न मना रहे हैं और अब निर्माताओं ने भी फिल्म में उनके नाम पर मोहर लगा दी है और पूजा का स्वागत किया है। डीक्यू41' में पूजा, दुलकर की प्रेमिका बनी हैं। फिल्म में पूजा की एंट्री से प्रशंसकों की खुशी का ठिकाना नहीं है। उधर निर्माताओं का पूरा भरोसा है कि दुलकर-पूजा की जोड़ी धमाल मचा देगी। सुपरस्टार थलापति विजय पिछले चार दशकों से सिनेमा पर राज कर रहे हैं। अपनी एक्शन थ्रिलर फिल्मों से विजय ने हमेशा से ही बड़े पर्दे पर तूफान लाया है।




हॉलीवुड मसाला




# चीनी अभिनेता नहीं रहे

**नई दिल्ली।** चीनी गायक, अभिनेता और मॉडल यू मेंगलोंग का निधन हो गया है। उन्होंने 37 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया है। उनकी मौत बीजिंग स्थित एक इमारत से गिरने से हुई है। मेंगलोंग की प्रबंधन टीम ने अभिनेता के निधन की पुष्टि की है। साथ ही पुलिस ने इस घटना में किसी भी आपराधिक तत्वों के शामिल होने से इनकार किया है। टीम ने अपने बयान में लिखा, 'बेहद दुख के साथ हम सूचित करते हैं कि हमारे प्रिय मेंगलोंग की 11 सितंबर को इमारत से गिरकर मृत्यु हो गई।



# 'छम्मक छल्लो' फेम सिंगर एकॉन को बड़ा झटका...

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर गायक एकॉन कुछ दिनों बाद ही अपनी 29वीं शादी सालगिरह मनाने वाले थे। अब उससे पहले ही उनकी पत्नी टोमेका थियम ने तलाक के लिए अर्जी दे दी है। पीपुल डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, थियम ने गायक एकॉन से तलाक मांगते हुए कोर्ट में अर्जी दाखिल की है। उन्होंने अपने सेपरेशन की तारीख को 'टीबीडी' के रूप में अंकित किया है। साथ ही उन्होंने बताया कि दोनों की एक 17 साल की बेटी जर्नी है। थियम ने बेटी जर्नी की जॉइंट कस्टडी की मांग करते हुए अनुरोध किया है कि बेटी उनके साथ ही बनी रहे। हालांकि, एकॉन जब चाहें अपनी बेटी से मिल सकते हैं। उन्होंने अदालत से यह भी अनुरोध किया कि उन्हें गुजारे के लिए आर्थिक सहायता मिले पर एकॉन को किसी तरह की सहायता न दी जाए।



# अनुष्का ने सोशल मीडिया से बनाई दूरी...

**मुंबई।** अभिनेत्री अनुष्का शेट्टी मौजूदा वक्त में फिल्म 'घाटी' को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। उनकी यह फिल्म 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है और यह बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। अब अनुष्का से जुड़ी एक ऐसी खबर सामने आ रही है, जिससे उनके प्रशंसक यकीनन निराश हो जाएंगे। दरअसल, अनुष्का ने सोशल मीडिया से ब्रेक लेने का ऐलान किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक नोट साझा कर इसकी जानकारी दी है। अनुष्का ने लिखा, 'नीली रोशनी को मोमबत्ती की रोशनी में बदल रही हूं... कुछ समय के लिए सोशल मीडिया से दूर रहूंगी। बस दुनिया से फिर से जुड़ने की कोशिश कर रही हूं। स्क्रॉलिंग के अलावा उस जीवन में लौटना चाहती हूं, जहां से हम सबने शुरुआत की थी।




# 'टू मच विद काजोल...' का टीजर जारी

**मुंबई।** ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो के नए टॉक शो 'टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल' की राह दर्शक लंबे समय से देख रहे हैं। खास बात यह है कि इस शो की मेजबानी की जिम्मेदारी काजोल और ट्विंकल खन्ना को सौंपी गई है। अब 'टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल' का टीजर रिलीज हो गया है, जिसमें काजोल और ट्विंकल की झलक दिख रही है। आइए जानें आप यह टॉक शो कब और कहां देख सकते हैं। काजोल और ट्विंकल के टॉक शो 'टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल' का प्रीमियर 25 सितंबर, 2025 से अमेजन प्राइम वीडियो पर होगा। प्राइम वीडियो ने टीजर साझा करते हुए लिखा, 'जब बुद्धि और नटखटपन मिलते हैं, तो नतीजा होता है टू मच। टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल' में फिल्म जगत की जानी-मानी हस्तियां शामिल होंगी।

टीवी मसाला



# 'तारक मेहता..' ने फिर रचा इतिहास, 2 बार गिनीज बुक में भी दर्ज करा चुका नाम

मुंबई। जब भी टीवी के लोकप्रिय धारावाहिकों की बात होती है तो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' का जिक्र जरूर होता है। अपनी शुरुआत से ही से ये दर्शकों की पसंद रहा है। शो को लेकर चाहे कितना ही विवाद क्यों न होता रहे, लेकिन कोई शक नहीं कि इसकी टीम कमाल की है। अब इस शो ने एक और नया रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। ये टीवी की दुनिया का सबसे लंबा चलने वाला भारतीय सिटकॉम बन गया है।

***4,500 एपिसोड से बना सबसे लंबा चलने वाला भारतीय सिटकॉम*** : साल 2008 में शुरू हुआ निर्माता असित मोदी का ये शो पिछले 17 सालों से लगातार दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। शो ने अपने 4,500 एपिसोड पूरे कर लिए हैं। ये उपलब्धि न केवल भारत के सबसे लंबे समय तक चलने वाले सिटकॉम के रूप में शो की विरासत को आगे बढ़ाती है, बल्कि सालों से परिवार को एक साथ लाने वाली संस्कृति को भी और मजबूत करती है। ये शो पीढ़ी दर पीढ़ी दर्शकों को जोड़ रहा है।

***जश्न मनाने साथ आया शो का पूरा परिवार*** : इस खास मौके को यादगार बनाने के लिए 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' का पूरा परिवार उन लोगों को सम्मानित करने के लिए एक साथ आया, जो शुरुआत से ही इस शो का हिस्सा रहे हैं। लेखकों से लेकर तकनीशियन, सेट डिजाइनर और प्रोडक्शन स्टाफ तक, जिन्होंने लगभग दो दशकों तक पर्दे के पीछे इसे शो की लोकप्रियता बरकरार रखने में अपना बड़ा योगदान दिया। असित ने इस खास मौके पर अपने शो की पूरी टीम के साथ केक काटा।

## 'बिग बॉस 19' में हुआ डबल धमाका

**मुंबई।** सलमान खान की मेजबानी वाले रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' के घर में बहस और टकराव का माहौल बना हुआ है। शो में पहले दिन से ही प्रतियोगियों के बीच



ड्रामा, तकरार और दोस्ती का तड़का देखने को मिल रहा है। आने वाले दिनों में इस शो में कई ट्विस्ट और टर्न देखने को मिलने वाले हैं। अब खबर आ रही है कि 'बिग बॉस 19' के घर में डबल एविक्शन हुआ है। 'बिग बॉस' के लाइव अपडेट्स देने वाले पेज पर बताया गया कि नगमा मिराजकर और नतालिया घर से बेघर कर दिया गया है। दोनों प्रतियोगियों को दर्शकों का सबसे कम प्यार मिला, जिसके चलते दोनों को शो से अलविदा कहना पड़ा। आवेज दरबार और मृदुल तिवारी के नाम भी नॉमिनेशन की सूची में शामिल थे। बता दें कि 'बिग बॉस 19' का प्रीमियर जियो हॉटस्टार पर रात 9 बजे और कलर्स टीवी पर रात 10:30 बजे होता है।

# जुनैद और साई की फिल्म 'मेरे रहो' दिसंबर में होगी रिलीज...

**मुंबई।** आमिर खान एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसका नाम है 'मेरे रहो'। आमिर इस फिल्म का निर्माण मंसूर खान के साथ मिलकर करेंगे, वहीं फिल्म के निर्देशन की कमान सुनील पांडे ने संभाली है। 'मेरे रहो' के हीरो आमिर के बेटे जुनैद खान हैं। इसमें उनकी जोड़ी साई पल्लवी के साथ बनी है। यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। अब 'मेरे रहो' की रिलीज तारीख से पर्दा उठ गया है। बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट के अनुसार, 'मेरे रहो' को 12 दिसंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। पहले इस फिल्म का शीर्षक 'एक दिन' रखा गया था। खबर थी कि यह फिल्म 7 नवंबर, 2025 को रिलीज होगी, लेकिन अब नई रिलीज तारीख का ऐलान हो गया है। आमिर और मंसूर की जोड़ी इस फिल्म से 17 साल बाद सिनेमा में वापसी कर रही है। दोनों मिलकर 'मेरे रहो' के प्रोडक्शन का काम संभालेंगे।



## साई की पहली हिंदी फिल्म होगी 'मेरे रहो'

साई इस फिल्म के जरिए बॉलीवुड में कदम रखने वाली हैं। अगर यह फिल्म इसी साल पर्दे पर आती है तो यह साई की पहली हिंदी फिल्म बन जाएगी। इसके बाद उन्हें रणबीर कपूर के साथ हिंदी फिल्म 'रामायणः पार्ट 1' में देखा जाएगा। यह फिल्म 2 भागों में रिलीज होगी। फिल्म का भाग दिवाली, 2026 में रिलीज किया जाएगा, वहीं फिल्म का दूसरा भाग ठीक एक बाद यानी 2027 में दिवाली के मौके पर ही दर्शकों के बीच आएगा।

# 71वां राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार का आयोजन 23 को, शाहरुख समेत ये सितारे होंगे शामिल

*मुंबई। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों को लेकर सिनेमा प्रेमियों के बीच एक अलग ही उत्साह देखने को मिलता है। हर साल देश के चुनिंदा बेहतरीन कलाकारों को ये पुरस्कार दिया जाता है। 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के विजेताओं की घोषणा 1 अगस्त को हुई थी। इस साल शाहरुख खान से लेकर रानी मुखर्जी और विक्रांत मैसी जैसे कलाकारों ने ये पुरस्कार अपने नाम किया है। आइए जानें आखिर 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार का आयोजन कब और कहां होने वाला है।*



## शाहरुख और विक्रांत बने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता

शाहरुख ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार अपने नाम किया है। उन्हें उनकी ब्लॉकबस्टर फिल्म 'जवान' के लिए यह पुरस्कार मिला है। खास बात यह है कि 33 साल के लंबे करियर में यह शाहरुख का पहला राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार है। विक्रांत को भी उनकी सुपरहिट फिल्म '12वीं फेल'(2023) के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला है। उधर रानी को फिल्म 'मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार देने का ऐलान किया गया है।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पुरस्कार प्रदान करेंगी

बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट के अनुसार, 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार का आयोजन 23 सितंबर, 2025 को शाम 4 बजे होगा। हमेशा की तरह इस साल भी यह कार्यक्रम नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित किया जाएगा। शाहरुख, विक्रांत, रानी मुखर्जी, करण जौहर, विधु विनोद चोपड़ा, सुदीप्तो सेन, जानकी बोदीवाला, शिल्पा राव, वैभवी मर्चेंट और अन्य सितारे इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। सभी हस्तियों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पुरस्कार प्रदान करेंगी।

## 'हनु-मान' फिल्म को आमजन तक पहुंचाकर देशभर के दर्शकों से खूब वाहवाही लूटी

# 'मिराई' से धमाकेदार वापसी करने वाले तेजा सज्जा कौन हैं?

***मुंबई।*** *साउथ के अभिनेता तेजा सज्जा की 40 करोड़ रुपये के बजट में बनी फिल्म 'हनु-मान' ने 350 करोड़ रुपये कमाकर बॉक्स ऑफिस पर तूफान उठा दिया था। अब ऐसा ही तहलका मचा रही है तेजा की कम बजट में बनी शानदार वीएफएक्स वाली 'मिराई', जिसे देख लोग कह रहे हैं कि इसके टिकट पर खर्च किया गया एक-एक पैसा वसूल हो जाएगा। उधर फिल्म की जान तेजा के तो कहने ही क्या।*



## दो साल की उम्र में पहली बार की एक्टिंग

तेजा तेलुगू सिनेमा से जुड़े हुए हैं। 1995 में हैदराबाद में जन्में अभिनेता ने वहीं से पढ़ाई पूरी की है। नन्ही उम्र में ही उन्होंने अभिनय जगत में कदम रख दिया था। चिरंजीवी की फिल्म 'चूडालानी' से तेजा ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी और उस वक्त उनकी उम्र महज 2 साल थी। उन्होंने कई सफल फिल्मों में अभिनय किया, जिनमें से ज्यादातर का निर्माण सी. अश्विनी दत्त द्वारा वैजयंती मूवीज के बैनर तले हुआ था।

## बतौर लीड हीरो ये थी पहली फिल्म

30 साल के तेजा दर्जनों तेलुगू फिल्मों का हिस्सा रह चुके हैं। हालांकि, साल 2021 में उन्हें लीड रोल वाली फिल्म मिली थी। फिल्म का नाम 'जॉम्बी रेड्डी' था। इसका निदेशन प्रशांत वर्मा ने किया था। हालांकि, इसके बाद भी उन्हें कई फिल्मों में देखा गया, लेकिन साल 2024 में आई उनकी फिल्म 'हनु-मान' उनके करियर के लिए मील का पत्थर साबित हुई, जिसने आते ही बॉक्स ऑफिस पर सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए और ये ब्लॉकबस्टर साबित हुई।

## क्या 'हनु-मान' से बड़ा धमाका करेगी 'मिराई'?

अब तेजा की फिल्म 'मिराई' को देख बिल्कुल वैसा ही माहौल देखने को मिल रहा है, जैसा 'हनु-मान' के समय मिला था। चर्चा है कि ये पहले दिन की कमाई के मामले में 'हनु-मान' को भी पीछे छोड़ देगी। फिल्म में दानव और भगवान की लड़ाई दिखाई गई है। समीक्षकों और दर्शकों ने कहानी के साथ-साथ इसके वीएफएक्स को भी जबरदस्त बताया है। इसने एक बार फिर दर्शकों को राम नाम के जयकारे लगाने पर मजबूर कर दिया है।

## *बॉक्स ऑफिस पर खूब गरजी थी तेजा की 'हनु-मान'*

*दक्षिण भारतीय सिनेमा की फिल्म 'हनु-मान' के रिलीज से पहले तक कोई हवा नहीं थी, लेकिन जब फिल्म रिलीज हुई तो लोगों ने इसे जमकर पसंद किया। यही कारण है कि 40 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने 350 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर इतिहास रच दिया था। फिल्म के निर्देशक प्रशांत वर्मा ने अपनी कला का जादू दिखाया और इस फिल्म को आम जन तक पहुंचाकर देशभर के दर्शकों से खूब वाहवाही लूटी।*

# बांग्लादेश पर जीत के बाद उत्साहित श्रीलंका, हांगकांग पर फतह दर्ज करने उतरेगी टीम

एजेंसी ⏭ दुबई

अपने पहले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ शानदार जीत से उत्साहित श्रीलंका की टीम हांगकांग के खिलाफ सोमवार को होने वाले एशिया कप टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के मैच में बड़ी जीत दर्ज करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। पिछली बार जब एशिया कप टी20 प्रारुप में खेला गया था तब श्रीलंका चैंपियन बना था। उसने बांग्लादेश के खिलाफ हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करके अपनी विरोधी टीमों को उससे सतर्क रहने का स्पष्ट संकेत दिया। श्रीलंका का मुकाबला अब हांगकांग से होगा, जो लगातार दो मैच हार चुका है और उसके बल्लेबाजों को अपने से अधिक अनुभवी प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

■ एशिया कप: आज भिड़ेंगी दोनों टीमें, रात 8 बजे से मुकाबला

### स्पिनर हसरंगा से पार पाना मुश्किल

नुवान तुषारा और दुष्मंथा चमीरा की तेज गेंदबाजी जोड़ी हांगकांग के कमजोर शीर्ष क्रम के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करना चाहेगी। अगर यासिम मुर्तजा की अगुवाई वाली हांगकांग की टीम पावरप्ले में इनसे निपटने में कामयाब रहती है, तो इसके बाद उनके लिए स्पिनर वानिन्दु हसरंगा से पार पाना और भी मुश्किल साबित हो सकता है। हसरंगा स्टंप्स को निशाना बनाकर बल्लेबाजों को गुगली से चकमा दे सकते हैं।




### निसांका, मेंडिस हो सकते हैं विध्वंसक साबित

बल्लेबाजी में, श्रीलंका के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज पथुम निसांका, कुसल मेंडिस और कामिल विध्वंसक साबित हो सकते हैं। मुर्तजा हांगकांग की टीम के कुछ चुनिंदा बाउंड्री हिटर्स में से एक हैं। वह जानते हैं कि उनके बल्लेबाजों को कहां सुधार करने की जरूरत है। बांग्लादेश से हार के बाद मुर्तजा ने कहा, ' मैं बल्लेबाजों के प्रदर्शन से खुश हूं लेकिन अगर उनमें से कोई बड़ा स्कोर बनाता तो मुझे और भी खुशी होती। मुझे लगता है कि हम जानते हैं कि हमें किस चीज पर काम करना है, उम्मीद है कि अगली बार हम बेहतर प्रदर्शन करेंगे।' हांगकांग के सलामी बल्लेबाज जीशान अली और अंशुमान रथ अब तक निराशाजनक प्रदर्शन कर रहे हैं और अगर उनकी टीम को बेहतर प्रदर्शन करना है तो उन्हें पावरप्ले में रन बनाने होंगे।

### टीमें

**श्रीलंका:** चैरिथ असलांका (कप्तान), पथुम निसांका, कुसल मेंडिस, कुसल परेरा, नुवानीदु फर्नांडो, कामिंडु मेंडिस, कामिल मिशारा, दासुन शनाका, वानिन्दु हसरंगा, डुनिथ वेललागे, चमिका करुणारत्ने, महीश थीक्षाना, दुशमंथा चमीरा, बिनुरा फर्नांडो, नुवान तुषारा, मथीशा पथिराना।

**हांगकांग:** यासिम मुर्तजा (कप्तान), बाबर हयात, जीशान अली, निजाकत खान, नसरुल्ला राणा, मार्टिन कोएट्जी, अंशुमन रथ, कल्हण चल्लू, आयुष शुक्ला, ऐजाज खान, अतीक इकबाल, किंचित शाह, आदिल महमूद, हारुन अरशद, अली हसन, शाहिद वासिफ, मोहम्मद गजनफर, मोहम्मद वहीद, अनस खान, एहसान खान।

## खबर संक्षेप



### एशिया कप: खाता खोलने भिड़ेंगे यूएई और ओमान

**अबुधाबी।** मेजबान संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) सोमवार को एशिया कप टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप ए मुकाबले में जब पहली बार इस प्रतियोगिता में खेल रहे ओमान से भिड़ेगा तो उसकी कोशिश भारत से मिली हार को भुलाकर मैच जीतने की होगी। इन दोनों टीमों को अपने पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा था और उनका लक्ष्य इस मैच में जीत हासिल करके अपना खाता खोलना होगा। दूसरी बार एशिया कप में खेल रही यूएई की टीम अपने पहले मैच में 13.1 ओवर में मात्र 57 रन पर ढेर हो गई और भारत ने अपनी सबसे तेज टी-20 जीत दर्ज की। ओमान का प्रदर्शन भी कुछ बेहतर नहीं रहा।

### मिस्र ओपन: दूसरे दौर में हारे अभय



**नई दिल्ली।** कई बार के राष्ट्रीय चैंपियन अभय सिंह अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखने में नाकाम रहे और गीजा में चल रही 366,000 अमेरिकी डॉलर इनामी पीएसए वर्ल्ड टूर डायमंड स्क्वाश प्रतियोगिता मिस्र ओपन के राउंड ऑफ 32 में दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी यूसुफ इब्राहिम से हार गए। दुनिया के 38वें नंबर के खिलाड़ी अभय ने पहले दौर में दुनिया के 17वें नंबर के फ्रांसीसी खिलाड़ी ग्रेगोइरे मार्चे को हराया था। लेकिन वह अपना यह प्रदर्शन आगे जारी नहीं रख पाए और मुकाबले में मिस्र के खिलाड़ी से 40 मिनट में 4-11, 10-12, 11-5, 7-11 से हार गए।

### भारतीय दल को झटका वजन अधिक पाए जाने पर सहरावत अयोग्य घोषित

**नई दिल्ली।** विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भाग ले रही भारतीय टीम को रविवार को तब करारा झटका लगा जब ओलंपिक पदक विजेता अमन सहरावत को अधिक वजन पाए जाने के बाद जाग्रेब में चल रही प्रतियोगिता से अयोग्य घोषित कर दिया गया। पिछले वर्ष पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले अमन का वजन पुरुषों की फ्रीस्टाइल 57 किग्रा स्पर्धा से पहले वजन के दौरान 1.7 किग्रा अधिक पाया गया।

### मैं सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश कर रहा हूं



**बेंगलुरु।** चेतेश्वर पुजारा को शून्य पर आउट करने से लेकर नेट्स पर विराट कोहली को गेंदबाजी करने तक, गुरजपनीत सिंह पिछले साल अगले स्तर की चुनौती के लिए तैयार थे लेकिन ग्रोइन की चोट ने बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज को मैदान से दूर कर दिया। इस चोट के कारण उन्हें चेन्नई सुपरकिंग्स के साथ आईपीएल 2025 सत्र से हटना पड़ा और उनकी जगह डेवाल्ड ब्रेविस ने ली। लेकिन अब धीरे-धीरे गुरजपनीत का करियर पटरी पर लौट रहा है, जिसका सबूत दलीप ट्रॉफी में दक्षिण क्षेत्र के लिए दो पारियों में लिए गए आठ विकेट हैं।

## टीम इंडिया ने आसानी से 15.5 ओवर में तीन विकेट पर बनाए 131 रन

# भारत के तूफान में उड़ा पाकिस्तान, सूर्या ब्रिगेड ने एकतरफा मुकाबले में सात विकेट से रौंदा



कुलदीप यादव गेंदबाजी
04 ओवर
18 रन
03 विकेट

एजेंसी ⏭ दुबई

एशिया कप 2025 के महामुकाबले में टीम इंडिया ने पाकिस्तान पर अपने दबदबे को बनाये रखा और सात विकेट से आसानी से हराया। भारत के सामने पाकिस्तान की टीम जैसे तैसे 127 रन बना ही सके थी। इसके जवाब में भारत के लिए अभिषेक शर्मा (31) और बाद में सूर्यकुमार यादव(47 रन नाबाद) ने पाकिस्तानी गेंदबाजी की कमर तोड़ते हुए भारत को 15.5 ओवर में ही जीत दिलाई। टीम इंडिया के लिए पिछले मैच में चार विकेट लेने वाले कुलदीप यादव ने पाकिस्तान के खिलाफ तीन विकेट लेकर जीत की नींव रखी। इससे टीम इंडिया ने यूएई और पाकिस्तान पर जीत के साथ एशिया कप के सुपर-4 स्टेज में जगह बना ली है। अब भारत का ओमान से सामना 19 सितंबर को होगा।



### अभिषेक और सूर्यकुमार के तूफानी पारी

वहीं 128 रन के जवाब में भारत के लिए अभिषेक शर्मा ने पहली गेंद पर चौका तो दूसरी गेंद पर शाहीन को छक्का लगाया। लेकिन दूसरे छोर से शुभमन गिल सात गेंद में 10 रन बनाकर चलते बने। जबकि बाद में अभिषेक शर्मा भी 13 गेंद में चार चौके और दो छक्के से 31 रन बनाकर साइम अयूब का शिकार बने। लेकिन तिलक वर्मा और सूर्यकुमार यादव ने फिर मोर्चा संभाला। तभी जीत के करीब तिलक वर्मा 31 गेंद में दो चौके और एक छक्के से 31 रन बनाकर चलते बने। वहीं अंत तक कप्तान सूर्यकुमार यादव नाबाद रहे और उन्होंने 37 गेंद में पांच चौके और एक छक्के से 47 रन बनाए तो शिवम दुबे भी 7 गेंद में एक छक्के से 10 रन बनाकर नाबाद लौटे। इससे टीम इंडिया ने आसानी से 15.5 ओवर में तीन विकेट पर 131 रन बनाकर सात विकेट से जीत को अपने नाम किया।



### शाहीन की बैटिंग से 100 के पार पहुंचा पाकिस्तान

45 पर तीन विकेट खोने वाल पाकिस्तान के लिए फिर बल्लेबाज पवेलियन से आते-जाते नजर आए और इसका आलम ये रहा कि 97 रन के टोटल तक आठ विकेट गिर चुके थे। इसमें ओपनर फरहान ने 44 गेंद में एक चौके और तीन छक्के से 40 रन बनाए। जबकि अंत में शाहीन अफरीदी ने ताबड़तोड़ छक्के बरसाते हुए 16 गेंद में चार छक्के से 33 रन बनाए। इससे पाकिस्तान की टीम ने नौ विकेट पर 127 रन बनाए। भारत के लिए गेंदबाजी में सबसे अधिक तीन विकेट कुलदीप यादव ने झटके।

### स्कोर बोर्ड

| पाकिस्तान | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अयूब का बुमराह बो पंड्या | 0 | 1 | 0 | 0 |
| फरहान का पंड्या बो कुलदीप | 40 | 44 | 1 | 3 |
| हारिस का पंड्या बो बुमराह | 3 | 5 | 0 | 0 |
| फखर जमां का वर्मा बो पटेल | 17 | 15 | 3 | 0 |
| आगा का अभिषेक बो पटेल | 3 | 12 | 0 | 0 |
| हसन नवाज का पटेल बो कुलदीप | 5 | 7 | 0 | 0 |
| मोहम्मद नवाज पगबाधा बो कुलदीप | 0 | 1 | 0 | 0 |
| अशरफ पगबाधा बो वरुण | 11 | 14 | 1 | 0 |
| शाहीन शाह अफरीदी नाबाद | 33 | 16 | 0 | 4 |
| मुकीम बो बुमराह | 10 | 6 | 0 | 2 |
| अहमद नाबाद | 0 | 5 | 0 | 0 |
| अतिरिक्त : पांच रन | | | | |
| योग : 20 ओवर में नौ विकेट पर 127 रन | | | | |
| **भारत** | **रन** | **गेंद** | **4** | **6** |
| अभिषेक का अशरफ बो अयूब | 31 | 13 | 4 | 2 |
| गिल का हारिस बो अयूब | 10 | 7 | 2 | 0 |
| सूर्यकुमार नाबाद | 47 | 37 | 5 | 1 |
| तिलक वर्मा बो अयूब | 31 | 31 | 2 | 1 |
| शिवम दुबे नाबाद | 10 | 7 | 0 | 1 |
| अतिरिक्त : दो रन | | | | |
| योग :15 . 5 ओवर में तीन विकेट पर 131 रन | | | | |

### हार्दिक ने हासिल की उपलब्धि

भारत से पहले ओवर गेंदबाजी करने आए हार्दिक पांड्या ने अहम उपलब्धि हासिल की। उन्होंने पहली गेंद पर विपक्षी सलामी बल्लेबाज सैम अयूब (0) को जसप्रीत बुमराह के हाथों कैच आउट कराया। वह अब पहली वैध गेंद पर विकेट लेने वाले सिर्फ दूसरे भारतीय गेंदबाज बने गए उनसे पहले अर्शदीप सिंह ने ऐसा कारनामा किया था। उन्होंने पिछले साल अमेरिका के खिलाफ शायन जहांगीर का विकेट चटकाया था। पांड्या ने आज 34 रन देते हुए 1 विकेट लिया।

### एशिया कप में फिलहाल सर्वाधिक विकेट वाले गेंदबाज कुलदीप

एशिया कप 2025 के अपने पहले मैच में यूएई क्रिकेट टीम के खिलाफ कुलदीप ने 7 रन देते हुए 4 विकेट लिए थे। उन्होंने इस टूर्नामेंट में फिलहाल 2 मैचों में 7 विकेट ले लिए हैं। इसके साथ ही वह फिलहाल इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।

### पाकिस्तान ने बनाया भारत के खिलाफ अपना तीसरा सबसे छोटा स्कोर

पाकिस्तान की टीम ने भारत के खिलाफ टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना तीसरा (127/9) सबसे छोटा स्कोर बनाया। उनका सबसे छोटा स्कोर 83 रन है। साल 2016 में टीम 17.3 ओवर में 83 रन पर ऑलआउट हुई थी। साल 2024 में पाकिस्तान की टीम 20 ओवर में 113/7 रन ही बना पाई थी। भारतीय टीम का पाकिस्तान के खिलाफ सबसे छोटा टी-20 अंतरराष्ट्रीय स्कोर 119 रन है। ये 2024 के विश्व कप में आया था।

हांगकांग ओपन

## पहला गेम जीतने के बावजूद खिताब से चूके सात्विक-चिराग



एजेंसी ⏭ हांगकांग

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी को रविवार को हांगकांग ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में चीन के ओलंपिक रजत पदक विजेता लियांग वेई केंग और वैंग चैंग के खिलाफ हार से उप विजेता बनकर संतोष करना पड़ा। पिछले महीने लगातार दूसरी बार विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली दुनिया की नौवें नंबर की भारतीय जोड़ी को पहला गेम जीतने के बावजूद 61 मिनट तक चले संघर्षपूर्ण फाइनल में चीन की दुनिया की छठे नंबर की जोड़ी के खिलाफ 21-19 14-21 17-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

### लय बरकरार रखने में रहे नाकाम

सात्विक और चिराग ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहला गेम जीता लेकिन इस लय को बरकरार रखने में नाकाम रहे और निर्णायक गेम में 2-11 से पिछड़ने के बाद उनकी हार लगभग तय हो गई थी। चिराग ने कहा, ''मुझे लगता है कि शटल थोड़ी तेज आ रही थी। उन्होंने शुरुआती चार-पांच स्ट्रोक में हम पर काफी दबाव डाला क्योंकि वह काफी अच्छी तरह रिटर्न कर रहे थे।'' उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि दूसरे और तीसरे गेम में हम बेहतर योजना बना सकते थे। पहले गेम में हमने काफी अच्छी तरह सामना किया लेकिन दूसरे और तीसरे गेम में हम ऐसा नहीं कर पाए।' शुरुआती गेम में दोनों जोड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली।

### अगली बार मिलेगा मौका

चिराग ने कहा, 'यह हफ्ता अच्छा रहा, विशेषकर विश्व चैंपियनशिप के एक हफ्ते बाद और अब हम फाइनल खेल रहे थे।' उन्होंने कहा, 'आप खिताब जीतना चाहते हैं लेकिन उन्हें श्रेय जाता है, वे भी अच्छा खेले। अगली बार भी मौका मिलेगा और कुल मिलाकर मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं।' थाईलैंड ओपन जीतने के बाद भारतीय जोड़ी 16 महीनों में पहली बार फाइनल में खेल रही थी और इस हार के साथ सुपर 500 फाइनल में इस जोड़ी का परफेक्ट रिकॉर्ड भी टूट गया।

## विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप

**टोकियो।** जापान की राजधानी टोकियो में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप चल रही है। टूर्नामेंट में जमैका के ओब्लिक सेविले (7) ने पुरुषों की 100 मीटर फाइनल मुकाबला जीता।




## विश्व कप में मेघना ने जीता पहला पदक, पांचवीं पोजीशन पर भारत

एजेंसी ⏭ निंगबो

मेघना सज्जनार ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में कांस्य पदक के साथ विश्व कप में अपना पहला पदक जीता, जिससे भारत ने सत्र के अंतिम आईएसएसएफ विश्व कप (राइफल/पिस्टल) में पांचवें स्थान पर रहकर अपने अभियान का अंत किया।



मेघना ने फाइनल में 230.0 का स्कोर बनाकर कांस्य पदक जीता। इस स्पर्धा में चीन की उभरती हुई स्टार पेंग शिनलू का दबदबा रहा, जिन्होंने 255.3 के स्कोर के साथ हमवतन वांग ज़िफ़ेई के 254.8 के स्कोर का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा। नॉर्वे की जेनेट हेग डुएस्टैड ने रजत पदक जीता। शनिवार को ईशा सिंह ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया था।

### जाधव ने 590 अंक हासिल कर फाइनल में बनाई जगह

भारत के एक अन्य खिलाड़ी किरण अंकुश जाधव ने पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन क्वालीफिकेशन राउंड में 590 अंक हासिल कर चौथा स्थान हासिल करके फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में हालांकि, पहले नीलिंग पोजीशन और फिर दूसरे प्रोन पोजीशन में उनकी शुरुआत बेहद खराब रही, जिसके कारण वे 40 शॉट के बाद 406.7 स्कोर के साथ आठवें स्थान पर रहे। भारत के अन्य खिलाड़ियों में पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता स्वप्निल कुसाले ने 587 अंक बनाकर कुल 21वां और पदक दावेदारों में 19वां स्थान हासिल किया। बाबू सिंह पंवार 583 अंक के साथ उनसे पीछे रहे।

## दलीप ट्रॉफी : 11 साल में पहली बार मध्य क्षेत्र खिताब के करीब

**बेंगलुरु।** दक्षिण क्षेत्र के अंकित शर्मा और आंद्रे सिद्धार्थ ने रक्षात्मक बल्लेबाजी का बेहतरीन नमूना पेश किया लेकिन मध्य क्षेत्र 11 साल में पहली बार दलीप ट्रॉफी खिताब जीतने के करीब है, जिसे पांचवें और आखिरी दिन जीत के लिए सिर्फ 65 रन की जरुरत है। अपने कल के स्कोर दो विकेट पर 129 रन से आगे खेलते हुए दक्षिण ने पहले सत्र में 120 रन जोड़े लेकिन चार विकेट भी गंवाए। उसकी दूसरी पारी 426 रन पर खत्म हो गई। मध्य के लिए स्पिनर कुमार कार्तिकेय और सारांश जैन ने मिलकर सात विकेट चटकाए। दक्षिण क्षेत्र के पास सिर्फ 64 रन की बढ़त है और पांचवें दिन मध्य क्षेत्र के लिए जीत बस औपचारिकता मात्र लग रही है।



## एशियाई कप क्वालीफायर: खिलाड़ियों का ऐलान, छेत्री को मिली जगह

■ राष्ट्रीय टीम का तैयारी शिविर 20 सितंबर से बेंगलुरु में शुरू

■ टीम सिंगापुर के खिलाफ नौ अक्टूबर को राष्ट्रीय स्टेडियम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय टीम के सीएएफए नेशंस कप में तीसरे स्थान पर रहने के बाद राष्ट्रीय पुरुष फुटबॉल टीम के मुख्य कोच खालिद जमील ने सिंगापुर के खिलाफ एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर के लिए 30 सदस्यीय संभावित टीम की घोषणा की, जिसमें करिश्माई खिलाड़ी सुनील छेत्री को भी जगह मिली है।

राष्ट्रीय टीम का तैयारी शिविर 20 सितंबर से बेंगलुरु में शुरू होगा और टीम एक दिन पहले शहर में एकत्रित होगी। संभावित खिलाड़ियों के बीच जगह बनाने वाले मोहन बागान एसजी और एफसी गोवा के खिलाड़ियों को एएफसी चैंपियंस लीग दो के उनकी टीम के मैच खत्म होने के बाद शिविर से जोड़ा जाएगा। इनके अलावा पांच खिलाड़ियों को स्टैंडबाई पर रखा गया है लेकिन उनके नामों की घोषणा बाद में की जाएगी। इसमें दो अंडर-23 पुरुष राष्ट्रीय टीम से और तीन सीनियर खिलाड़ी हैं। इस



शिविर का उद्देश्य सीनियर राष्ट्रीय टीम को 2027 एशियाई कप क्वालीफायर के ग्रुप सी में अंतिम दौर के मुकाबलों के लिए तैयारी में मदद करना है। टीम सिंगापुर के खिलाफ नौ अक्टूबर को राष्ट्रीय स्टेडियम और 14 अक्टूबर को गोवा के मडगांव स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में दो मैच खेलेगी। इन दोनों मुकाबलों के लिए अंतिम टीम का चयन संभावित खिलाड़ियों में से किया जाएगा।

हाईवे पर लापरवाही...

100 लीटर डीजल और वाहन जब्त
आरोपी पर कई धाराओं में मामला दर्ज

# बुलेरो में ड्रम से डीजल निकालते युवक को पुलिस ने रंगे हाथ पकड़ा

हरिभूमि, जबलपुर।

**बरगी थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को हाईवे किनारे बोलेरो वाहन से ड्रम में भरे डीजल को लापरवाहीपूर्वक निकालते रंगे हाथ पकड़ लिया। मौके से 100 लीटर डीजल और बोलेरो वाहन जब्त कर आरोपी पर गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है।**




## ढाबे के पास संदिग्ध गतिविधि

टीआई जितेन्द्र पाटकर ने जानकारी दी कि शनिवार रात गश्त के दौरान ग्राम मानेगांव मेन रोड स्थित ढाबे के पास बोलेरो क्रमांक एमपी 20 जीबी 2378 खड़ी मिली। वाहन में रखे ड्रम से एक युवक पीली पाइप लगाकर डीजल निकाल रहा था। पास ही 5 लीटर का डिब्बा भी रखा हुआ था। पुलिस ने जब युवक से पूछताछ की तो उसने अपना नाम 27 वर्षीय बलराम रजक निवासी ग्राम लोढ़ी पिपरिया बरगी बताया। जांच में पाया गया कि ड्रम में लगभग 100 लीटर डीजल भरा हुआ था। आरोपी खुलेआम हाईवे किनारे खतरनाक तरीके से डीजल निकाल रहा था, जिससे आग लगने की पूरी संभावना थी।

## विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज

पुलिस ने मौके से डीजल और बोलेरो वाहन जब्त कर आरोपी बलराम रजक के खिलाफ ईसी एक्ट तथा मोटरयान अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि इस तरह की गतिविधियां सार्वजनिक सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं और इन्हें किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## इनकी की रही सराहनीय भूमिका

आरोपी को रंगे हाथ पकड़ने में प्रधान आरक्षक उदय सिंह उइके, प्रधान आरक्षक विजय पटैल, आरक्षक दारा सिंह और मुकेश गुप्ता की सराहनीय भूमिका रही। टीम की सतर्कता और तत्परता से बड़ी दुर्घटना टल गई।

# मासूम बालिका पर आवारा शवानों के हमले में आयोग ने लिया संज्ञान

**जबलपुर।** जिले की तहसील पाटन स्थित साहू कॉलोनी में गत दिनों एक 6 वर्षीय बच्ची पर दो स्ट्रीट डॉग्स द्वारा हमला करने का मामला सामने आया है। मासूम बालिका कविता दुकान से सामान लेकर लौट रही थी, तभी आवारा कुत्तों ने हमलाकर उसे गिराकर 2-3 मिनट तक नोंच-नोंचकर काटा, जिससे बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई और चीखती चिल्लाती रही, बाद में क्षेत्रीय लोगों ने पत्थर मारकर कुत्तों को भगाया। घटना के बाद मासूम की मां अहिल्याबाई ने गंभीर हालत में बच्ची को पाटन स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर प्राथमिक उपचार दिलाया, जहां से उसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मप्र मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के आधार पर मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग की मुख्य पीठ भोपाल में प्रकरण पर सुनवाई करते हुये, कार्यवाहक अध्यक्ष राजीव कुमार टण्डन की एकलपीठ ने जनहित में प्रथम दृष्ट्या मानव अधिकारों के हनन का मामला मानकर, जबलपुर के कलेक्टर एवं सीएमएचओ को निर्देशित किया है कि ऐसे प्रयास किये जाये कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। साथ ही उक्त मामले की जांच कराकर, घायल के इलाज के संबंध में की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन एक माह में मांगा है।

*माढ़ोताल थाना क्षेत्र का दिल दहला देने वाला हत्याकांड, आरोपी बेटा अमरजीत रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार*

# पिता की नसीहत बेटे को लगी भारी हथौड़े और चाकू से की निर्मम हत्या

हरिभूमि, जबलपुर।

संस्कारधानी जबलपुर को झकझोर देने वाली वारदात ने हर किसी का दिल दहला दिया है। माढ़ोताल थाना क्षेत्र में शुक्रवार- शनिवार की दरमियानी रात प्रवचनकर्ता 55 वर्षीय अजीत सिंह की उनके ही इकलौते बेटे अमरजीत सिंह ने बेरहमी से हत्या कर दी। वजह जानकर समाज स्तब्ध है पिता ने बेटे को काम पर जाने और जिम्मेदारियां निभाने की नसीहत क्या दे दी, बेटा



इतना बिफर पड़ा कि उसने निर्दयता की सारी हदें पार कर दीं।

## फरार आरोपी रेलवे स्टेशन से दबोचा गया

हत्या के बाद अमरजीत शहर छोड़ने की फिराक में था। वह जबलपुर रेलवे स्टेशन पहुंचा और बाहर जाने के लिए ट्रेन तलाश रहा था। इसी दौरान पुलिस ने दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त हथौड़ा और चाकू भी बरामद कर लिए हैं।

## पहले हथौड़े मारा फिर फिर चाकू से रेता गला

पुलिस जांच में सामने आया है कि घटना वाले शुक्रवार शाम पिता अजीत सिंह ने बेटे अमरजीत को समझाया कि उसे जीवन में कामकाज करना चाहिए, आलस छोड़ना चाहिए। यह बात अमरजीत को इतनी नागवार गुजरी कि उसने गुस्से में आकर पहले हथौड़े से पिता के सिर पर जोरदार वार किया। अजीत सिंह लहूलुहान होकर गिर पड़े, लेकिन आरोपी यहीं नहीं रुका। उसने चाकू उठाया और बेरहमी से पिता का गला काटकर उनकी हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी शव को कमरे में ही छोड़ फरार हो गया।

## धार्मिक समाज में गहरा सदमा

अजीत सिंह लंबे समय से सिख समाज में प्रवचन देकर लोगों को धार्मिक और नैतिक मूल्यों का संदेश देते आ रहे थे। उनकी वाणी से प्रभावित होकर सैकड़ों लोग जीवन में सकारात्मक बदलाव लाते रहे। ऐसे सम्मानित और शांत स्वभाव व्यक्ति की अपने ही बेटे के हाथों निर्मम हत्या की खबर से पूरे धार्मिक समाज में आक्रोश और गहरा शोक है। लोग विश्वास नहीं कर पा रहे कि जिस बेटे को पिता ने संस्कार और जीवन मूल्य सिखाए, उसी ने रूह कंपा देने वाला अपराध कर दिया।

# अतिक्रमण के कारण ट्रांसमिशन लाइन के निर्माण में लग रहा है समय

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा शहर की विद्युत व्यवस्था को मजबूत और विश्वसनीय बनाने 132 के व्ही नयागाँव– व्हीकल फैक्ट्री - विनोबा भावे लाइन को डबल सर्किट में बदला जा रहा है। इसके लिए नए ट्रांसमिशन टावर लगाए जा रहे हैं और करीब पाँच किलोमीटर नई 132 के व्ही ट्रांसमिशन लाइन खींची जा रही है। एम पी ट्रांसको के मुख्य अभियंता राजेश द्विवेदी ने बताया कि यह महत्वपूर्ण कार्य चांदमारी, आधारताल औद्योगिक क्षेत्र, कंचनपुर, हनुमान टेकरी आदि क्षेत्रों मे जारी है। यह क्षेत्र घनी आबादी वाला है और लाइन के मार्ग में अनेक अतिक्रमण हैं। जिसके कारण सुरक्षा और सतर्कता नियमों का पालन करते हुए कार्य करना कठिन और बेहद चुनौती पूर्ण है, इसके बावजूद इसके



एक सप्ताह में पूरा होने की संभावना है। श्री द्विवेदी ने बताया कि एम पी ट्रांसको की टीमें अलग अलग लोकेशन पर युद्ध स्तर पर कार्य कर रहीं हैं ताकि कार्य निर्धारित अवधि मे पूरा किया जा सके।

कॉम्बिंग गश्त कार्रवाई में बदमाशों पर पुलिस का शिकंजा, अवैध हथियार सहित चार आरोपी भी दबोचे

# 284 वारंट तामील, 30 शराब कारोबारी गिरफ्तार

हरिभूमि, जबलपुर।

शहर में अपराध और असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने के लिए पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के निर्देशन में शनिवार रात से रविवार तड़के तक जिलेभर में व्यापक कॉम्बिंग गश्त की गई। इस दौरान पुलिस ने वर्षों से फरार 284 वारंटियों की तामील कराए गए। वहीं अवैध शराब और हथियार कारोबारियों पर भी शिकंजा कसते हुए कई आरोपी पकड़े गए।



## वारंटियों की धरपकड़

कॉम्बिंग गश्त के दौरान पुलिस टीमों ने जिले के विभिन्न इलाकों में दबिश दी। कई वर्षों से फरार चल रहे 116 गैर-म्यादी वारंटियों, 101 गिरफ्तारी वारंटियों और 67 जमानती वारंटियों को तामील किया गया। पुलिस के मुताबिक, अधिकांश आरोपी लंबे समय से फरारी काट रहे थे और न्यायालय की कार्रवाई से बचते फिर रहे थे। सभी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## अवैध शराब कारोबार पर कार्रवाई

टीमों ने शराब कारोबारियों के ठिकानों पर छापेमारी करते हुए 30 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनके पास से 96 लीटर कच्ची शराब और 315 पाव देशी/विदेशी शराब जब्त की गई। पुलिस ने साफ किया है कि इस तरह के कारोबार में लिप्त लोगों के खिलाफ लगातार अभियान जारी रहेगा।

## अवैध हथियार के साथ आरोपी भी दबोचे

कॉम्बिंग गश्त में पुलिस ने चार आरोपियों को अवैध हथियार के साथ पकड़ा, जिनके पास से तीन चाकू और एक बका बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार, ये आरोपी शहर में वारदात की फिराक में घूम रहे थे।

## पूरी रात सर्च ऑपरेशन, संदिग्धों की चेकिंग

कॉम्बिंग गश्त के दौरान सक्रिय गुंडे-बदमाशों की रोकथाम की गई। देर रात सड़कों पर आने-जाने वालों से पूछताछ की गई और रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड व मुसाफिरखाना जैसे भीड़-भाड़ वाले इलाकों में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग की गई।

# स्कूटी सवार बदमाशों ने दो लोगों से मोबाइल लूटे

**जबलपुर।** मदन महल थाना अंतर्गत रेलवे कोच रेस्टारेंट के पास एक नामचीन होटल के कर्मचारी का मोबाईल लूटकर स्कूटी सवार तीन बदमाश फरार हो गये। इसी थाना क्षेत्र में लिंक रोड मदन महल में भी स्कूटी सवार लोगों ने एक अन्य युवक का मोबाईल लूटा।

मदनमहल पुलिस ने बताया की नवनिवेश कालोनी निवासी संतोष कुमार सिंगौर होटल नर्मदा जैक्शन से अपनी ड्यूटी समाप्त होने के बाद मोटर सायकल से घर लौट रहा था, रात 8 बजे रेलवे कोच रेस्टारेंट के पास उसके मोबाईल पर काल आया। उसने अपनी गाड़ी रोकी और बात करने लगा, इसी बीच स्लेटी रंग की स्कूटी में आए तीन युवक उसका मोबाईल लूट कर भाग गये। इसी प्रकार पीपी कालोनी ग्वारीघाट निवासी प्रदीप ठाकुर फोन पर बात करते हुये पैदल जा रहा था, तभी मदन महल लिंक रोड चंडीमाता मंदिर के पास पीछे से स्लेटी रंग की स्कूटी में तीन लड़के आये और उसका नोकिया कम्पनी का मोबाइल कीमती लगभग 15 हजार रूपये का झपटकर मदनमहल स्टेशन तरफ भाग गये। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 304(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

# कट्टा व चाकू अड़ाकर युवक की जेब से 50 हजार रुपये लूटे

**जबलपुर।** लार्डगंज थाना अंतर्गत शिव मंदिर कछपुरा में बैठे एक युवक को कट्टा और चाकू अड़ा कर दो बदमाशों ने



50 हजार रुपये लूट लिये और भाग गये। घटना के संबंध में लार्डगंज थाना से प्राप्त जानकारी के अनुसार कछपुरा निवासी राजेश पटेल निर्माणाधीन समदड़िया बिल्डिंग से काम करके घर लौटकर शिवमंदिर कछपुरा के पास बैठा था। तभी शाम 7.30 बजे आरोपी यश तिवारी और मुक्कू उर्फ मुकेश पटेल वहां पर आए और कट्टा व चाकू अड़ा कर बोले जितने पैसे हैं, निकाल कर दे दो, देने से मना किया तो यश तिवारी ने कट्टा अड़ा दिया तथा मक्कू पटेल ने चाकू अड़ाकर कहा कि जितने भी पैसे हो निकाल कर दो। मैने देने से मना किया तो दोनों ने पेंट के अंदर दायें तरफ गुप्त जेब में रखे 50 हजार रूपये जबरन निकालकर लूट लिये। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 309(4) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# फुफेरी बहन से बात करने के विवाद पर नाबालिग पर दोस्तों ने किया चाकू से हमला

**जबलपुर।** सामाजिक ताना बाना बिखर रहा है, छोटी उम्र में लड़के इश्कबाजी और चाकूबाजी कर रहे हैं। यह समाज के लिये अच्छा संकेत नहीं है।सोशल मीडिया कम उम्र के बच्चों को न केवल भ्रमित कर रहा है, बल्कि उन्हें अपराध जगत में भी ढकेल रहा है। ऐसी



ही एक वारदात कजरवारा नई रोड जाट पुलिया के पास हुई, जहां कक्षा आठवीं में पढ़ने वाले एक नाबालिग छात्र को उसके ही तीन नाबालिग दोस्तों ने फुफेरी बहन से बात करने पर नाराज होकर चाकू से प्राण घातक हमला कर दिया। घायल नाबालिग को इलाज के लिये विक्टोरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गोहलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गोहलपुर थाना क्षेत्र में रहने वाला 15 वर्षीय नाबालिग कक्षा आठवीं का छात्र है। 13 सितम्बर की रात 10 बजे उसके 17 वर्षीय कटंगा निवासी दोस्त ने फोन करके बुलाया। जहां दोस्त दो अन्य नाबालिगों के साथ मौजूद था। दोस्त ने कहा तेरे से मना किया था, मेरी बुआ की लड़की से बात मत करना। फिर भी तू नहीं मान रहा। इसी बात को लेकर तीनों उसके साथ गाली गलोज करने लगे, उसने गालियां देने से मना किया तो तीनों हाथ मुक्कों से मारपीट करने लगे। 17 वर्षिय लड़के ने चाकू से हमलाकर गले में चोट पहुचा दी उसके साथियों ने बीच बचाव किया तो तीनों जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। रिपोर्ट पर धारा 296, 109, 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

हाईकोर्ट ने केंद्र व राज्य सरकार से पूछा, नोटिस जारी

# एक ही जाति को कैसे मिल रहे दो दर्जे



**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट में एक याचिका दायर कर कहा गया है कि राज्य में कुम्हार(प्रजापति) जाति को अलग अलग जिलों में दो दर्जे दिए जा रहे हैं। कहीं अनुसूचित जाति (एससी) , तो कहीं अन्य पिछड़ा वर्ग में शामिल किया गया है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा एवं जस्टिसविनय सराफ की खण्डपीठ ने प्रारम्भिक सुनवाई के बाद केंद्र व राज्य सरकार सहित अन्य से इस विषय पर स्पष्टीकरण देने को कहा है। कोर्ट ने सभी को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब मांगा। राजीव नगर वार्ड, मोती नगर, जिला सागर निवासी विनोद प्रजापति की ओर से याचिका दायर की गई है। याचिकाकर्ता की ओर दे अधिवक्ता नित्यानंद मिश्रा ने अदालत के समक्ष गंभीर मुद्दा उठाते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में कुम्हार या प्रजापति जाति को लेकर भेदभावपूर्ण व्यवस्था लागू है। कुछ जिलों छतरपुर, दतिया, पन्ना, रीवा, सतना, शहडोल, सीधी, टीकमगढ़ में इस जाति को अनुसूचित जाति (एससी) का दर्जा दिया गया है, जबकि अन्य जिलों (जिसमें सागर भी शामिल है) में इन्हें अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी ) में रखा गया है। उन्होंने दलील दी कि एक ही जाति के लोगों को सिर्फ जिला बदलने पर अलग-अलग सामाजिक श्रेणियों में बांटना न सिर्फ अनुच्छेद 14, 15, 16 और 21 का उल्लंघन है , बल्कि यह लाखों लोगों के शिक्षा व रोजगार के अधिकारों का हनन भी है। अधिवक्ता मिश्रा ने कोर्ट से आग्रह किया कि इस असंवैधानिक व्यवस्था को खत्म कर पूरे मध्यप्रदेश में प्रजापति,कुम्हार जाति को समान रूप से अनुसूचित जाति (एससी ) का दर्जा दिलाया जाए। हाईकोर्ट ने प्रारंभिक सुनवाई के बाद केंद्र एवं राज्य सरकार से जवाब तलब कर लिया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240